वर्ष 73 » अंक 156 » पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 06 मार्च, 2026
चैत्र कृष्ण पक्ष 03, विक्रम संवत् 2082
नगर » मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

सच्ची ताकत परिस्थितियों को नियंत्रित करने में नहीं, बल्कि अपनी प्रतिक्रिया को संभालने में है।
–अज्ञात

# भारत फाइनल में: 253 रन बनाने के बावजूद सात रन से जीती टीम इंडिया

**मुंबई, जेएनएन।** डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने गुरुवार को आईसीसी टी-20 विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड को सात रन से हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बनाई। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में टॉस जीतने के बाद इग्लैंड ने गेंदबाजी चुनी। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने संजू सैमसन (89) की पारी की बदौलत 253 रन बनाए। यह टी-20 विश्व कप नॉकआउट का सबसे बड़ा स्कोर भी है। जवाब में इंग्लैंड की टीम जेकेब बेथेल (105) के शतक की मदद से सात विकेट खोकर 246 रन ही बना सकी। भारत अब लगातार दो बार टी-20 विश्व कप फाइनल में जाने वाली पहली टीम भी बन गई। 8 मार्च रविवार को भारत अब फाइनल में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा और टी-20 विश्व का खिताब बचाने वाली पहली टीम बनकर इतिहास रचने की कोशिश करेगा।

इस मैच में सबसे बड़ा अंतर भारतीय तेज गेंदबाद बुमराह ने ही पैदा किया और इस बात को मैच के बाद प्लेयर ऑफ द मैच संजू सैमसन ने भी स्वीकार किया। बुमराह ने पावरप्ले में एक ओवर डाला और उसी में हैरी ब्रूक (7) का बड़ा विकेट निकाल दिया। इसके बाद उन्होंने 16वां और 18वां ओवर डालते हुए केवल 14 रन खर्च किए। ये ओवर उस समय आए जब फुटबॉल की तरह गेंद को देख रहे बेथेल क्रीज पर मौजूद थे। बुमराह ने अपने चार ओवर में केवल 33 रन दिए और इकलौते गेंदबाज रहे, जिसकी इकॉनमी नौ से भी कम रही। आखिरी के ओवरों में गेंदबाजों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए मैच में वापसी की।

( विस्तृत खबर पेज-11 पर )

- अंतिम 3 ओवर में इंग्लैंड को 45 रन चाहिए। 18वें ओवर में बुमराह ने केवल छह रन देकर अपनी क्लास दिखाई।
- 19वें ओवर में हार्दिक पंड्या आए, जिन्होंने केवल नौ रन देकर सैम कुरेन का विकेट भी निकाल दिया।
- इंग्लैंड को 20वें ओवर में 30 रन की जरूरत थी और बेथेल दुबे की पहली गेंद पर दूसरा रन लेने दौड़े, रनआउट हो गए।



सेमीफाइनल के रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड को 7 रन से हराने के बाद भारतीय खेमा।

**34** छक्के इस मैच में लगे, जो पुरुष टी-20 विश्व कप के एक मैच में लगे सर्वाधिक छक्के हैं।

**77** छक्के भारत ने इस विश्व कप में अब तक लगाए हैं, जो किसी टीम द्वारा लगाए गए सबसे ज्यादा छक्के का नया रिकॉर्ड है। यह रिकॉर्ड शिवम दुबे के आदिल राशिद की एक ओवर में लगाए दो छक्कों के साथ पूरा हुआ।

**499** दोनों टीमों ने मिलकर 40 ओवरों में 499 रन बनाए (भारत 253/7 और इंग्लैंड 246/7), जो टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में एक उच्च स्कोरिंग मुकाबला रहा।

| प्लेयर ऑफ द मैच | रन | गेंद | चौके | छक्के |
|---|---|---|---|---|
| संजू सैमसन | 89 | 42 | 08 | 07 |



" फाइनल के लिए अहमदाबाद जाना खिलाड़ियों के लिए बेहद खास है। सैमसन को जब बल्लेबाजी के लिए उतरना था, तब उन्हें पूरी तरह पता था कि उन्हें क्या करना है। टीम को उनसे उसी प्रदर्शन की जरूरत थी और उन्होंने वैसा ही किया। मैंने ब्रूक से कहा था कि आपके खिलाफ हमें और कितने रन बनाने की जरूरत है। वे हमेशा मुकाबले में बने थे और लक्ष्य का पीछा भी अच्छी तरह कर रहे थे। लेकिन जिस तरह बुमराह, अर्शदीप और बाकी गेंदबाजों ने मैच को हमारी ओर मोड़ा, वह अविश्वसनीय था। मैच के दौरान मैं काफी नर्वस था, मेरी दिल की धड़कन शायद 160-175 के बीच रही होगी। जब हम मैदान में उतरे, तब स्टेडियम 80 प्रतिशत भर चुका था। उम्मीद है कि दर्शकों को अच्छा मैच दिया होगा।

\- **सूर्यकुमार यादव**, कप्तान, भारत

### बिहार में बड़ा राजनीतिक बदलाव, मुख्यमंत्री पद को लेकर असमंजस

# नीतीश ने भरा रास का नामांकन, नाराज कार्यकर्ताओं ने की कार्यालय में तोड़फोड़

**पटना, जेएनएन।** बिहार की राजनीति में गुरुवार को बड़ा घटनाक्रम देखने को मिला जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा सदस्यता के लिए नामांकन दाखिल कर दिया। इस फैसले के साथ ही राज्य की राजनीति में नई हलचल शुरू हो गई और यह चर्चा तेज हो गई कि क्या अब बिहार में नीतीश युग समाप्त होने जा रहा है।

नीतीश के राज्यसभा जाने की खबर से नाराज कार्यकर्ताओं का गुस्सा पार्टी कार्यालय पर भी फूट पड़ा। पटना स्थित जेडीयू कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया और तोड़फोड़ की। कुछ कार्यकर्ताओं ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ नारेबाजी भी की। स्थिति को देखते हुए जेडीयू कार्यालय का मुख्य गेट बंद कर दिया गया। इससे पहले गुरुवार सुबह नीतीश ने 'एक्स' पर पोस्ट कर राज्यसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की। उन्होंने लिखा, राजनीति में आने के बाद से ही इच्छा रही है कि वे विधानमंडल के दोनों सदनों के साथ संसद के भी दोनों सदनों के सदस्य बनें। उन्होंने कहा कि वे राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल कर रहे हैं और बिहार में बनने वाली नई सरकार को उनका पूरा सहयोग रहेगा।

(भाजपा का 'सरप्राइज कार्ड' बिहार में राजनीतिक उबाल: पेज-08)



### कार्यकर्ताओं की नाराजगी

राज्यसभा जाने की खबर सामने आते ही जेडीयू के कई कार्यकर्ता मुख्यमंत्री आवास पहुंच गए। उन्होंने नीतीश कुमार से फैसला वापस लेने की मांग की। कई समर्थक भावुक होकर रोते हुए दिखाई दिए। कार्यकर्ताओं का कहना था कि नीतीश कुमार बिहार की राजनीति का चेहरा हैं और उन्हें राज्य छोड़कर दिल्ली की राजनीति में नहीं जाना चाहिए।

**8 को जदयू में शामिल होंगे निशांत:** नीतीश के बेटे निशांत कुमार 8 मार्च को जेडीयू की सदस्यता ले सकते हैं। पहले उनकी ज्वाइनिंग गुरुवार को ही होने वाली थी और इसके लिए जेडीयू कार्यालय में कार्यकर्ताओं के लिए भोज की भी तैयारी की गई थी। लेकिन राज्यसभा नामांकन कार्यक्रम के कारण इसे टाल दिया गया।

### इस तरह शुरू हुआ घटनाक्रम

- गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर राज्यसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की।
- उन्होंने यह भी कहा कि वे राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल कर रहे हैं और बिहार में बनने वाली नई सरकार को उनका पूरा सहयोग रहेगा।
- इस पोस्ट के सामने आते ही राजनीतिक हलकों में यह चर्चा तेज हो गई कि अब बिहार में मुख्यमंत्री पद पर नया नेतृत्व सामने आ सकता है।

## हिमाचल में अनुराग शर्मा और महाराष्ट्र में पवार समेत 7 प्रत्याशियों का नामांकन

हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा के लिए कांग्रेस उम्मीदवार अनुराग शर्मा ने गुरुवार को नामांकन भरा। उन्होंने सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू की मौजूदगी में नॉमिनेशन फाइल किया। इससे पहले विधानसभा में ही सीएम ने कांग्रेस विधायक दल की मीटिंग ली। कांग्रेस ने सुबह ही शर्मा को हिमाचल से राज्यसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी बनाया है। हाईकमान ने 5 राज्यों में 6 उम्मीदवारों के साथ अनुराग के नाम की भी घोषणा की। वह, वर्तमान में कांग्रेस जिलाध्यक्ष हैं। राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन भरने का गुरुवार को आखिरी दिन है। महाराष्ट्र की सात सीटों के लिए महायुति के छह उम्मीदवारों और महा विकास अघाड़ी के शरद पवार ने नामांकन दाखिल किया। इधर, पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी के 4 उम्मीदवारों कोएल मल्लिक, मेनका गुरस्वामी, राजीव कुमार और बाबुल सुप्रियो ने आज अपना नामांकन दाखिल किया।




## संक्षिप्त खबरें

### 14 साल के लड़के की लिंचिंग, 11 गिरफ्तार

**बारीपदा, जेएनएन।** एक चौंकाने वाली घटना में सोमवार को मयूरभंज जिले के तिरिंग पुलिस लाइन के एक गांव में भीड़ ने कथित तौर पर बकरी चोरी के शक में 14 साल के लड़के की लिंचिंग करके हत्या कर दी। घटना में एक अन्य नाबालिग घायल है, जिसे भर्ती कराया गया है। मयूरभंज पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में चार गांवों से 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। मृतक संदीप बिंधानी, रायरंगपुर ग्रामीण पुलिस लाइन के भुटकबाड़ी गांव के राजकुमार बिंधानी का बेटा था। वह इंडोखोली ग्राम पंचायत के हीरोगोड़ा गांव में चाचा के साथ रह रहा था, जो तिरिंग पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आता है। यह इलाका बहलदा ब्लॉक का हिस्सा है। घायल नाबालिग की पहचान राकेश मोहंता के रूप में हुई है। उसे बारीपदा के रघुनाथ मुर्मू मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। सोमवार दोपहर स्थानीय लोगों ने हीरोगोड़ा गांव में बकरी चोरी के आरोप में दो नाबालिगों को पकड़ा था।

### एयरपोर्ट पर नमाज की इजाजत नहीं : हाई कोर्ट

**मुंबई, जेएनएन।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने गुरुवार को छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर मुस्लिम ड्राइवरों और यात्रियों को रमजान के कुछ समय के लिए भी नमाज पढ़ने की इजाजत देने से मना किया। साथ ही साफ किया कि वह किसी भी कीमत पर एयरपोर्ट की सिक्योरिटी से समझौता नहीं कर सकता और चाहे वह धर्म हो या कुछ और, कोर्ट सिर्फ सिक्योरिटी का पक्ष लेगा। जस्टिस बर्गेस कोलाबावाला व जस्टिस फिरदौस पूनीवाला की डिवीजन बेंच ने कहा कि एयरपोर्ट पर सभी धर्मों के लोग आते हैं। इसलिए हर यात्री की सिक्योरिटी, चाहे वह मुस्लिम हो या हिंदू या किसी और समुदाय का, सबसे जरूरी है। जस्टिस कोलाबावाला ने महाराष्ट्र सरकार की पेश की गई एक रिपोर्ट को पढ़ने के बाद कहा, हम (याचिकाओं को मंजूरी देने के लिए) तैयार नहीं हैं... चाहे वह धर्म हो या कुछ और, सुरक्षा सबसे जरूरी है... सभी धर्मों के लोग, चाहे वे हिंदू हों, मुस्लिम हों या कोई और... भले ही पास में कोई मस्जिद हो या न हो, हम आपको इजाज़त नहीं दे सकते।


# जलस्रोतों पर अतिक्रमण सख्ती से हटवाएं: सीएम

## जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर दिए निर्देश

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अधिकारियों से कहा है कि जल स्रोत्रों पर अतिक्रमण को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाए, उसे तत्काल हटाए। इसी तरह प्रदेश से निकली नदियों के उद्गम स्थलों को भी व्यवस्थित रूप से विकसित किया जाए और इसकी जानकारी राज्य सरकार स्तर पर भी भेजी जाए। उन्होंने कहा, अधिकारी जल गंगा संवर्धन अभियान के दौरान अपने जिलों के प्रभारी मंत्रियों के साथ रणनीति बनाकर काम करें और नवाचार को प्राथमिकता दें।

सीएम डॉ. यादव गुरुवार को मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कलेक्टर व अन्य अधिकारियों के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर चर्चा कर रहे थे। यह राज्य स्तरीय अभियान 19 मार्च से शुरू होगा। सीएम ने कहा, बीते वर्ष अभियान के बेहतर परिणाम आए थे, इसमें सबसे अहम बात जनभागीदारी थी। इस बार भी अधिकारी इस पर विशेष ध्यान दें कि अभियान में ज्यादा से ज्यादा आम लोगों को जोड़ा जाए। नदियों के उद्गम स्थलों को विकसित करने के साथ उनके आसपास सघन पौधारोपण कराया जाए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि कोशिश की जाए कि प्लास्टिक की बोतलों का कम से कम उपयोग हो। सार्वजनिक स्थलों पर सुगमता से स्वच्छ शीतल पेयजल उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में व्यक्तिगत पहल तथा सामुदायिक सहभागिता से प्याऊ लगाने की व्यवस्था को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता बताई। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिन जिलों में बेहतर नवाचार हुए हैं, वे अपने यह प्रयास अन्य जिलों से साझा करें तथा जिले परस्पर इस तरह के नवाचारों का आदान-प्रदान करें। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जल गंगा संवर्धन अभियान केवल पर्यावरण नहीं, विकास का आधार भी है।



### भोपाल में होगा अंतरराष्ट्रीय जल सम्मेलन

बैठक में बताया गया कि जल गंगा संवर्धन अभियान वर्ष प्रतिपदा 19 मार्च से आरंभ किया जाएगा। प्रदेश के सभी जिलों में विक्रम संवत् और पर्यावरण, जलीय संरचनाओं के संरक्षण व संवर्धन पर गतिविधियां संचालित होंगी। अभियान के तहत 23 से 24 मई तक भोपाल में अंतरराष्ट्रीय जल सम्मेलन होगा। 25 से 26 मई तक शिप्रा परिक्रमा यात्रा, 26 मई को गंगा दशहरा पर शिप्रा तट उज्जैन में महादेव नदी कथा, 30 मई से 7 जून तक भारत भवन भोपाल में सदानीरा समागम होगा। इसमें प्रदेश की कृषि भूमि के सैटेलाइट मैपिंग का लोकार्पण किया जाएगा।

## लिव-इन रिलेशनशिप कानूनी न होकर भी विवाह के समान: कोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले दो वयस्कों को पुलिस सुरक्षा देते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा,याचिकाकर्ताओं का लिव-इन रिलेशनशिप एक तरह से विवाह के समान है। हालांकि, कानूनी रूप से नहीं। न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी की पीठ ने कहा, भारत में विवाह तभी मान्यता प्राप्त है, जब यह दो सहमति देने वाले व्यक्तियों के बीच हो, फिर चाहे उनकी जाति, पंथ, रंग, धर्म या आस्था कुछ भी हो। कोर्ट ने कहा,लिव-इन में रहने वाले वयस्क पारिवारिक सदस्यों की धमकियों और हस्तक्षेप से पुलिस सुरक्षा पाने के हकदार हैं। कोर्ट ने दोहराया कि अनुच्छेद-19 व 21 के तहत जीवन साथी चुनने का अधिकार है। रिश्ते को मान्यता देने के लिए दोनों याचिकाकर्ताओं ने 17 फरवरी 2026 को अपनी मर्जी से एक लिव-इन रिलेशनशिप अनुबंध किया है। ऐसे में स्वजन से लेकर रिश्तेदार या दोस्त को ऐसे रिश्ते में दखल देने या धमकी देने का कोई अधिकार नहीं है।

**लिव-इन रिलेशनशिप पर दिल्ली हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी**

### बंगाल के राज्यपाल का इस्तीफा, आरएन रवि नए गवर्नर

# 7 राज्यों के राज्यपाल और दिल्ली व लद्दाख के उप राज्यपाल बदले

**नई दिल्ली, जेएनएन।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को 7 राज्यों और 2 केंद्रशासित प्रदेशों में नई नियुक्तियां कीं। प. बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने इस्तीफा दे दिया। उनकी जगह तमिलनाडु के गवर्नर रहे आरएन रवि को बंगाल भेजा गया है। उधर, लद्दाख के उपराज्यपाल कवींद्र गुप्ता ने भी इस्तीफा दिया। उन्हें हिमाचल प्रदेश का राज्यपाल बनाया गया है। लद्दाख में विनय कुमार सक्सेना को उपराज्यपाल बनाया गया है। उधर, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बोस के इस्तीफे पर हैरानी जताई। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री ने अभी मुझे सूचित किया है कि आरएन रवि को प.बंगाल का राज्यपाल नियुक्त किया जा रहा है। उन्होंने मुझसे राय नहीं ली है। ये केंद्र का एकतरफा फैसला है। बोस ने 23 नवंबर 2022 को बंगाल के राज्यपाल बने थे।



### विधेयकों को मंजूरी न देने के आरोप

राज्य सरकार ने आरोप लगाया कि राज्यपाल कई विधेयकों पर मंजूरी में देरी कर रहे हैं। ममता बनर्जी ने इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बाधा बताया था। राज्यपाल का पक्ष था कि विधेयकों की संवैधानिक जांच जरूरी है। इससे सरकार-राज्यपाल संबंध और तनावपूर्ण हुए। प. बंगाल लोकभवन से जुड़े सेक्शुअल हैरेसमेंट के आरोप सामने आए, जिस पर राज्य सरकार ने जांच और कार्रवाई की मांग की। राज्यपाल ने आरोपों को सिरे से खारिज किया और राजनीतिक दुर्भावना बताया।

# सौरभ की 100 करोड़ की संपत्ति जब्त करेगी सरकार

## एडजुडिकेटिंग अथॉरिटी ने लगाई मुहर, बेनामी विंग की कार्रवाई को ठहराया सही

**ह्यमुख्य संवाददाता, भोपाल।** आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल और आय से अधिक संपत्ति के मामले में जेल में बंद सौरभ शर्मा की 100 करोड़ की प्रॉपर्टी को सरकारी खजाने में जमा कराने की तैयारी शुरू हो गई है। इस मामले में आयकर सर्किल की बेनामी विंग ने कार्रवाई को सही ठहराया है। आयकर विभाग की मुंबई स्थित एडजुडिकेटिंग अथॉरिटी ने रिटायर्ड आरक्षक सौरभ शर्मा को ही 52 किलो सोने और 11.6 करोड़ रुपए नकदी का वास्तविक मालिक घोषित किया है, जबकि उसके सहयोगी चेतन सिंह गौर को बेनामीदार माना है। अथॉरिटी के इस फैसले के बाद फिलहाल आयकर विभाग के कब्जे में अटैच गोल्ड, कैश और अन्य संपत्तियों को राजसात करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह कार्रवाई बेनामी संपत्ति लेन-देन (निषेध) अधिनियम 1988 (पीबीपीटी एक्ट) की धारा 2(9)(ए) के तहत की गई है। इस मामले में आयकर विभाग की टीमों ने कई बार जाकर सौरभ, चेतन और शरद से पूछताछ की है। सौरभ ने इस जांच के दौरान वैन से मिले गोल्ड और कैश को अपना मानने से इनकार कर दिया। हालांकि, एडजुडिकेटिंग अथॉरिटी के फैसले के बाद अब सौरभ और चेतन के पास सीमित विकल्प बचे हैं। अब सौरभ और चेतन के पास इस फैसले के खिलाफ अपील करने का विकल्प बचा है। वे अपील करते हैं, तो मामले की दोबारा सुनवाई होगी। हालांकि, वे अपने बयान में जांच एजेंसियों को लिखकर दे चुके हैं कि यह सोना और कैश उनका नहीं है।

### इनोवा से मिला था सोना और कैश, छापे में प्रॉपर्टी भी मिली



दिसंबर 2024 में सबसे पहले लोकायुक्त पुलिस ने सौरभ शर्मा के ठिकानों पर रेड की थी। 18 और 19 दिसंबर 2024 की दरमियानी रात आयकर टीम को मेंडोरी इलाके में एक लावारिस इनोवा की सूचना मिली थी। पुलिस टीम के आयकर टीम यहां पहुंची तो सफेद रंग की इनोवा से 11 करोड़ नकद और 51.8 किलो सोना बरामद हुआ। चौंकाने वाली बात यह थी कि इस गाड़ी पर आरटीओ लिखी हुई लाल प्लेट लगी थी, ताकि जांच एजेंसियों को चकमा दिया जा सके। इसके बाद आयकर छापेमारी में सौरभ के घर से लगभग 3 करोड़ कैश के साथ ही करोड़ों की संपत्ति के दस्तावेज भी मिले। ये सभी बेनामी प्रॉपर्टी थीं। अगस्त 2025 में आयकर विभाग की बेनामी निषेध इकाई ने पीबीपीटी एक्ट के तहत इन संपत्तियों को अटैच किया था। इस बीच ईडी ने भी सौरभ के ठिकानों पर छापे मारे थे, जिसमें लगभग 200 करोड़ की अन्य संपत्तियों का भी खुलासा हुआ था।

**चंदा** — वर्ष 2024-25 में भाजपा को सबसे ज्यादा 6769.14 करोड़ आय

# कांग्रेस की 25% घटी, भाजपा की आय में 56% इजाफा

**नई दिल्ली,जेएनएन।** एडीआर ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राष्ट्रीय दलों की इनकम जारी की। रिपोर्ट के मुताबिक, भाजपा की आय 6,769.15 करोड़ है। 6 राष्ट्रीय पार्टियों की आय का 85 फीसदी हिस्सा अकेले भाजपा के पास है। भाजपा की इनकम पिछले साल के मुकाबले 55.95 फीसदी और कांग्रेस से करीब 7 गुना ज्यादा है। देश के 6 प्रमुख राष्ट्रीय दलों भाजपा, कांग्रेस, सीपीआई-एम, आप, बसपा और नेशनल पीपुल्स पार्टी की आय 7,960 करोड़ दर्ज की गई। पिछले साल की तुलना में राष्ट्रीय दलों की आय में 41.35 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। कांग्रेस की आय 2023-24 में 1,230.73 करोड़ थी, जो 2024-25 में 918.29 करोड़ रह गई। यह पिछले साल से करीब 25.39 फीसदी कम है। आप की कमाई में 73.20 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।




### चंदा और कूपन से सबसे ज्यादा कमाई

रिपोर्ट के मुताबिक राजनीतिक दलों के पास आने वाले पैसे का मुख्य स्रोत चंदा है। राष्ट्रीय पार्टियों की कुल आय का 85 फीसदी से ज्यादा यानी लगभग 6,772.53 करोड़, लोगों और संगठनों से मिले स्वैच्छिक चंदे से आया। इनमें भारतीय जनता पार्टी ने अपनी कुल आय का लगभग 90.48 फीसदी हिस्सा चंदे से जुटाया। दूसरी ओर, कांग्रेस ने चंदे के अलावा कूपन बेचकर भी अच्छी कमाई की, जिससे पार्टी को करीब 350.05 करोड़ मिले। वहीं, बसपा ने अपनी रिपोर्ट में चंदे से कोई आय नहीं दिखाई। पार्टी की पूरी कमाई बैंक ब्याज और अन्य निवेशों से होने की बात कही गई है।

### कांग्रेस ने 1111 करोड़ खर्च किए

पैसे खर्च करने के मामले में भी पार्टियों के बीच बड़ा अंतर दिखता है। छह राष्ट्रीय दलों ने मिलकर कुल ?4,710.27 करोड़ खर्च किए। इनमें भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव प्रचार और प्रशासनिक कामों पर 3,335.37 करोड़ खर्च किए, जो उसकी कुल आय का आधा भी नहीं है। वहीं, कांग्रेस की कमाई 918.29 करोड़ रही, लेकिन पार्टी ने कुल 1,111.95 करोड़ खर्च कर दिए। यानी कांग्रेस ने अपनी आय से करीब 193.66 करोड़ ज्यादा खर्च किया। सीपीआई-एम ने भी अपनी आय का करीब 84 फीसदी खर्च कर दिया। दूसरी तरफ, भाजपा और बसपा ने अपनी आय का बड़ा हिस्सा भविष्य के लिए बचाकर रखा है।

### रिपोर्ट जमा करने में भारी लापरवाही

चुनाव आयोग के निर्देशानुसार सभी दलों को अपनी ऑडिट रिपोर्ट 31 अक्टूबर 2025 तक जमा करनी थी। हालांकि, केवल बीएसपी, आप और एनपीईपी ने ही समय सीमा का पालन किया। भाजपा ने अपनी रिपोर्ट 56 दिन की देरी से और कांग्रेस ने 48 दिन की देरी से जमा की। सीपीआई-एम ने भी अपनी रिपोर्ट जमा करने में 18 दिनों का समय लिया।

# असम में वायुसेना का सुखोई जेट लापता, तलाश तेज

## दावा-कार्बी आंगलॉन्ग जिले में लोगों ने धमाका सुना


**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय वायु सेना का एक सुखोई एसयू-30 एमकेआई फाइटर जेट गुरुवार को असम में अचानक रडार से गायब हो गया। अधिकारियों के मुताबिक विमान से रडार संपर्क टूटने के बाद तुरंत स्थिति का पता लगाने के लिए खोज और जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक, 4.5 जेनरेशन का एयरक्राफ्ट सुखोई-30 जेट शाम करीब 7 बजे कार्बी आंगलॉन्ग जिले में लापता हुआ। दावा किया गया कि एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया है और वहां लोगों ने धमाका सुना है। हालांकि, आधिकारिक रूप से इस बात की पुष्टि नहीं हुई है। यह फाइटर जेट नियमित उड़ान या मिशन पर था, तभी अचानक उसका ग्राउंड कंट्रोल से संपर्क टूट गया। रडार से संपर्क समाप्त होने के बाद वायु सेना ने तुरंत अलर्ट जारी करते हुए घटना की जांच के लिए वायुसेना की टीम को असम रवाना किया है। भारतीय वायुसेना के अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल विमान की सटीक स्थिति और संपर्क टूटने की वजह का पता लगाया जा रहा है। फिलहाल वायु सेना की टीमें घटनास्थल का पता लगाने में जुटी हुई हैं। इलाके में खोज अभियान भी चलाया जा रहा है, ताकि विमान और उसमें सवार पायलटों के बारे में जानकारी मिल सके। सुखोई एसयू-30 एमकेआई भारतीय वायुसेना के सबसे उन्नत और ताकतवर लड़ाकू विमानों में से एक माना जाता है। यह दो इंजन वाला मल्टीरोल फाइटर जेट है, जिसका इस्तेमाल वायु रक्षा, लंबी दूरी की स्ट्राइक और निगरानी जैसे महत्वपूर्ण मिशनों में किया जाता है।



# होलिया मा उड़े रे गुलाल..., जमकर बरसा रंग







## जिले भर में रंग और उमंग के साथ उत्साह से मनाया गया होली का पर्व

### ढोलक व नगरिया की थाप पर मदमस्त रही फगुहारों की टोली

जागरण, रीवा

होली पर गली-मोहल्लों में, शहर से लेकर गांवों तक जमकर रंग बरसा और गुलाल उड़े। बड़े, बूढ़े, बच्चे, महिलाएं सभी के चेहरे होली के रंग में रंगे नजर आये। होलिका दहन की रात से ही शुरू हुए होली गीतों व फाग की बहार रही। धुरेड़ी की सुबह से फगुहारों की टोली रंग-अबीर उड़ाते हुए निकली, जो ढोलक व नगरिया की थाप पर मदमस्त थिरकते नजर आई। रंगों के त्योहार पर एक तरफ जहां रंग-गुलाल उड़े, वहीं दूसरी तरफ गीतों की थाप पर लोग देर रात तक मदमस्त रहे। होली का त्योहार बच्चे, बुजुर्ग, महिलाओं और युवतियों सभी ने मिलकर मनाया। हाथ में पिचकारी व गुलाल लिए गले मिलकर लोग एक-दूसरे को बधाई देते रहे। यह नजारा शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक एक-सा देखने को मिला। हालांकि इस बार होली में एक दिन का ग्रहण रहा। फिर लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। दो मार्च को होलिका दहन के बाद रंग नहीं खेला गया। 3 मार्च को ग्रहण के कारण रंग नहीं खेला गया लेकिन जैसे ही ग्रहण समाप्त हुआ चारों ओर नगरिया की आवाज गूंज उठी। फगुआ के मधुर स्वर सुनाई देने लगे। अगले दिन चार मार्च को दुगुने उत्साह में होली का जश्न मनाया। लोग उत्साह के साथ प्रेम को प्रकट करते हुए एक-दूसरे पर रंग, अबीर-गुलाल इत्यादि फेंकते हैं तथा ढोल बजाकर होली के गीत गाये जाते हैं।

### बुढ़वा मंगल तक रहेगा उल्लास

विशेष तौर पर होली राग-रंग अर्थात संगीत और रंग का त्योहार है। फाल्गुन में मनाए जाने के कारण होली को फाल्गुनी भी कहते हैं। होली का त्योहार बसंत पंचमी से ही आरंभ हो जाता है। उसी दिन पहली बार गुलाल उड़ाया जाता है। इस दिन से फाग और धमार का गाना प्रारंभ हो जाता है। खेतों में सरसों खिल उठती है। बाग-बगीचों में फूलों की आकर्षक छटा छा जाती है। पेड़-पौधे, पशु-पक्षी और मनुष्य सब उल्लास से परिपूर्ण हो जाते हैं। खेतों में गेहूं की बालियां इठलाने लगती हैं। इस तरह यह त्योहार रंग पंचमी और कई जगह बुढ़वा मंगल तक मनाया जाता है।

### पकवानों से महके घर-आंगन

होली के अवसर पर घर-घर पकवान बने, जिसका परिवार के लोगों व मेहमानों ने लुत्फ उठाया। माना जाता है कि गुझिया होली का प्रमुख पकवान है। शाम को लोग एक-दूसरे के घर होली मिलने जाते हैं, जहां उनका स्वागत गुझिया, मिठाई, नमकीन व ठंडाई से किया जाता है। होली के दिन आम्र मंजरी तथा चंदन को मिलाकर खाने का बड़ा महत्व है।

### घर-घर फगुआ जोहारने पहुंचे लोग

होली रंगों और हंसी-खुशी का त्योहार है, लेकिन अब होली के भी अनेक रूप देखने को मिल रहे हैं। प्राकृतिक रंगों के स्थान पर रासायनिक रंगों का प्रचलन, भांग-ठंडाई की जगह नशेबाजी और लोक संगीत की जगह फिल्मी गानों के प्रचलन से होली का आधुनिक रूप देखने को मिल रहा है। शहर से लेकर आंचलिक बाजारों में भी होली का यह रूप देखने का मिला, जिसमें सभी लोग मगन रहे। फिर भी बहुत से पुराने लोगों ने परम्परागत ढंग से ही होली खेली और फगुआ जोहारने अपने परिचितों के घर पहुंचते रहे।

### भांग-ठंडाई की भी व्यवस्था की

शहर के देवालयों के साथ ग्राम्यांचल में भी मंदिरों में भगवान को रंग चढ़ाकर पूजा-अर्चना की गई। ग्राम मढ़ी, बहुरीबांध, अटरिया, करहिया आदि क्षेत्रों में भगवान को रंग अर्पित कर फाग गीतों का गायन कर ग्रामवासियों ने होली पर्व की बधाई दी। इसके बाद भगवान को भोग अर्पित कर प्रसाद का वितरण किया गया। कुछ लोगों ने तो भांग-ठंडाई की भी व्यवस्था की थी। युवाओं के समूह डीजे लगाकर नृत्य के साथ ही रंग उत्सव का आनंद लेते नजर आए। कहीं-कहीं रंग में भंग देखने को मिला। मदिरा दुकानें बंद होने के बावजूद इसका सेवन करने वालों ने पहले से ही व्यवस्था कर रखी थी।



## उप मुख्यमंत्री के निवास पर हुआ होली मिलन

रीवा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल होली महापर्व पर अपनों के संग होली के रंग में रंगे रहे। उन्होंने सभी से आत्मीयता से मिलते हुए होली की शुभकामना दी तथा लोगों ने भी उप मुख्यमंत्री को अबीर-गुलाल लगाया। उप मुख्यमंत्री के अमहिया निवास में होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने स्थानीयजनों के साथ होली खेलते हुए फाग का गायन किया तथा फाग गायन के दौरान बजाये जाने वाले परंपरागत वाद्य नगरिया का वादन भी किया।

## रंग और फाग में मस्त रहे लोग



धुरेड़ी के दिन शहर भर में लोग रंगों के उल्लास में मस्त रहे। सिंधी चौराहा, अशोक के पेड़ के पास, किला मार्ग, उपरहटी में होली की मस्ती लोगों को चढ़ी रही। लोग नाचते-गाते रंग-गुलाल उड़ाते रहे। वहीं छतों व बालकनी में चढ़े बच्चे पिचकारी से लोगों को भिगोकर मजे लेने में मशगूल रहे। ऐसा ही नजारा पुलिस लाइन, बजरंग नगर, चिरहुला कॉलोनी, नेहरू नगर सहित सभी गली-मोहल्लों में देखने को मिला। इन सभी जगहों पर सामूहिक फाग गायन का आयोजन भी कराया गया।



## पुलिस देती रही पहरा

सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन ने इस बार बेहद सख्त रुख अख्तियार किया था। शहर के प्रमुख चौराहों पर बैरिकेडिंग की गई थी, ताकि हुड़दंगियों पर लगाम कसी जा सके। दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठाकर घूमने वाले युवकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस ने नियम तोड़ने वाले वाहन समझाइश देकर छोड़ा। होली के कारण बाजार पूरी तरह बंद थे। इसके अलावा शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की गई और कई वाहन जब्त किए गए। पुलिस की यह सघन चेकिंग देर रात तक जारी रही ताकि पिछले वर्षों की तरह होने वाली सड़क दुर्घटनाओं और आपसी विवादों को रोका जा सके।

## रंगों की मस्ती में डीजे की धुन पर थिरकते रहे



शुक्रवार को होली खेलने के साथ ही शनिवार को भी होली का उत्साह कम नहीं हुआ। शनिवार को भी युवाओं की टोलियां रंग, गुलाल के सराबोर रहीं। डीजे की धुन पर लोग रंगों की मस्ती में थिरकते रहे। शनिवार को भी दोपहर तक रंग खेलने वालों का मजमा जमा रहा। लोग एक-दूसरे को रंग लगाकर पर्व की बधाई देते रहे, वहीं युवाओं की टोली ने सड़क से निकल रहे लोगों को भी रोककर रंगने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

# आटिका प्रसाद के लिए उमड़ी भीड़

## भारी संख्या में भक्तों ने कढ़ी-भात का ग्रहण किया प्रसाद

रीवा शहर के बिछिया मोहल्ले में स्थित प्रसिद्ध भगवान जगन्नाथ मंदिर में होली के अवसर पर आटिका प्रसाद की प्राचीन परंपरा इस वर्ष भी पूरे हर्षोल्लास के साथ निभाई गई। मंदिर के पुजारी पं. नरेंद्र द्विवेदी ने बताया कि मंदिर में होलिका दहन 2 मार्च की रात्रि को आयोजित किया। 3 मार्च को पूर्ण चंद्र ग्रहण के कारण मंदिर के कपाट बंद रहे और 4 मार्च को सुबह 11 बजे भगवान जगन्नाथ जी को आटिका प्रसाद के रूप में कढ़ी-भात का भोग लगाया गया और भक्तों में वितरित किया गया। भारी संख्या में लोगों ने मंदिर में पहुंच कर आटिका प्रसाद ग्रहण किया। आटिका महाप्रसाद भंडारे में रीवा के अलावा सतना, सीधी, सिंगरौली और पन्ना जिलों से हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे। भक्त अपनी श्रद्धा अनुसार अन्य प्रसाद जैसे खीर, मालपुआ आदि भी चढ़ा सकते हैं। यह परंपरा रीवा राजघराने से जुड़ी हुई है और महाराजा भाव सिंह जू देव के समय से चली आ रही है।



# भाइयों को मीठा खिलाकर बहनों ने दिया आशीर्वाद

## की गोवर्धन पूजा, मनाया भाईदूज का पर्व



**रीवा।** गोवर्धन पूजा व भाईदूज का पर्व परंपरागत रूप से शहर में गुरुवार को मनाया गया। बहनों ने भाइयों की आरती कर उनके माथे पर तिलक लगाया और मीठा खिलाकर उन्हें आशीर्वाद दिया। भाइयों ने भी भाईदूज के त्योहार पर बहनों को स्नेह जताकर उन्हें शुभकामना दी। ज्ञात हो कि होली के अवसर पर पड़ने वाली द्वितीया पर जहां बहनें भाइयों की मंगल कामना के लिए तिलक लगाती हैं, वहीं इसी अवसर पर होली मिलन समारोह भी आयोजित किया जाता है। भाईदूज पर बहन और भाई के प्रेम के साथ होली का उल्लास भी देखने को मिला। जिलेभर में होली के एक दिन बाद होने वाले इस पर्व को बड़े ही प्रेम से लोग मनाते हैं। इस बार भी यही नजारा घर-घर में देखने को मिला। कई बहनों की फरमाइश में भी भाइयों को पूरी करनी पड़ी। भाईदूज के इस पावन त्योहार को सभी अमीर-गरीब परिवार ने अपने-अपने ढंग से उल्लासपूर्वक मनाया, जिसमें भाई-बहन के बीच प्रेम और स्नेह का बंधन और अटूट हो गया।



# खाकी पर चढ़ा फागुन का रंग, पुलिस लाइन में जमकर थिरके अधिकारी और जवान

**जागरण, रीवा।** जिले भर में शांतिपूर्ण ढंग से होली संपन्न कराने के बाद, गुरुवार को रीवा पुलिस ने पूरे उत्साह के साथ रंगोत्सव पर्व मनाया। पुलिस लाइन में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के आला अधिकारियों से लेकर आरक्षक स्तर तक के जवानों ने आपसी भेदभाव भुलाकर रंगों की मस्ती में सराबोर होकर एक-दूसरे को बधाई दी। इस दौरान पुलिस अधिकारियों का अनूठा अंदाज देखने को मिला। पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा और आरती सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक राजीव पाठक, रीतू उपाध्याय, रक्षित निरीक्षक, जिले भर के थाना प्रभारी तथा जवानों के साथ मिलकर फूलों और गुलाल की होली खेली। अधिकारियों को अपने बीच पाकर जवानों का उत्साह दोगुना हो गया। नगाड़ों और डीजे की धुन पर पुलिस अधिकारी और थाना प्रभारी गण अपने आप को थिरकने से नहीं रोक पाए। फाग गीतों और होली के गानों पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने जमकर डांस किया। पुलिस अधीक्षक ने इस अवसर पर कहा कि पुलिसकर्मी साल भर तनावपूर्ण परिस्थितियों में काम करते हैं। ऐसे आयोजन न केवल मनोरंजन करते हैं, बल्कि टीम भावना और आपसी विश्वास को भी मजबूत करते हैं। होली मिलन समारोह के दौरान पुलिसकर्मियों ने पारंपरिक पकवानों का भी लुत्फ उठाया।

# अमहिया मार्ग के चिन्हित अतिक्रमणकारियों को गिराने का नोटिस मिलने से खलबली

## सिरमौर चौराहे से अस्पताल चौराहे तक किया जाना है सड़क का चौड़ीकरण




**जागरण, रीवा।** अमहिया मार्ग के चौड़ीकरण के लिए गठित की गई संयुक्त टीम द्वारा सिरमौर चौराहा से अस्पताल चौराहा तक चिन्हित किये गये 165 अतिक्रमणकारियों को गिराने का नोटिस दे दिया गया है। नोटिस मिलने के बाद अतिक्रमणकारियो में खलबली मच गई है। इस मार्ग पर कभी भी अतिक्रमण गिराने की कार्यवाही की जा सकती है। इस मार्ग के चोड़ीकरण केलिए पिछले दिनों सड़क की नापजोख की गई थी और नापजोख के बाद अतिक्रमणकारियों की सूची तैयार कर ली गई है। संयुक्त टीम द्वारा राजस्व रिकार्डों के अनुसार की गई इस नाप में कई जगह 5-6 मीटर तक कब्जा पाया गया है। राजस्व रिकार्ड के मुताबिक सिरमौर चौराहा से लेकर अमहिया नाले तक सड़क की चौड़ाई 18 मीटर दर्ज है। इसके बाद गोस्वामी एक्सरे से लेकर गुरुद्वारा तक इस सड़क की चौड़ाई राजस्व नक्शे में 22 मीटर से लेकर 28 मीटर तक दर्ज है। इसके अलावा गुरुद्वारा से लेकर अस्पताल चौराहा तक सड़क की चौड़ाई 18 मीटर नक्शे में दर्ज है। नापजोख के दौरान यह बात भी सामने आई कि कई दुकानदारों द्वारा 5-6 मीटर तक सड़क की जमीन पर कब्जा किया गया है। नापजोख के दौरान सुपर स्पेशिलियटी अस्पताल के सामने की सभी दुकाने अतिक्रमण में पाई गई है। छोटी दरगाह परिसर में निर्मित दुकानों भी 5 फिट बढ़ाकर बनाई गई हैं। इसके अलावा अमहिया मोड़ के पास तिराहे में सर्वाधिक अतिक्रमण पाया गया है। कलेक्टर के आदेश पर सिरमौर चौराहे से अस्पताल चौराहे तक सड़क विस्तारीकरण के लिए अतिक्रमण टूटना तय हो गया है।

### अतिक्रमणकारियों की सूची को लेकर विवाद

सिरमौर चौराहा से अस्पताल चौराहा तक चिन्हित किये गये अतिक्रमणकारियों की भी समझ में आ चुका है कि अंततः उन्हें खाली करना ही पड़ेगा। लिहाजा अब अतिक्रमण करने वाले एवं अतिक्रमित जमीन में दुकानों एवं मकानों को खरीदने वाले लोग सूची में अपना नाम होने की पुष्टि करने में लगे हुए हैं। चिन्हित की गई अतिक्रमण की कई दुकानो को खरीदा एवं बेचा जा चुका हे जिससे अब उन दुकानो के मालिकान मालिकान बदल गये है लेकिन सूची में उनका नाम नही हैं। ऐसे लोग अब सूची में अपना नाम जोड़वाने के लिए तहसील एवं नगर निगम कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। इसी वजह है कि अगर इनका मुआवजा आदि मिलने की बारी आई तो वे इससे वंचित हो सकते हैं। कुछ ऐसे भी मकान एवं दुकान मालिक है जिन्होंने दुकाने बेंचने के बाद भी सूची में अपना नाम लिखवा लिया है।

### सूची में नाम जोड़वाने के लिए भटक रहे लोग

फोर्ट रोड निवासी राजेन्द्र गुप्ता ने नगर निगम एवं तहसील कार्यालय में आवेदन देकर अतिक्रमणकारियों की सूची में अपना नाम जोड़वाने के लिए भटक रहे है। उन्होंने बताया कि अमहिया स्थित नजूल प्लाट नं. 3550 में 123 बर्ग मीटर का अंश रकबा अमरेन्द्रपाल सिंह एवं छोटेलाल सिंह से खरीदा था। इसके रिकार्ड भी उनके पास है और इसमे नीचे दुकान एवं ऊपर गोदाम बना हुआ है। लेकिन नापजोख के बाद बनाई गई अतिक्रमणकारियों की सूची से उनका नाम गायब कर दिया गया है। उनके नाम की नोटिस भी जारी नहीं की गई है। इसके लिए वे तहसील एवं नगर निगम कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं लेकिन उन्हें नोटिस नही दी जा रही है।




# कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश

## उप मुख्यमंत्री ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने न्यू सर्किट हाउस राजनिवास में आयोजित बैठक में विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने हिनौती गौधाम में 25 हजार गौवंश के संरक्षण के लिये शेड निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि शेड निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो तथा समय सीमा में पूरा हो। उन्होंने बाउण्ड्रीबाल निर्माण सहित शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। रीवा एयरपोर्ट के विस्तारीकरण कार्य में सभी औपचारिकताओं की पूर्ति सुनिश्चित कराकर कार्य को गति देने के निर्देश उप मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये। बैठक में अजगरहा से इटहा, नीम चौराहा से मनकहरी तथा गड्डी रोड के निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान अद्यतन स्थिति की उप मुख्यमंत्री ने जानकारी ली। उन्होंने सभी तालाब के रखरखाव तथा उसके उन्नयन एवं चिरहुला मंदिर मार्ग विकास व परिसर विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल, आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, एसडीएम सिरमौर दृष्टि जायसवाल, एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# होली पर पड़ा साल का पहला चन्द्र ग्रहण, मंदिरों के बंद रहे कपाट





**जागरण, रीवा।** साल का पहला चंद्र ग्रहण 3 मार्च को रंगों के उत्सव के बीच पड़ा। इस खगोलीय घटना के कारण होलिका दहन में विघ्न पड़ा और इस दौरान मंदिरों के पट रहे। चन्द्र ग्रहण 3 मार्च को शाम 6.17 बजे से शुरू हुआ भारत समेत दुनिया के कई हिस्सों में दिखाई दिया। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार मेष से मीन राशि तक इसका प्रभाव रहा। इन राशियों के लोग ग्रहण के दौरान घरों में कैद रहे। सूतक काल का समय और ग्रहण के दौरान लोगों ने जरूरी सावधानियां बरती। रंगों के बीच ग्रहण का संयोग कई लोगों के मन में डर और असमंजस पैदा कर रहा था। इस ग्रहण से होली की खुशियां अवश्य फीकी पड़ी लेकिन इसके बावजूद उत्साह के साथ होली मनाई गई। भारतीय समय के अनुसार यह चंद्र ग्रहण शाम 6 बजकर 17 मिनट पर शुरू हुआ। यह ग्रहण पूर्वी एशिया, ऑस्ट्रेलिया, प्रशांत महासागर, अमेरिका और संपूर्ण भारतवर्ष में दिखाई दिया। चूंकि यह ग्रहण मुख्य रूप से भारत में दृश्यमान था। इसलिए इसका सूतक काल और धार्मिक प्रभाव ग्रहण की अवधि के दौरान रहा और देर रात यह समाप्त हुआ।

**चंद्र ग्रहण के दौरान बरती सावधानियां :** ग्रहण के दौरान इसके प्रभाव से बचने के लिए लोगों ने स्नान कर भगवान केध्यान में लगे रहे। घरों में पूजा स्थल पर दीपक जला रख दिया और मंत्र जाप, राम नाम या महामृत्युंजय मंत्र का जाप करते रहे। गर्भवती महिलाओं ने विशेष सावधानी बरती वे घरों से बाहर नहीं निकली। ग्रहण समाप्त होने के बाद दोबारा स्नान करके और घर में गंगाजल का छिड़काव करके तन एवं मन को शुद्ध किया।

आयुष्मान में निःशुल्क एवं कैशलेश ईलाज की सुविधा उपलब्ध
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत PM-JAY
कीमोथेरेपी | शिशु रोग विभाग | पथरी का ऑपरेशन
हड्डी का ऑपरेशन | कैंसर का ऑपरेशन | प्लास्टिक सर्जरी
जनरल सर्जरी | आकस्मिक सुविधा | यूरो सर्जरी
जबड़े का फ्रैक्चर
नेशनल हॉस्पिटल, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें- 18008890620, 8608600604 7566831551

# भारत के फाइनल में प्रवेश पर खेल प्रेमियों ने मनाया जश्न





## की अतिशबाजी, फोड़े पटाखे

**जागरण, रीवा।** आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में पहुंचने पर खेल प्रेमियों ने भारत की जीत पर जमकर जश्न मनाया। भारत ने यह मुकाबला 7 रनों से जीत लिया। इस जीत के साथ भारत की टीम टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में पहुंच गई। खेल प्रेमी इस रोमांचक मुकाबले को देखने अंत तक डटे रहे, जगह-जगह खेल प्रेमियों ने मैच देखने की व्यवस्था की थी। सभी लोग टीवी व मोबाइल में मैच देखने स्क्रीन में आखें गड़ाए रहे। शिल्पी प्लाजा में कई दुकानों पर लोग सामूहिक रूप से मैच देखने जमा रहे, इसी प्रकार सिरमौर चौराहा, अमहिया रोड, अस्पताल चौराहा, कॉलेज चौराहा, बस स्टैंड, ढेकहा मैदानी, करहिया, आदि स्थानों पर सिर्फ मैच की ही बात चलती रही। हर गेंद पर कहीं विकेट, कोई छह रन तो कोई चार रन बनने की बात करता रहा। मैच देखने वालों के साथ ही मैच का स्कोर जानने वाले भी बीच-बीच में आकर मैच का स्कोर पूछकर चले जाते और अपने काम में लग जाते। कहीं युवाओं का समूह तो कहीं बच्चों से लेकर बुजूर्ग तक मैच का आनंद उठाते देखे गए। भारत की जीत होते ही खेल प्रेमियों ने जमकर जश्न मनाया, किसी ने आतिशबाजी की तो किसी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर भारत की जीत का जश्न मनाया।




# होली के हुड़दंग में खलल डालने पर गोरगांव में पुलिस की पिटाई

**जागरण, रीवा।** होली के हुड़दंग में अचानक गोरगांव पहुंची रायपुर कर्चुलियान थाना पुलिस की टीम पर लोगों ने हमला कर दो पुलिस कर्मियों को घायल कर दिया। बताया गया है कि थानाप्रभारी की लापरवाही से यह घटना हुई है। घटना के बाद पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में ले लिया है। घायल पुलिस कर्मियों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। बताया गया है कि पुलिस पार्टी में स्वयं थाना प्रभारी भी शामिल रहे। पुलिस ने मामले में आपराधिक प्रकरण कायम कर लिया है। बताया गया है कि बुधवार की दोपहर करीब 2 बजे के आसापास रायपुर कर्चु.थाना प्रभारी पुलिसकर्मियों के साथ सरकारी वाहन में क्षेत्र भ्रमण कर रहे थे। पुलिस की गाड़ी जैसे ही गोरगांव के समीप पहुंची तभी एक बाइक में सवार तीन लोगों पर पुलिस की नजर पड़ी। पुलिस ने उन्हें रोक लिया। पूछताछ और तलाशी के दौरान युवकों ने घर जाने की बात कही तो थाना प्रभारी ने युवकों पर गालियों की बौछार शुरू कर दी। इसको लेकर पुलिस और बाइक सवारों के बीच नोकझोक शुरू हो गयी। दोनों के बीच काफी देर तक बहस चलती रही।

इस दौरान गांव के पटेल समुदाय के लोग एकत्रित हो गये। कुछ नशे में तो कुछ पुलिस पर भड़ास निकालने के लिये सामने आ गये। बात बढ़ने पर गांव के लोग लाठी डंडा लेकर थाना प्रभारी समेत पुलिस पार्टी पर हमला बोल दिया और पुलिस कर्मियों को खदेड़ लिया। इस बीच थाने के दो पुलिसकर्मी जख्मी हो गये। थाना प्रभारी की सूचना पर थाने से अतिरिक्त बल मौके पर पहुंचा और मामले को शांत कराया। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के विरुद्ध अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर दो लोगों को हिरासत में लिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पुलिस पर हुए इस हमले की वजह थानाप्रभारी की लापरवाही बतायी जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और अपनी नाकामी छिपाने के लिए कितनों को बलि का बकरा बनाती है यह देखना दिलचस्प होगा।

# आग में जलने से विवाहिता की मौत

**● मायके पक्ष के लोगों ने पति पर लगाए गंभीर आरोप**

**● गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के मड़वा बांसा जमुनिया टोला की घटना**

**जागरण, रीवा।** गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मड़वा बांसा के जमुनिया टोला में एक विवाहित महिला की आग में जलने से मौत हो गई। महिला को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए संजय गांधी अस्पाताल की बर्न यूनिट में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। महिला के मायके पक्ष के लोगों ने पति पर हत्या का अरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। गोविंदगढ़ पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच कर रही है। घटना के संबंध में मृतका सपना साकेत के भाई ललन साकेत ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात्रि तकरीबन 11 बजे उसका जीजा चूड़ामणि साकेत शराब के नशे में कुछ लोगों के साथ आया और घर के अंदर घुसने लगा। जिसका विरोध बहन ने किया तो जीजा ने पहले बहन के साथ मारपीट की और उसके बाद घर में आग लगा दी। जिसके चलते उसकी बहन बुरी तरह से झुलस गई। गंभीर रूप से घायल महिला को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई। वहीं घटना के दौरान उसका जीजा भी झुलस गया है जिसका उपचार अस्पताल में जारी है। मृतका के भाई ने आरोप लगाया कि नशे की हालत में उसकी बहन के पति ने आग लगा दी जिससे उसकी बहन की जान चली गई। फिलहाल गोविंदगढ़ पुलिस मार्ग कायम कर पूरे मामले की जांच में लगी हुई है।

## तीन समूह की दुकानों से फिर ठेकेदारों की दूरी

# द्वितीय चरण में आए दो समूहों के लिए पांच टेंडर, तकनीकी कारण से नहीं खुले रेट

**आज होगा रेट का खुलासा, कल तृतीय चरण में लगेगी बोली**





जागरण,रीवा

प्रदेश की नई आबकारी नीति 2026-27 के तहत रीवा और मऊगंज जिले की 77 कम्पोजिट शराब दुकानों का आवंटन ई-टेंडर और ई-ऑक्शन के माध्यम से किया जा रहा है। प्रकिया टेंडर के तहत 27 फरवरी से शुरू हो चुकी है। पहले चरण में तीन बैच में यह प्रक्रिया 7 मार्च तक चलेगी। शराब के एकाधिकार को रोकने के लिए इस बार जिले में शराब बिक्री का जिम्मा किसी एक ठेकेदार को सौंपने की जगह अलग-अलग लोगों के लिए दिया जाएगा। हालांकि सरकार की इस पॉलिसी से फिलहाल ठेकेदारों ने दूरी ही बना रखी है। प्रथम चरण में पहली बोली में इटौरा समूह और यातायात नगर समूह पुराने ठेकेदार को ही मिल गए जबकि सिरमौर चौराहा और सेमरिया के लिए कोई टेंडर नहीं आए। वहीं दूसरे चरण में गुरुवार को दो समूहों के लिए पांच ठेकेदारों ने बोली लगाई है। हालांकि तकनीकी कारणों से किसे यह ठेका मिले इसका खुलासा नहीं हो सका और आज टेंडर खोले जाएंगे। हैरानी की बात है कि इस एक बार फिर तीन समूहों के लिए ठेकेदारों ने टेंडर ही नहीं डाले।

### देवतालाब, बैकुंठपुर व डभौरा समूह से दूरी

जिले की शराब दुकानों को 4 से 5 के छोटे समूहों में बांटकर नीलामी की जा रही है। इस बार अलग-अलग समूहों में टेंडर किए जा रहे हैं। गुरुवार को पांच समूहों के लिए टेंडर किए गए जिसमें समान नाका समूह में 2 ओपन बिड व एक लिफाफा पर बोली लगाई गई। वहीं बरौली समूह में 2 टेंडर आए हैं। इसके अलावा देवतालाब, बैकुंठपुर व डभौरा समूह में किसी ठेकेदार ने बोली ही नहीं लगाई। आज समान और बरौली समूह के लिए रेट खोले जाएंगे।

### ऐसे चल रही प्रक्रिया

ई-टेंडर एवं ई-ऑक्शन प्रथम बैच में 27 फरवरी से 2 मार्च तक हुआ। इसके बाद 3 मार्च से 5 मार्च तक दूसरे बैच और फिर पहले चरण के तीसरे बैच की प्रक्रिया 6 और 7 मार्च को पूरी होगी। आबकारी अधिकारियों की माने तो मध्यप्रदेश राजपत्र क्रमांक 45 में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार एक साथ टेंडर होने की व्यवस्था समाप्त कर इस बार अलग-अलग समूहों में टेंडर किए जा रहे हैं। आवेदकों को ई-आबकारी पोर्टल पर कांट्रेक्टर मॉड्यूल के तहत पंजीकरण अनिवार्य है। इसके लिए पैन कार्ड, जीएसटी, बैंक खाता विवरण, पहचान पत्र और शपथ-पत्र अपलोड कर आवेदन करना होगा।

# रेवांचल बस स्टैण्ड के अंदर बसों के खड़े होने की जगह पर लग रहे ठेले

**बसस्टैण्ड के बाहर सड़कों पर भी पसरा है अतिक्रमण**



**जागरण, रीवा।** शहर के सबसे पुराने रेवांचल बसस्टैण्ड में ठेलों की धमाचौकड़ी और दुकानदारों ने अतिक्रमण कर पूरी व्यवस्था बिगाड़ रखी है। बसस्टैण्ड के बाहर सड़कों पर तो अतिक्रमण पसरा ही है लेकिन बसस्टैण्ड के अंदर का भी हाल बेहाल है। बसस्टैण्ड के अंदर बसों को खड़ा करने के खांचे पर ठेलों की बाजार लगी रहती है और बसें बाहर सड़क पर सवारियां भरने को मजबूर हैं। रेवांचल बसस्टैण्ड के भीतर ठेलों के कारण कई यात्री बसे बाहर सड़क पर खड़ी होकर सवारियां भरती हैं। बस संचालक भी ठेलों की मानमानी से परेशान होकर रह गये हैं। इन ठेलों के कारण बसों को तो सवारियां भरने में परेशानियों का सामना पड़ता ही है साथ ही बसस्टैण्ड के अंदर दुकानदार भी परेशान हो रहे हैं। दुकानों के सामने तक ठेले लगाकर कारोबार किया जा रहा है। नगर निगम का अतिक्रमण उड़नदस्ता बसस्टैण्ड में साल में दो-चार बार ही अधिकारियों के सख्त निर्देश होने के बाद मजबूरी में कार्यवाही करता है। बसस्टैण्ड के अंदर अव्यवस्था का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पुलिस चौकी के सामने ठेले लगे रहते हैं। बसस्टैण्ड में अव्यवस्था फैलने से रोकने के मकसद से ही पुलिस चौकी की स्थापना की गई थी लेकिन चौकी में तैनात पुलिस वालों का इस अव्यवस्था से कोई लेना देना नहीं रहता है। पुलिस चौकी खुली अवश्य रहती है लेकिन उसमे कोई रहता नहीं है। बसस्टैण्ड में यात्रियों की सुविधा के लिए बनाये गये प्रतीक्षालय का भी यही हाल है। प्रतीक्षालय में व्याप्त गंदगी देखकर लगता है कि यहां पर सफाई कभी नहीं की जाती है। प्रतीक्षालय में भी दुकानें सजी रहती हैं। समूचा बसस्टैण्ड अव्यवस्था का शिकार होकर रह गया है।

### सड़कों पर सवारियां भरने को मजबूर बसें

रेवांचल बसस्टैण्ड के भीतर अतिक्रमण और ठेलों के कारण बसें बाहर सड़कों पर खड़ा कर सवारियां भरने को मजबूर हैं। बसों के कई खाचों में अतिक्रमण कर कब्जा कर लिया गया है। इसके अलावा कई खांचे जबर्दस्ती का रास्ता बनाने के चक्कर में समाप्त कर दिये गये हैं। रेवांचल बसस्टैण्ड के निर्माण के समय भी बाहर बसें खड़ी होती रही हैं लेकिन पहले वहीं बसें खड़ी होती थी जो बाहर से आती थी और रेवांचल बसस्टैण्ड में खुली ट्रावेल्स एजेंसियों के माध्यम से रीवा से जाने वाली सवारियां भरती थी। किन्तु जैसे-जैसे विभिन्न मार्गो पर ट्रेनों की सुविधा बढ़ती गई यह धंधा सिमटता गया। वर्तमान में अब कुछ ही बसों का संचालन ट्रावेल्स एजेंसियों के माध्यम से होता है। इनमे कई एजेंसिया नये बसस्टैण्ड में चली गई हैं।

### शाम ढलते ही हो जाता है असामाजिक तत्वों का राज

रेवांचल बसस्टैण्ड में कई दुकानें एव होटल पूरी रात खुले रहते हैं। शाम ढलने के बाद बसस्टैण्ड में कोई भी शरीफ यात्री जाने से डरता है। पूरा बसस्टैण्ड असामाजिक तत्वों के हवाले हो जाता है। बसस्टैण्ड में कभी भी अगर रात्रि के समय रेड डाली जाय तो वहां पर मौजूद लोगों में अधिकांश लोग ऐसे मिलेगे जो केवल तफरी करने के लिए आते हैं। रात्रिगश्त करने वाली पुलिस अधिकारियों की गाड़ी जब भी बसस्टैण्ड में घुसती है तो मौजूद लोगों में भगदड़ मच जाती है। इनमे में कई ऐसे भी होते है जिनको पुलिस की तलाश रहती है। ऐसे लोग पुलिस के नजरों में आने से बचने के लिए दुम दबा कर भागते हैं।

### लावारिस बनी रेवांचल बस स्टैण्ड की पुलिस चौकी

रेवांचल बसस्टैण्ड में पुलिस चौकी खोलने का मकसद यह था कि इसके माध्यम से बस स्टैण्ड में अव्यवस्था फैलने से बचाया जा सकेगा। लेकिन इस चौकी के कारण ही रेवांचल बसस्टैण्ड में सारी अव्यवस्था फैल रही है। पुलिस चौकी खुली अवश्य रहती है लेकिन लावारिस की तरह, उसमे कोई रहता नहीं है। रेवांचल बस स्टैण्ड से जो भी बसें एवं अन्य यात्री वाहन संचालित होते हैं उनसे सबसे रोजनादारी बंधी हुई है। पुलिस चौकी में पदस्थ पुलिसिये केवल इसी का हिसाब रखते हैं। इसके अलावा उनसे कोई मतलब नहीं होता है। अन्यथा चौकी के सामने ही ठेलों की बाजार सजी रहती है।

# दोस्तों के साथ होली मनाने गए ट्रक चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**गढ़ थाना क्षेत्र की देउर कोठार की घटना, फांसी के फंदे से लटकता मिला शव, परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप**



**जागरण, रीवा।** गढ़ थाना क्षेत्र के देउर कोठार में दोस्तों के संग होली खेलने गए ट्रक चालक की हुई संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। मृतक का शव उसके घर में ही संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता मिला। घटना के संबंध में मृतक हीरामणि यादव पुत्र रामपाल यादव 33 वर्ष निवासी देउर कोठार के चचेरे भाई अभिषेक यादव ने बताया कि बीती रात्रि तकरीबन 10 बजे गांव के ही कुछ लोग हीरामणि को अपने साथ ले गए, जो पहले तो उसे शराब पिलाए और उसके बाद हत्या कर शव को फांसी के फंदे से लटका दिया जिससे आत्महत्या का मामला लगे। देर रात करीब तीन बजे परिजनों को ट्रक चालक की लाश घर में फांसी के फंदे से लटकती मिली। आनन फानन में सूचना गढ़ पुलिस को दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर शव को पीएम के लिए भिजवाया।

# सिंधु भवन में होली मिलन कार्यक्रम 8 मार्च को

**जागरण, रीवा।** स्थानीय सिंधु भवन एसएएफ चौक रीवा में 8 मार्च को शाम 4.00 बजे से 6.00 तक होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह के आयोजक श्रीझूलेलाल धर्मार्थ प्याऊ समिति जानकी पार्क रीवा एवं श्री झूलेलाल छठी महोत्सव समिति की महिला विंध्य द्वारा आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर संस्था की महिला विंग की अध्यक्ष पंडित कमल शर्मा घोघर एवं धर्मार्थ प्याऊ समिति के संरक्षक कैलाश आहूजा खट्टू सहित सभी सदस्यों व पदाधिकारी से अपील की गई है कि समय पर आकर होली मिलन का आनंद लें व झूलेलाल छठी महोत्सव 25 मार्च के संबंध में आयोजित किए जाने की विस्तृत चर्चा की जा सके।

# राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ की मासिक बैठक सम्पन्न



**रीवा।** राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ इकाई की मासिक बैठक कोठी कम्पाउण्ड में जिला अध्यक्ष भक्त प्रहलाद कुशवाहा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री रविदत्त सिंह उपस्थित रहे। बैठक में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ द्वारा प्रस्तावित, घोषित, एवं प्रचारित कार्यक्रमों की जानकारी दी गयी। बताया गया कि गत 27 फरवरी से अधिवेशन की कार्यवाही प्रारंभ होकर मंच से प्रबुद्ध जनों के संबोधन के साथ संपन्न हुई। इसमें विभिन्न सत्रों के माध्यम से सभी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण हुआ। इस अवसर पर प्रमुख वक्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार कक्का, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनमोहन पलिया, राष्ट्रीय संगठन मंत्री रविदत्त सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा इकाई अक्षय नरवाल, प्रदेश संगठन मंत्री विकास रेगे, प्रदेश अध्यक्ष नारायण खेरवा, प्रदेश महामंत्री त्रिलोक गोठी, प्रदेश मंत्री बाबूलाल पाटीदार, प्रदेश उपाध्यक्ष लाल सिंह बागवान, प्रदेश संगठन मंत्री ठा. बहादुर सिंह, प्रांतीय संगठन मंत्री गोपाल पाटीदार द्वारा मंच संचालन किया गया। आजाद कुटिया में महान क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद की मूर्ति के सामने शुद्ध देसी घी की अखंड दीप ज्योति का प्रज्ज्वलन राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार शर्मा (कक्का जी) द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर जगतगुरु शंकराचार्य, अविमुक्तेश्वरनंद महाराज की अनुयाई दीदी सुश्री डॉ निश्चला दीक्षित भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर उक्त वर्णित समस्त वरिष्ठ जनों सहित प्रदेश इकाई, प्रांतीय इकाइयां, संभाग इकाइयां, जिला इकाइयां, तथा तहसील इकाइयों के समस्त सम्माननीय पदाधिकारी गण तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके उपरांत शुद्ध घी से बनी नुक्ती, बुंदी का प्रसाद वितरण संपूर्ण नगर में किया गया। आजाद मैदान टाउन हॉल पर विराट कवि सम्मेलन क्रांतिकारी शहीद की याद में आयोजित हुआ। अंतिम सत्र में राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक इकाइयों का पुर्व गठन निरस्त कर पुनर्गठन किया गया। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार कक्का को सर्वसम्मित से चुना गया।

# सड़क खोदने के बाद भी पानी बहना नहीं हुआ बंद

**सड़क खोदने के बाद ऊपर से मिट्टी पाट दी, जल प्रदाय के दौरान सड़क पर भर जाता है पानी**



**जागरण, रीवा।** छोटी पुल के आगे सड़क पर पानी बह रहा था, जिसे रोकने के उद्देश्य से मुख्य सड़क से बांयी ओर जाने वाले रास्ते का खनन कर दिया गया था। खनन करने के बाद सड़क पर मिट्टी डालकर फिर से पाट दिया गया है, यानी जिस कार्य के लिए सड़क खोदी गई थी वह कार्य पूर्ण हो चुका है, लेकिन सड़क खोदने के दूसरे दिन से पानी पूर्वानुसार यथावत बहकर पुरी सड़क पर भर रहा है। आसपास के लोगों ने बताया कि रात के समय यहां सड़क खोदी गई थी, अधिकतर दुकानदार दुकान बंद कर घर जा चुके थे, अब पेयजल पाइपलाइन सुधारने सड़क खोदी या सीवरेज के लिए सड़क खोदी थी पता नहीं, लेकिन पिछले दो सप्ताह से जैसे जल प्रदाय के दौरान पानी बहकर सड़क पर भर रहा था, अभी भी वैसा ही भर रहा है। आसपास के रहवासियों ने बताया कि सड़क तो खोदी गई, लेकिन उसे ठीक से भरा नहीं गया, ऊपर से मिट्टी डाल दी गई है, जिससे दोपहिया, चार पहिया वाहन अन्य वाहनों को निकालने में दिक्कत हो रही है, वहीं पैदल निकलने वाले भी घूमकर आना-जाना कर रहे हैं, रात के समय सड़क पर बरसात की भांति पानी भर जाता है, जो दिन में भीरा रहता है और यहां से निकलने वालों के साथ आसपास के दुकानदारों के लिए भी परेशानी बना हुआ है।

# वन विभाग के हर्बल प्लांट के पुनर्संचालन की धूमिल पड़ी उम्मीदें

**रखरखाव एवं संचालन के अभाव में कबाड़ हो रहा वन विभाग का हर्बल प्लांट**

**पतंजलि कंपनी के अधिकारियों ने तीन महीने पहले दौरा करने के बाद नहीं दिखाई दिलचस्पी**



**जागरण, रीवा।** औद्योगिक क्षेत्र चोरहटा में स्थित वन विभाग के हर्बल प्लांट के पुनर्संचालन की उम्मीदे धूमिल पड़ने लगी हैं। वन विभाग के प्रयासों के बावजूद अभी तक इसके पुनर्संचालन के लिए कोई आगे नहीं आया है। परिणामस्वरुप हर्बल प्लांट की मशीने रखरखाव एवं संचालन के अभाव में जंग खा रही हैं। तीन महीने पहले पतांजलि कंपनी के अधिकारियों ने हर्बल प्लांट का दौरा किया था तब इसके फिर से चालू होने की उम्मीदें जगी थी लेकिन इसके बाद कंपनी की ओर से कोई संकेत नहीं मिलने के कारण रही सही संभावना भी समाप्त हो गई है। गौरतलब है कि वन विभाग द्वारा लगभग डेढ़ दशक पहले औद्योगिक क्षेत्र चोरहटा में 7.71 करोड़ की लागत से हर्बल प्लांट स्थापित किया गया था। तत्कालीन वन मंत्री राजेन्द्र शुक्ल के प्रयासों से वर्ष 2011 में स्थापित किया गया यह हर्बल प्लांट उनका ड्रीम प्रोजेक्ट था। प्रारंभिक काल में इस प्लांट से अर्जुन छाल, गुड़मार पत्ती, निबोला, आंवला, हर्रा, एलोवेरा एवं नीम के तेल का उत्पादन किया जाता था। लेकिन विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिये जाने का परिणाम यह निकला कि यह प्लांट कुछ साल चलने के बाद बंद हो गया है। पिछले दिनों पतंजलि कंपनी ने इस पर रुचि दिखाते हुए उसके अधिकारियों ने दौरा किया था लेकिन इसके बाद उसके द्वारा आगे कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई गई। वन विभाग को हर्बल प्लांट के चालू होने की फिलहाल कोई उम्मीद नहीं नजर आ रही है। वनविभाग ने इसे चालू करने के लिए काफी प्रयास किया है। पिछले महीने विभाग की हाई लेवल की मीटिंग में भी इस पर बातचीत हुई। वन विभाग के आकािरियों द्वारा इसे चालू करने के बारे में कई कंपनियों से चर्चा भी हुई, लेकिन बात नहीं बनी।

### दुर्लभ जड़ी बूटियों का नहीं हो पा रहा इस्तेमाल

विंध्य क्षेत्र में अनेक दुर्लभ जड़ी बुटियों का भंडार है। उनके औषधीय महत्व को देखते हुए रीवा में हर्बल प्लांट की स्थापना की गई थी। वन औषधीयों के इस्तेमाल के लिए वन विभाग ने लगभग पौने 8 करोड़ की लागत से हर्बल प्लांट लगाया था। वर्तमान में इस प्लांट की स्थापना में 50 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आएगी। वन विभाग ने 2011 में पूरे विन्ध्य सहित आसपास की वन औषधियों के इस्तेमाल के लिए रीवा में हर्बल प्लांट लगाया था। शानदार मशीनें, शानदार बिल्डिंग, पूरे तामझाम के साथ हर्बल प्लांट की शुरुआत रीवा के इंडस्ट्रियल क्षेत्र में की गई थी। शुरू में प्लांट को विभाग ने चलाया, लेकिन सरकारी प्रयास नाकाफी रहे। परिणामस्वरूप विंध्य क्षेत्र में विद्यमान दुर्लभ जड़ी बूटियों का इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है।

### कई लोगों ने की चलाने की नाकाम कोशिश

इस हर्बल प्लांट को वन विभाग के बाद कई लोगों ने किराये पर लेकर चलाने की कोशिश की लेकिन कामयाब नहीं हो पाये। इसको कानपुर एवं नोएडा के साथ लोकल लोगों ने भी चलाने की कोशिश की लेकिन कुठ माह चलाने के बाद हांथ खड़े कर दिये। वन विभाग को हर्बल प्लांट चलाने के लिए कोई नहीं मिलने के कारण विभाग स्वयं इसे चलाने की तो बात कह रहा है। लेकिन पिछले अनुभव के चलते हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## कनाडा के साथ रणनीतिक साझेदारी एक संजीवनी

*भारत और कनाडा के बीच हुए अहम समझौतों को कूटनीतिक एवं आर्थिक संबंधों के एक नए अध्याय के रूप में देखा जा रहा है। कनाडा में दुर्लभ खनिजों का विशाल भंडार है और यह समझौता भारत के लिए एक मजबूत एवं सुरक्षित आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करने में मददगार होगा।*

*दोनों देशों ने यूरेनियम और दुर्लभ खनिजों की दीर्घकालिक आपूर्ति समेत कई ऐतिहासिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इस कदम को द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती के लिए संजीवनी की तरह माना जा रहा है, क्योंकि रिश्तों में आए लंबे गतिरोध के बाद सहयोग के रास्ते खुले हैं। ये समझौते इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं कि दोनों देशों के संबंध अब अस्थिरता के दौर से बाहर निकलकर अधिक परिपक्व और भविष्य की जरूरतों को समझकर साझेदारी को आगे बढ़ाने के चरण में प्रवेश कर चुके हैं।*

*कनाडा से यूरेनियम की आपूर्ति होने से जहां भारत के परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के लिए ईंधन की निरंतरता सुनिश्चित होगी, वहीं दोनों देशों में निवेश और व्यापारिक गतिविधियों के नए प्रवाह से आर्थिक विकास को गति मिलने के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। वर्तमान में दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार तेरह अरब डालर के आसपास है, जिसे चौगुना करने का लक्ष्य रखा गया है।*

*गौरतलब है कि भारत और कनाडा के संबंधों में वर्ष 2023 में उस वक्त खटास पैदा हो गई थी, जब तत्कालीन कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारतीय एजेंट की संलिप्तता के आरोप लगाए गए थे। भारत ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था, लेकिन इस घटनाक्रम के बाद दोनों देशों के संबंध अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए थे। उस समय उपजी तल्खी ने व्यापारिक और कूटनीतिक संवाद को लगभग बाधित कर दिया था। हालांकि, पिछले वर्ष मार्च में मार्क कार्नी के कनाडा के प्रधानमंत्री बनने के बाद से दोनों पक्षों ने संबंधों के पुनर्निर्माण और विश्वास बहाली के लिए उपायों की एक निरंतर श्रृंखला शुरू की, जिसका नतीजा अब ऐतिहासिक समझौतों के रूप में सामने आया। इस रणनीतिक साझेदारी के केंद्र में इस वर्ष के अंत तक 'व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते' को संपन्न करने और वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय वार्षिक व्यापार को बढ़ाकर पचास अरब डालर के पार ले जाने का संकल्प व्यक्त किया गया है।*

*कनाडा से यूरेनियम की आपूर्ति से संबंधित समझौते को भारत की ऊर्जा सुरक्षा की लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इसके अंतर्गत वर्ष 2027 से 2035 के बीच भारत को लगभग 2.2 करोड़ पाउंड यूरेनियम की आपूर्ति कनाडा से की जाएगी। इससे भारत के परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के लिए ईंधन की जरूरत को पूरा कर पाना संभव हो पाएगा। यही नहीं, दुर्लभ खनिजों पर हुआ समझौता भारत के स्वच्छ ऊर्जा अभियान और इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग को गति एवं नई दिशा देने में अहम भूमिका निभा सकता है।*

*कनाडा में दुर्लभ खनिजों का विशाल भंडार है और यह समझौता भारत के लिए एक मजबूत एवं सुरक्षित आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करने में मददगार होगा। इसी तरह रक्षा के क्षेत्र में भी दोनों देशों ने सहयोग के नए आयाम खोले हैं और द्विपक्षीय रक्षा संवाद स्थापित करने का निर्णय लिया है, जो रक्षा उद्योगों के एकीकरण और सैन्य साजो-सामन के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के साथ ही समुद्री क्षेत्र में सुरक्षा के साझा प्रयासों को मजबूती से आगे बढ़ाएगा। इन समझौतों के बाद उम्मीद की जा रही है कि दोनों देश साझा हितों को लेकर भविष्य में सहयोग के नए आयाम स्थापित करेंगे।*

प्रसंगवश

## युद्ध परमाणु समस्या का स्थायी समाधान नहीं

*इतिहास साक्षी है कि युद्ध केवल तबाही का अध्याय लिखते हैं, सृजन का नहीं। यह किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध में इस्लामिक क्रांति का चेहरा अयातुल्ला खामेनेई को बेशक मार दिया गया है, लेकिन युद्ध अब तक बंद नहीं हो सका है।*

*खामेनेई की मौत के बाद शिया समुदाय में जबर्दस्त नाराजगी है और वह जवाबी प्रतिक्रिया देने की बात कह रहा है। इसलिए, विश्व के लिए यह चिंता का विषय है कि आखिर युद्धोन्माद से प्रभुत्ववादी शक्तियां कौन सा शांति-संदेश देना चाहती हैं?*

*स्थिति यह है कि भारत जैसे पंथनिरपेक्ष देश में भी इस युद्ध को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया देखने को मिली है। देश भर में शिया बाहुल्य इलाकों में प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए हैं और अमेरिका व इजरायल विरोधी नारे लगा रहे हैं। इस युद्ध के लिए किस-किस देश को उत्तरदायी ठहराया जाए, यह स्पष्ट नहीं है, पर इतना अवश्य है कि विश्व भयावह कल की ओर अग्रसर है। प्रभुत्ववादी शक्तियां अपनी शक्ति के दंभ में अन्य राष्ट्रों के सामने स्वायत्तता एवं स्वतंत्रता को बचाये रखने की चुनौतियां पेश कर रही हैं। इसको किसी भी स्थिति में उचित कृत्य नहीं ठहराया जा सकता। इस युद्ध से उत्पन्न स्थिति पर जब अनेक राष्ट्र प्रमुखों की टिप्पणियां प्रकाश में आती हैं, तो लगता है कि दूसरों के शीशे के घरों पर पत्थर फेंकने वाले लोग स्वयं को शांति-दूत सिद्ध करने में लगे हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने युद्ध को मानवीय नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानून के सभी मानदंडों का उल्लंघन बताया है, जबकि स्वयं वह यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में उतरे हुए हैं। चीन, जो अपनी विस्तारवादी नीतियों के चलते पड़ोसी देशों की सीमाओं के अतिक्रमण का दोषी है, इस युद्ध को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताते हुए कह रहा है कि दुनिया के जंगल के कानून की और लौटने का विरोध होना चाहिए।*




*फिलहाल दुनिया कई मोर्चों पर अस्थिर है, फिर भी इस युद्ध की शुरुआत की गई। रूस व यूक्रेन का युद्ध तो चौथे वर्ष में प्रवेश कर गया है और इजरायल व हमास के बीच भी तनाव बना हुआ है। यहां तक कि अफगानिस्तान और पाकिस्तान भी आपसी संघर्ष में उतर चुके हैं। ऐसे समय में, ईरान पर हमला किया गया, क्योंकि वहां की व्यवस्था वैश्विक शांति व्यवस्था के प्रतिकूल थी। यही कारण है कि ऊर्जा संकट की आशंका बढ़ने, आयात-निर्यात पर असर होने व विश्व अर्थव्यवस्था के प्रभावित होने के बावजूद अमेरिका-इजरायल ने मिलकर ईरान पर निशाना साधा, और उसके सर्वोच्च नेता को मार गिराया। अब चूंकि इस युद्ध का दायरा बढ़ चुका है, इसलिए समुद्री मार्ग की सुरक्षा कहीं अधिक अहम है।*

*बहरहाल, मानवाधिकार आयोग इस प्रकार के युद्धोन्माद को रोकने के लिए क्या भूमिका निभाता है, यह तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन इतना अवश्य है कि भारत जैसे देश में आंतरिक जातीय और वर्ग-संघर्ष को बढ़ावा देने के कुत्सित प्रयास करने वाले तत्वों के लिए यह चिंतन का विषय होना चाहिए कि युद्ध के मुहाने पर खड़े विश्व के सम्मुख जब अस्तित्व को बचाए रखने की चुनौती हो, तब भारत के भीतर स्वार्थवश अमानवीय विघटनकारी कृत्य करने को सही ठहराने का औचित्य क्या है? क्या उन्हें भारत की अनेकता में एकता की समृद्ध परंपरा अच्छी नहीं लगती?*

*अच्छा तो यही होता कि वैश्विक संस्थाएं ईरान को रोकने का काम करतीं। संयुक्त राष्ट्र से उम्मीद कहीं अधिक रही है, लेकिन दुखद है कि वह उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाती। अगर संयुक्त राष्ट्र ने पहल की होती, तो संभव है कि ईरान पर दबाव बनता और वह अपने परमाणु कार्यक्रम को रोक देता। मगर हुआ यूं कि संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाएं बेअसर साबित हुईं और ईरान अपनी मंशा में आगे बढ़ता रहा। अब जबकि एक बड़ा क्षेत्र इस युद्ध की चपेट में है, जरूरी है कि ईरान में पूरी तरह से इस्लामी सत्ता का अंत कर दिया जाए। वैसे भी, वहां के लोग अपनी शासन-व्यवस्था से नाराज हैं। उनकी नाराजगी को दूर करने के लिए शाह शासन की फिर से स्थापना हो जानी चाहिए।*

# बहने दो जीवन को...



मनुष्य के जीवन में गति और बहाव दोनों ही उसे सार्थकता... समर्थता...और नवीन दृष्टि देते हैं... कहते हैं रमता जोगी और बहता पानी कहीं नहीं टिकते....कहीं नहीं रुकते...इन्हें रुकना भी नहीं चाहिए... क्योंकि जहाँ ठहराव हो जाता है... जहाँ गतिशीलता समाप्त हो जाती है... जहाँ वहाव रुक जाता है... वहाँ जिन्दगी थम जाती है... वहाँ सड़न हो जाती है... कितना ही पराक्रमी हो... कितना ही उद्यमी हो... कितना ही महान व्यक्तित्व हो... जीवन थमा नहीं... साँस रुकी नहीं कि... कुछ ही घंटों में... मनुष्य ने ही मनुष्य के शरीर को जला डाला... फूँक डाला... दफना डाला... क्योंकि जहाँ गति नहीं... वहाँ जीवन नहीं... और जहाँ जीवन नहीं... वहाँ विचार नहीं... सद्विचारों की क्राँति नहीं... स्नेह नहीं... शौर्य नहीं... पराक्रम नहीं... वहाँ एक ठहराव है... और... ठहराव हमेशा गंगा के जैसे पवित्र जल को भी गंदला कर उसे सड़ाँध मारने पर विवश कर देता है...

***तुम बिन अब रहा न जाता***
***गति बिन अब बहा न जाता***
***सूख गया है अब जीवन मेरा***
***निर्झर बन अब बहा न जाता ...***

किन्तु यह चलना... यह बहना नदिया के समान... या फिर ऊँची शिलाओं से धरती की ओर निर्झर सा बहते हुये आकर उसे उर्वरा बना देना... या फिर प्रपात सा... जलकणों सा सूर्य की रश्मियों को अपने स्व समर्पित करते चले जाना... हम मानवों के लिये तभी तक सम्भव है जब तक हमारे विचारों की शक्ति हमारे जीवन को गतिशील बनाये रखती है...हमें हमारे विचारों को परिष्कृत करने का... उन्हें उज्ज्वल और प्रकाशवान बनाने की सोच और उसका ज्ञान भला कहाँ से मिले... जो हमारे विचारों को रोशनी सा जगमगा दे इस पाप और भ्रष्टाचार में डूबी खुदगर्ज दुनिया में... भारतीय ज्ञान परम्परा कहती है... जीवन मूल्य उससे समझने चाहिये... जो जीवन के मूल्यों को खोजता - खोजता जग छोड़ बैठा हो...चिन्तक बन गया हो साधु बन बैठा हो... संत हो गया हो... वीतराग योगी होकर जो समदृष्टि को पा चुका हो... मैंने भी बहुत प्रयास किया न जाने कितने दरों पर माथा टेका कि कहीं तो ज्ञान मिल जाये... जो मेरे अन्ध कूप से मन के द्वार खोल दे... काषाय वस्त्रों से सुसज्जित या पीताम्बर का आवरण ओढ़े अनेकों साधु-संतों की मैंने भी परिक्रमा की... ज्ञान की... शाँति की... ऋद्धि-सिद्धि की भिक्षा मांगी... किन्तु कहीं सिर्फ वाणी तो कहीं महज़ मौन मिला... मैं खाली हाथों ही रह गया.... ज्ञान की चमक सुष्मना से नहीं उठी... अन्धकूप सा अंधेरा मेरा मन अज्ञान की कालिमा से और अधिक भर गया... जब-जब मैंने संसार में रम कर... संसार छोड़ने वाले साधु-संतों से ज्ञान की शलाका माँगी... प्रज्ञा का प्रकाश मांगा... तब-तब मुझे लगा... अपनी आत्म चेतना से जागृत अपने ही विचारों के प्रवाह में खुद ही बहना होगा... अपनी ही आत्म चेतना को गुरु बनाकर अपने ही जीवन का ग्रंथ पढ़ना होगा... चिन्तन के कुछ पलों में अब मुझे ऐसा लगता है कि जैसे-




***अर्धरात्रि, अम्बर स्तब्ध और शांत....***
***धरा मौन... पसरा हुआ अंधकार, फैला हुआ सन्नाटा...***
***मेरे 'मन' ने... अपने ही 'ज्ञान' के दरवाजे को थपथपाया....***
***थप... थप... थप...***
***'ज्ञान' ने पूछा... द्वार पर कौन... ?***
***'मन' बोला... मैं हूँ तुम्हारा याचक...!***
***'ज्ञान' बोला... किस लिए आये हो... ?***
***मन बोला... विचार दान के लिए...***
***दृष्टि दान के लिए...***
***नहीं... नहीं लौट जाओ...***
***यहाँ ज्ञान का दान नहीं मिलता***
***भिक्षु और दाता के बीच... जो परदा है....***
***जिस दम वह जलता है...***
***तभी यह द्वार खुलता है ....***
***और ज्ञान के द्वार बन्द रहे...***

तड़प और तड़प... ओठों पर आई हंसी को जग प्रसन्नता समझता है पर मन के आँसुओं को भला कोई कहाँ देख पाता है... अज्ञान की काल रात्रि में... ज्ञान का पिपासु... प्रज्ञा का चषक चखने की चाह में...भटकता मन... दर-दर की ठोकरें खाता ... पुनः जा चढ़ता है देवालय की सीढ़ियाँ....

'मन'... थप... थप... थप... थपथपाता है द्वार...
फिर अन्तः स्वर गूंजता है...प्रश्न उठता है... द्वार पर कौन है...?
बुद्धि कह उठती है... अरेऽऽ मैं... तुम्हारा ही तो एक भक्त हूँ...
प्रति प्रश्न गूँजता है... क्यों आये....
किस आशय और प्रयोजन से आये... ?
ज्ञान बोलता है... अपने भगवान का तनिक सा दर्शन पाना है...
फिर बड़ी भोर में वापस लौट जाना है...
नहीं... नहीं... ईश्वर गर्भगृह से बोलता है....
भक्त और भगवान...
यहाँ दो के लिए ठौर नहीं ....
मंदिर के भी कुछ कायदे हैं...
अभी तो हुई भोर नहीं....
फिर 'मंगला दर्शन' तुम कैसे पाओगे...?
देवालय का द्वार बन्द का बन्द रहा....

मेरा अन्तः तमस गहन से गहनतम् हुआ... सोचता हूँ... क्या छोटी सी यह जिन्दगी जिसे अब तक... पिता-पुत्र... भगनी और भ्राता... पत्नी और सखा... के सम्बन्धों में बन्धा हुआ मैं व्यर्थ बिता चुका... भगवा चोलों से ज्ञान माँगते-माँगते थक चुका... और...अब जबकि जीवन की शाम आ चुकी... कुछ ही समय में... या कि कुछ ही बरसों में अब जब जीवन की 'काल रात्रि' आ जायेगी... तब सब चोले...वह भगवा हों... हरे हों... काले-सफेद या पीताम्बरी हों... यह मजहबों-धर्मों के सब चोले... नाते रिश्तों के सब डोरे... एक साँस रुकते ही सब टूट जायेंगे... 'काया' थमे पानी सी सड़ जायेगी... यह नर्मदा- गंगा - यमुना-ताप्ती... सोन-तमसा आदि सरिताओं के पावन जल-कणों से पोषित शरीर...जलकर भस्म हो जायेगा... सब नदियों के पावन जल वाष्प बन अंतरिक्ष में उड़ जायेंगे... और... तब मेरे जीवन भर के संजोये विचार क्या फिर चिर अंधकार में डूबकर रह जायेंगे सदा-सदा के लिये... ? वाणी तो मौन हो-ही जायेगी पर क्या फिर मेरी प्रज्ञा भी खामोश हो जायेगी... ? क्या मैं संसार में यों ही आया... और यों ही चला जाऊँगा...? मेरा कोई वजूद... मेरा कोई अस्तित्व नहीं रह जायेगा...? यह काया - माया तो नहीं ही रहेगी... पर क्या... मेरे विचार भी नहीं रह जायेंगे... ? जो एक 'जुगनू' बनकर... स्तब्ध अंधियारी यामिनी में किसी...घबड़ाये... डरे-सहमे... राहगीर को राह दिखला सकें... ? क्या करूँ... देव शरण... पितृ शरण... मातृ शरण... गुरु शरण ... बैरागी-फकीरों की शरण....बन्धु-सखा... सबके चरणों में शीश नवा आया... पुस्तकें तो बहुत पढ़ीं... पर पोथी पढ़-पढ़ कर भी आत्मज्ञान न पाया... चिंतन के इन पलों में अचानक ही... अनायास ही... मेरा थका-हारा मानस... मेरा अन्तःकरण पूर्ण समर्पण की भावना लिये... अब तक की ज्ञान की... विचारों की... प्रज्ञा और 'आत्मदेव' की खोज के तमाम अवसाद व असफल क्षणों को 'कृष्णार्पण' करते हुए... शरीर की शिथिलता के साथ विचारों की गहन तन्द्रा में डूब जाता है... और अर्द्धजागृत स्वप्न सी चेतना में ... एक बार फिर से वही बन्द द्वार थपथपाता है... और एहसास करता है जीवन भर की खोज के कुछ सुखद पलों का....

थप... थप... थप
कौन है... ?
विवेक चुप... ज्ञान चुप... वाणी शाँत ....
उत्तर नहीं क्यों... कौन हो...?
फिर भी उत्तर नहीं...
वही जो भीतर है... बोल रहा
दर्पण बन रूप जिसका बाहर डोल रहा....
घूँघट उठाकर जो दरवाजा खोल रहा....
भ्रम का कजरा जो अंसुअन संग बहा रहा...
पर्दा उठा... अन्दर का अंधकार
रवि की ऊषा सा खिल उठा
और बन्द द्वार खुल गया
विचारों को प्रकाश मिल गया....
जीवन का तमस मिट गया....

चिन्तन के इन पलों में न जाने क्यों मुझे एहसास होता है कि...जब तक याचना रहेगी... तब तक ज्ञान... भिक्षा और भिक्षुक में विभेद करेगा... जब तक भक्त और भगवान का भेद रहेगा... तब तक हमारे अन्तःकरण के बन्द कपाट कहाँ से खुलेंगे...

'मन की कोठरी पिया इतनी सांकरी जा में दो. न. समाय'...

जब तक प्रश्न ही उत्तर न बन जायें... जब तक प्रभु के दरस कर घर वापस लौटने की इच्छा न समाप्त हो जाये... जब तक विचार ही... देव प्रतिमा न बन जायें... तब तक कोई भी गुरु... कोई भी सन्यासी... कोई भी ग्रन्थ... कोई भी देव प्रतिमा... भला कहाँ देगी जीवन को विचारों की निरन्तर बहती... निरन्तर गतिशील होकर प्रवाहित होती वैतरणी... जिसकी वेगवान धाराओं में बहते हुए... हमें एक दिन जा मिलना है अपने श्याम-सलोने-सांवरे 'पिया' से... तुम अपने ही प्रकाश से... अपने अंधकार को मिटाकर..बिना हारे... बिना थके ... बिना रुके... प्रवाहमान बने रहना... और... मानस पटल से उठे विचारों के गंदलेपन को... उथलेपन को ... किसी नदी के ही समान सुख-दुःख - जीत-हार के दोनों पाटों को त्यागते हुए... सतत् आत्म जनित विचारों की परोपकारी धारा को बहाते रहना...परिष्कृत करते रहना....यही जीवन है... यही जीवन का बहाव है... यही जीवन की गति है... उन्नत विचार ही तो उन्नत मनुष्य बनाते हैं....

(श्री मदनमोहन के लेखों, पुस्तकों, कविताओं की बेवसाइट)
https://adhyatmsanatandharma.com

दूरसंचार नीति

### भारत के डिजिटल शासन मॉडल को नया आकार दे सकता है सिम बाइंडिंग

## नए दूरसंचार आदेश का वास्तव में क्या अर्थ है?

**प्रवीण कौशल**

सिम बाइंडिंग का मतलब यह नहीं है कि सरकार निजी चैट पढ़ेगी या एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन को तोड़ेगी। सामग्री एन्क्रिप्टेड ही रहेगी। पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर डराने वाली सुर्खियां तैर रही हैं- व्हाट्सएप काम करना बंद कर देगा, उपयोगकर्ताओं को हर छह घंटे में लॉग आउट किया जाएगा, सरकार चैट को सिम से जोड़ रही है, आदि, आदि।

इनमें से अधिकांश दावे अतिरंजित हैं। लेकिन इस शोर के नीचे एक महत्वपूर्ण नीतिगत बदलाव छिपा है। दूरसंचार विभाग ने वह पेश किया है जिसे 'सिम बाइंडिंग' के रूप में वर्णित किया जा रहा है—एक हार्डवेयर-टू-सॉफ्टवेयर सत्यापन ढांचा जो भारत के डिजिटल शासन मॉडल को नया आकार दे सकता है।

यह केवल एक तकनीकी समायोजन नहीं है। यह इस बात पर गहन पुनर्विचार को दर्शाता है कि भारत के डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र में पहचान, संचार और जवाबदेही कैसे एक-दूसरे से जुड़ते हैं।

**सिम बाइंडिंग क्या है? :** सिम बाइंडिंग का मतलब यह नहीं है कि सरकार निजी चैट पढ़ेगी या एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन को तोड़ेगी। सामग्री एन्क्रिप्टेड ही रहेगी। तकनीकी रूप से, सिम बाइंडिंग एक सत्यापन तंत्र है जो यह सुनिश्चित करता है कि एक मैसेजिंग अकाउंट केवल तभी सक्रिय रहे जब वह उसी पंजीकृत सिम कार्ड से जुड़ा हो जो भौतिक रूप से डिवाइस में मौजूद है। यदि सिम निकाल दी जाती है या सत्यापन विफल हो जाता है, तो पुनः प्रमाणीकरण होने तक पहुंच अस्थायी रूप से प्रतिबंधित की जा सकती है। सरल शब्दों में, यह पहचान की निरंतरता सुनिश्चित करता हैं। विवादास्पद छह घंटे का लॉगआउट नियम, जिसने घबराहट पैदा की है, वह मुख्य रूप से वेब और डेस्कटॉप सत्रों पर और केवल उच्च-जोखिम वाले खातों के लिए लागू होता प्रतीत होता है। विचार यह है कि समय-समय पर यह सत्यापित किया जाए कि उपयोगकर्ता के पास अभी भी खाते से जुड़ा सिम मौजूद है। सामान्य मोबाइल उपयोगकर्ताओं के लिए, किसी व्यवधान की संभावना नहीं है।

**सरकार ऐसा क्यों कर रही है? :** इस कदम के पीछे शासन के तीन प्रमुख तर्क हैं -1. पहचान-बद्ध संचार- भारत पहले से ही केवाईसी के माध्यम से सिम स्वामित्व का सत्यापन करता है। हालांकि, एक बार ओटीपी का उपयोग करके मैसेजिंग ऐप सक्रिय हो जाने के बाद, निरंतर उपयोग के लिए हमेशा सिम सत्यापन की आवश्यकता नहीं होती है। सिम बाइंडिंग यह सुनिश्चित करके इस अंतर को पाटने का प्रयास करती है कि संचार खाते एक सत्यापित पहचान से जुड़े रहें।

2. साइबर धोखाधड़ी से निपटना- भारत में डिजिटल धोखाधड़ी का एक बड़ा हिस्सा पहचान बदलने पर निर्भर करता है। अपराधी अक्सर डिस्पोजेबल सिम कार्ड, विदेशी सक्रियण और अस्थायी नंबरों का उपयोग करते हैं।

सरकार का तर्क है कि खातों को सत्यापित सिम कार्डों से कसकर बांधने से, फर्जी पहचानों को हथियार बनाना कठिन हो जाएगा।

3. डिजिटल अनुशासन का निर्माण- भारत का शासन ढांचा तेजी से पहचान-लिंक्ड होता जा रहा है- बैंकिंग, यूपीआई, आधार, दूरसंचार, टैक्स फाइलिंग। सिम बाइंडिंग इसी विकसित होते अनुपालन पारिस्थितिकी तंत्र में फिट बैठती है।

**संवैधानिक प्रश्न :** हालांकि, शासन का तर्क बहस को समाप्त नहीं करता है। निजता पर किसी भी प्रतिबंध को चार परीक्षणों को संतुष्ट करना होगा- वैधता, वैध उद्देश्य, आवश्यकता और आनुपातिकता। यहां उद्देश्य—साइबर अपराध को रोकना—वैध है। मुख्य प्रश्न आनुपातिकता का है। क्या करोड़ों उपयोगकर्ताओं की मैसेजिंग पहचान को बांधना धोखाधड़ी से निपटने का सबसे कम हस्तक्षेप वाला तरीका है? यह एक संवैधानिक विचार बना हुआ है।

**क्षेत्राधिकार संबंधी तनाव :** मैसेजिंग प्लेटफॉर्म खुद को भारत के सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मध्यस्थ के रूप में वर्गीकृत करते हैं, न कि दूरसंचार सेवा प्रदाता के रूप में। उनका तर्क है कि दूरसंचार-स्तर के अनुपालन दायित्व वैधानिक अधिकार से बाहर हो सकते हैं। भारत में संचालित डिजिटल संचार प्लेटफार्मों के लिए नियम कौन तय करता है—घरेलू दूरसंचार नियामक या वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियां?

भारत का रुख तेजी से एक संप्रभु नियामक स्थिति को दर्शाता है। यदि प्लेटफॉर्म भारतीय क्षेत्र में काम करते हैं और भारतीय नागरिकों को प्रभावित करते हैं, तो उन्हें भारतीय कानून का पालन करना होगा।

**सिम बाइंडिंग क्या नहीं करता है?**


- एन्क्रिप्टेड सामग्री तक नियमित पहुंच की अनुमति नहीं देता है।
- सभी उपयोगकर्ताओं को हर छह घंटे में स्वचालित रूप से लॉग आउट नहीं करता है।
- रातों-रात मैसेजिंग प्लेटफॉर्म को बंद नहीं करता है।
- प्लेटफार्मों को डिफ़ॉल्ट रूप से राज्य निगरानी उपकरणों में नहीं बदलता है।
- इसका उद्देश्य संरचनात्मक पहचान सत्यापन है, संदेशों को बीच में रोकना नहीं।

**आगे की राहः** भारत अपने डिजिटल सामाजिक अनुबंध पर फिर से बातचीत कर रहा है। प्रस्तावित समझौता सीधा है- बढ़ी हुई साइबर सुरक्षा के बदले अधिक जवाबदेही और पता लगाने की क्षमता।

जीवन दर्शन

## अस्तित्व की वास्तविक अनुभूति प्रदान करता है मौन

डिजिटल दबाव और निरंतर अभिव्यक्ति से थकान बढ़ी है। युवा ध्यान, साइलेंट रिट्रीट और मौन की ओर आकर्षित हैं। मौन मानसिक संतुलन, आंतरिक अनुभव, सांस्कृतिक प्रतिरोध और अस्तित्व की वास्तविक अनुभूति प्रदान करता है। हम ऐसे समय में जी रहे हैं जहां बोलना केवल संवाद का माध्यम नहीं रहा, बल्कि अस्तित्व का प्रमाण बन गया है। यदि हम सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट नहीं कर रहे, यदि हम किसी चर्चा में अपनी राय व्यक्त नहीं कर रहे, यदि हमारी उपस्थिति डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर दिखाई नहीं दे रही, तो मानो हम धीरे-धीरे अदृश्य होते जा रहे हैं। निरंतर अभिव्यक्ति की यह संस्कृति इतनी गहराई से हमारे जीवन में प्रवेश कर चुकी है कि चुप रहना अब स्वाभाविक नहीं, बल्कि असामान्य प्रतीत होता है। परंतु इसी असामान्यता के भीतर एक नई आध्यात्मिक प्रवृत्ति जन्म ले रही है जो है मौन का पुनर्जन्म। यह मौन केवल शब्दों का अभाव नहीं है; यह उस निरंतर मानसिक और सामाजिक दबाव से बाहर निकलने का प्रयास है जिसमें हर व्यक्ति को हर विषय पर तुरंत प्रतिक्रिया देनी होती है। आज का युवा, जो दिन भर संदेशों, सूचनाओं, टिप्पणियों और दृश्य सामग्री के प्रवाह में डूबा रहता है, पहली



बार यह अनुभव कर रहा है कि उसकी सबसे बड़ी थकान श्रम से नहीं, बल्कि निरंतर अभिव्यक्ति की बाध्यता से उत्पन्न होती है। यही कारण है कि ध्यान-शिविरों, साइलेंट-रिट्रीट, डिजिटल डीटॉक्स और एकांत यात्राओं की ओर उसका आकर्षण बढ़ रहा है। यह पलायन नहीं अपितु प्रतिरोध है।

मौन का यह नया आकर्षण भारतीय आध्यात्मिक परंपरा के लिए नया नहीं है, दक्षिणामूर्ति की प्रतिमा में गुरु मौन रहकर शिष्यों को ज्ञान देते हैं, और यह मौन ही सर्वोच्च उपदेश माना गया है। आज मौन मानसिक संतुलन की आवश्यकता बन गया है। डिजिटल संस्कृति ने अभिव्यक्ति को लोकतांत्रिक बनाया है, विचार अभी पूर्ण रूप से बन भी नहीं पाता कि उसे साझा करने का दबाव उत्पन्न हो जाता है। अनुभव अभी भीतर उतर भी नहीं पाता कि उसका दृश्य रूप तैयार कर लिया जाता है। इस प्रक्रिया में जीवन का आंतरिक आयाम धीरे-धीरे क्षीण होने लगता है। मौन की ओर लौटना इस क्षरण के विरुद्ध एक स्वाभाविक प्रतिक्रिया है। मनोवैज्ञानिक दृष्टि से देखें तो जब व्यक्ति कुछ समय के लिए भी बोलना और सुनना बंद करता है, तब वह पहली बार अपने भीतर चल रही सूक्ष्म गतिविधियों को अनुभव कर पाता है। पहले मौन को सामाजिक रूप से असहज स्थिति माना जाता था; बातचीत में विराम आना असफलता समझा जाता था। आज वही मौन एक मूल्य बन रहा है। मौन का यह पुनर्जन्म एक और स्तर पर भी महत्वपूर्ण है कि मौन केवल व्यक्तिगत साधना नहीं, बल्कि सांस्कृतिक प्रतिरोध भी है। केवल शब्दों को रोक देना पर्याप्त नहीं, क्योंकि भीतर विचारों का शोर चलता रहता है। वास्तविक मौन तब उत्पन्न होता है जब व्यक्ति स्वयं को निरंतर परिभाषित करने की आवश्यकता से मुक्त होने लगता है।

और संभवतः यही कारण है कि नई पीढ़ी, जो सबसे अधिक बोलने वाली पीढ़ी मानी जाती है, अब चुप रहने की कला को फिर से खोज रही है

**अनन्या मिश्रा**

॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

**श्रद्धावाँल्लभते ज्ञानं तत्परः संयतेन्द्रियः।**
**ज्ञानं लब्ध्वा परां शान्तिमचिरेणाधिगच्छति।।**

**भावार्थ**

श्रद्धावान् पुरुष जो ज्ञान के लिए तत्पर रहता है और अपने इंद्रियों को संयमित रखता है, वह ज्ञान प्राप्त करता है। और जब उसे ज्ञान प्राप्त हो जाता है, तब वह शीघ्र ही परम शांति को प्राप्त कर लेता है।

# पीएचडी कोर्स वर्क आवेदन के लिए तीन दिन बढ़ाई गई तिथि

## एपीएसयू ने जारी किया अपडेट नोटिफिकेशन




**जागरण, रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी पाठ्यक्रम डीईटी 2024-25 के पात्र अभ्यर्थियों हेतु शोध पंजीयन एवं कोर्स वर्क से संबंधित ऑनलाइन आवेदन एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से मांगे गए हैं।

अंतिम तारीख पहले 5 मार्च निर्धारित की गई है लेकिन अब इसे तीन दिन और बढ़ा दिया गया है। त्योहार के चलते जो छात्र आवेदन नहीं कर सके थे अब उनको आगामी 8 मार्च तक का मौका दिया गया है। इस संबंध में जारी नोटिफिकेशन में कहा गया है कि डीईटी 2024-25 की अंतिम प्रवेश सूची के ऐसे अभ्यर्थी, जिन्हें शोध निर्देशक आवंटित किया जा चुका है, वह एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से नामांकन शुल्क (नियमानुसार) आवेदन शुल्क 2000, पंजीयन शुल्क 5000 तथा कोर्सवर्क शुल्क (प्रयोगशाला युक्त विषयों हेतु रु. 18000 एवं प्रयोगशाला रहित विषयों हेतु 12000)ऑनलाइन जमा कर कोर्सवर्क हेतु पात्र होंगे। वहीं प्रतीक्षा सूची के ऐसे अभ्यर्थी, जिन्हें शोध निर्देशक आवंटित नहीं किया गया है, किन्तु वे कोर्सवर्क करना चाहते हैं, उन्हें कोर्सवर्क शुल्क (प्रयोगशाला युक्त विषयों हेतु रु. 18000 एवं प्रयोगशाला रहित विषयों हेतु रु.12000) ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य होगा। साथ ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रारूपानुसार रु.100 के न्यायिक स्टाम्प पर शपथ-पत्र संलग्न करते हुए कोर्सवर्क आवेदन-पत्र की हार्ड कॉपी संबंधित केंद्र में जमा करनी होगी। अंतिम प्रवेश सूची के अभ्यर्थियों को आवेदन-पत्र की हार्ड कॉपी, नामांकन शुल्क ,पंजीयन एवं प्रवेश शुल्क की रसीद, शोध केंद्र एवं केंद्रीय पुस्तकालय का प्रमाण-पत्र/शुल्क रसीद अकादमिक विभाग में जमा करना अनिवार्य होगा। सभी अभ्यर्थियों को कोर्सवर्क शुल्क की रसीद एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज संबंधित कोर्सवर्क केंद्र पर निर्धारित समय-सीमा के भीतर जमा करना सुनिश्चित करना होगा। कोर्सवर्क 9 मार्च से संबंधित विषयों हेतु आवंटित केंद्रों पर प्रारंभ किया जाएगा। कोर्स वर्क केन्द्र एवं कोर्स समन्वयक की सूची भी विषयवार जारी कर दी गई है।

# सीयूईटी-पीजी की परीक्षाएं इसी सप्ताह से, एनटीए ने अपलोड किए टेस्ट एडमिट कार्ड

## रीवा सहित प्रदेश भर के एक लाख से अधिक अभ्यर्थी होंगे शामिल

**जागरण,रीवा।** देशभर के विश्वविद्यालयों में पीजी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट-पीजी (सीयूईटी-पीजी) की शुरुआत इसी सप्ताह से होने वाली है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित परीक्षा का आयोजन 6 मार्च से 27 मार्च के बीच किया जाएगा। एनटीए ने 6 और 7 मार्च को निर्धारित परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। संबंधित विद्यार्थी आधिकारिक वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा शहर की सूचना पर्ची (एग्जाम सिटी इंटिमेशन स्लिप) परीक्षा तिथि से करीब 10 दिन पहले वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि विद्यार्थी समय रहते अपनी यात्रा और ठहरने की व्यवस्था कर सकें।

### विषयवार तिथियां अलग-अलग निर्धारित

एनटीए ने परीक्षा को अलग-अलग सत्रों में आयोजित करने का कार्यक्रम तय किया है। कुल 15 दिनों में 44 सत्र आयोजित होंगे। कुछ तिथियों 14, 15, 20, 21, 22, 23 और 26 मार्च को परीक्षा नहीं रखी गई है। जिन दिनों परीक्षा होगी, उन दिनों दो से तीन शिफ्ट में पेपर लिए जाएंगे। पहले दिन योग, खेल विज्ञान, संस्कृत, उर्दू और टेक्सटाइल डिजाइन जैसे विषयों की परीक्षा से शुरुआत होगी।

## पेंशनर्स के साथ न्याय नहीं: डॉ. चतुर्वेदी

**जागरण, रीवा।** प्रदेश सरकार द्वारा पेंशनर को बढ़ी तीन प्रतिशत महंगाई भत्ते पर प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के संभागीय अध्यक्ष डॉ. अशोक चतुर्वेदी व ने नाराजगी व निराशा जताते हुए कहा कि 3 फीसदी के लिए शासन को धन्यवाद, लेकिन पेंशनर्स की महंगाई भत्ते पर प्रदेश सरकार द्वारा भेदभाव एवं अन्याय किया जा रहा है। केन्द्र सरकार ने कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को जुलाई 2025 से तीन प्रतिशत महंगाई देने की घोषणा की थी किन्तु प्रदेश सरकार ने पेंशनर को जनवरी 26 से देने की अन्यायपूर्ण घोषणा की है। पांचवे वेतनमान से सातवें वेतनमान तक के लंबित एरियर्स को जोड़ा शासन द्वारा आज तक नहीं दिया गया है।

## सपाक्स का होली मिलन समारोह सम्पन्न



**रीवा।** गुरुवार को सपाक्स पार्टी कार्यालय में होली मिलन समारोह सम्पन्न हुआ। होली की बधाई उपरांत यूजीसी एक्ट के विरोध में 8 मार्च को दिल्ली विरोध प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में पहुचने की अपील की गई, साथ ही 14 मार्च को पन्ना में आयोजित कार्यक्रम सामाजिक समरसता एवं सदभाव व तारीख 15 को भोपाल कार्यक्रम सर्वसमाज में शामिल होने की भी योजना बनाई गई, जिसमें अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गयी। इस अवसर पर इं देवेंद्र सिंह राष्ट्रीय महासचिवए डॉ पंकज कुमार श्रीवास्तव जिला संरक्षक रमाशंकर दुबे जिला मीडिया प्रभारी डॉ तोषण सिंह जिला महा सचिव आजाद चौहान युवा शहर अध्यक्ष आदर्श शुक्ला युवा ग्रामीण अध्यक्ष संतोष तिवारी इंजी. संजय सिंह एड. संजयसिंह विजय शंकर शर्मा अमरीश सोधिया अनामिका सेन महिला इकाई सहित काफी संख्या सपाक्सी जन उपस्थित रहे।

## भावान्तर योजना छोटे किसानों के लिये वरदान साबित होगी




**रीवा।** भावान्तर योजना लागू होने से जिले के किसान काफी प्रसन्न हैं। वह कहते हैं कि यह योजना छोटे किसानों के लिये वरदान साबित होगी। रीवा जिले में सरसों व राई की खेती करने वाले किसान इस योजना के लागू होने से उत्साहित हैं। परसिया गांव के किसान सूर्यमणि त्रिपाठी व रजनीश विश्वकर्मा कहते हैं कि राई व सरसों की फसल का इस योजना से सही दाम मिलेगा और मुनाफा भी होगा। योजना के लिये किसान ह्मदय से मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद ज्ञापित कर रहें। वह कहते हैं कि किसानों की चिंता मुख्यमंत्री जी ने की और यह योजना निरंतर चलती रहे और अन्नदाता लाभान्वित होते रहें।

# सीसीटीवी में पकड़े गए नकलची केन्द्राध्यक्ष ने दर्ज किया प्रकरण




## 12वीं की परीक्षा में 182 छात्र रहे अनुपस्थित

**जागरण,रीवा।** 12वीं और 10वीं की बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं। गुरुवार को 12वीं कक्षा के भूगोल, क्रॉप प्रो. एडं हार्टि., एनॉटामी फिजियोलॉजी एडं हेल्थ एवं डिलाइन की मुख्य परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें जिले में दूसरा नकल प्रकरण बना। यह नकल प्रकरण जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बने कंट्रोल रूम में सीसीटीवी निगरानी से बनाया गया। निगरानी के दौरान एक छात्र नकल करते देखा गया, जिसके बाद तत्काल उसे पकड़ कर नकल प्रकरण तैयार किए जाने के निर्देश दिए गए। केन्द्राध्यक्ष द्वारा नकल प्रकरण तैयार किया गया। बता दें कि गुरुवार को 12वी कक्षा के चार विषयों की परीक्षा आयोजित की गईं जिसमें कुल 8342 छात्रों को शामिल होना था, जिसमें 8180 छात्र शामिल हुए। 182 छात्र अनुपस्थित रहे। बता दें कि निरीक्षण दलों द्वारा भी कई स्कूलों का निरीक्षण किया गया जहां सब कुछ शांति पूर्वक पाया गया। डीईओ रामराज प्रसाद मिश्रा द्वारा रघुनाथगंज, बंधवा, भीर में स्कूलों का निरीक्षण किया गया। वहीं राजेश मिश्रा सहायक संचालक द्वारा लागगांव, हिनौती, सिरमौर में स्कूलों का निरीक्षण किया गया।

# श्री चित्रगुप्त मंदिर में हुआ पूजन-हवन



**रीवा।** चैत्र कृष्ण पक्ष की यम द्वितीया के शुभ अवसर पर शहर के तरहटी स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में भगवान श्री चित्रगुप्त के पूजन का आयोजन विधि विधान से सम्पन्न हुआ। सभी कायस्थ बंधुओं ने पूजन, हवन में सम्मिलित होकर श्री चित्रगुप्त भगवान का आशीर्वाद लिया। पूजन के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इसके बाद होली मिलन समारोह शुरू हुआ। कायस्थ बंधुओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस अवसर पर कायस्थ प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष एच. के. खरे, सचिव विपिन श्रीवास्तव संयोजक अशोक श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष संजय निगम व्यवस्थापक वीरेंद्र श्रीवास्तव एवं मीरा श्रीवास्तव के साथ सभी कायस्थ बंधु आशीष अस्थाना, संतोष श्रीवास्तव, डॉक्टर गोविंद नारायण श्रीवास्तव, राजेश कुमार श्रीवास्तव, विजय कुमार श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव,राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, सुशील खरे, संजय निगम, राजेंद्र निगम, इंजी. विजय श्रीवास्तव, कल्पना श्रीवास्तव, विजय निगम, अवधेश श्रीवास्तव, रिया श्रीवास्तव, श्रेया श्रीवास्तव, दीपांशु श्रीवास्तव, मुकेश कुमार श्रीवास्तव, प्रभु शंकर खरे, डॉ. एस.के. श्रीवास्तव, महेंद्र मोहन श्रीवास्तव, राकेश कुमार श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव , एस . एल .निगम , आलोक श्रीवास्तव, रत्ना श्रीवास्तव, राकेश भूषण श्रीवास्तव, एडवोकेट राजेश कुमार श्रीवास्तव, आदित्य कुमार श्रीवास्तव आदि कायस्थ बंधुओं ने सम्मिलित होकर पूजा की।

# नौनिहालों की जान से खिलवाड़, स्कूल परिसर के अंदर-बाहर झूल रहा खतरा



## नीचे तक लटके हैं बिजली के सर्विस तार, परिसर से बल्ली डालकर आगे ले जा रहे

**जागरण, रीवा।** फूलमती मंदिर के समीप स्थित एक अशासकीय स्कूल के विद्यार्थियों की जान जोखिम में डली हुई है, स्कूल परिसर के सामने से जा रहे बिजली के तार जहां जमीन से कुछ ही दूरी तक झूल रहे हैं, वहीं स्कूल के अंदर स्थित खेल मैदान में भी तारों को लटकते देखा जा सकता है। स्कूल लगने के पूर्व तथा दोपहर में होने वाली छुट्टी के दौरान बच्चे इसी मैदान में खेलते हैं जहां से बल्लियों के सहारे बिजली की लाइन आगे तक ले जाई जा रही है, कई बार बच्चे खेलते-खेलते इस ओर भी आ जाते हैं जहां से लाइन जा रही है, जिनसे कभी भी बच्चों को नुकसान हो सकता है।

स्कूल परिसर के सामने बनी बाउंड्री के सामने पिछले शिक्षा सत्र से तार नीचे झूल रहे हैं, लेकिन स्कूल प्रबंधन ने उसे दुरुस्त करवाना मुनासिब नहीं समझा, जारी शिक्षा सत्र में तार और भी नीचे आ गए। स्कूल परिसर के अंदर मैदान में जिन बल्लियों के सहारे लाइन ले जा रही है, वह बल्लियां भी काफी छोटी हैं।

# नेत्रहीन विद्यार्थियों संग मनाई रंगों की खुशियां

## गोवर्धनम फाउंडेशन का अनोखा होली मिलन समारोह




**रीवा।** समाज में सेवा और संवेदनशीलता की मिसाल प्रस्तुत करते हुए गोवर्धनम फाउंडेशन के 'मिशन जन आवाज' के वरिष्ठ पदाधिकारी देवाशीष अवस्थी द्वारा शहर के नेत्रहीन विद्यालय में एक आत्मीय होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नेत्रहीन विद्यार्थियों के साथ रंगों, खुशियों और अपनत्व के साथ होली का पर्व मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान मिशन जन आवाज की टीम ने विद्यार्थियों के साथ संवाद किया, उन्हें गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं तथा मिठाई और फल वितरित किए। पूरे वातावरण में प्रेम,उत्साह और अपनापन देखने को मिला। नेत्रहीन विद्यार्थियों ने भी गीत-संगीत और अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। इस अवसर पर समाजसेवी अविराज ने कहा कि समाज के हर वर्ग तक खुशियां पहुंचाना ही इस अभियान का उद्देश्य है। होली केवल रंगों का त्योहार नहीं बल्कि प्रेम, समानता और भाईचारे का संदेश देने वाला पर्व है। ऐसे आयोजनों से समाज के उन वर्गों तक भी खुशियों की रोशनी पहुंचती है, जिन्हें अक्सर मुख्यधारा से दूर समझा जाता है।

इस अवसर पर फाउंडेशन के अध्यक्ष अभिषेक सिंह गहरवार सहित कई सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने संकल्प लिया कि भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक व जनहितैषी कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे, ताकि समाज में सेवा और संवेदनशीलता की भावना और मजबूत हो सके। इस अवसर पर अतुल पांडे,आशीष द्विवेदी,लकी मोराई,रामजी तिवारी,देवेंद्र रैकवार,शिव यादव,सुभाष गुप्ता,शंकर मिश्रा सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती का किया निरीक्षण



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने हरिहरपुर धाम में प्राकृतिक खेती का निरीक्षण किया। उन्होंने प्राकृतिक रूप से उगाई गई पालक व चुंकदर की खेती को देखा तथा निर्माणाधीन वायो इनपुट सेंटर मल्टी वेयर फार्मिंग प्रकल्प का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि रीवा जिले में प्राकृतिक खेती का बसामन मामा सहित हरिहरपुर में भी किसानों के लिये प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किया गया है। जहां प्राकृतिक खेती की जा रही है और साथ ही साथ किसानों को प्राकृतिक खेती के संबंध में प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

# अधिकारियों-कर्मचारियों ने लिया व्यसनमुक्त जीवन का प्रण

## बिरला केबल विंध्य टेलीलिंक में नशा मुक्ति संकल्प




**रीवा।** ब्रह्मा कुमारीज द्वारा संचालित नशा मुक्ति रथ बिरला केबल विंध्य टेलीलिंक परिसर पहुँचा, जहाँ लगभग 150 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए नशामुक्त जीवन जीने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वाइस प्रेसिडेंट (कमर्शियल) रंजन कुमार रूंगटा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। साथ ही जगदीश महाजन, राकेश शाही, देवराज धनगर सहित अन्य अधिकारी भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। बीके राजेश शाही, जो इसी संस्थान के कर्मचारी हैं और पिछले 15 वर्षों से पूर्ण नशामुक्त जीवन व्यतीत कर रहे हैं, ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि आध्यात्मिकता और राजयोग के अभ्यास से किसी भी प्रकार के नशे से मुक्ति संभव है। शिव बाबा का रथ परिसर में पहुँचते ही वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। सभी ने परमपिता परमात्मा के संदेश को सुनकर जीवन में दुआओं का महत्व, श्रेष्ठ कर्म और समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को समझा। इस कार्यक्रम में बीके विजय देव, बीके सुभाष, बीके सूरज एवं बीके रोहित विशेष रूप से विश्व आध्यात्मिक सेवाधारी के रूप में उपस्थित रहे। ब्रह्मा कुमारीज रीवा की संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी लता दीदी के कुशल नेतृत्व में और नशा मुक्त भारत अभियान के नोडल निदेशक राज योगी ब्रह्मकुमार प्रकाश भाई के संयोजकत्व में यह कार्यक्रम अनवरत संचालित हो रहा है। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने नशा मुक्त जीवन जीने का संकल्प लिया और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का वचन दिया।

# रेलवे: नियम तय हैं, तौलने का इंतजाम नहीं

## भारी पड़ रहा है लगेज, पार्सल यान पर नहीं रेलवे का ध्यान नहीं

### ज्यादा सामान होने पर कार्रवाई का प्रावधान, ट्रेनों में अक्सर होते हैं विवाद




**जागरण,रीवा।** ट्रेनों में सफर के दौरान यात्री कितना लगेज ले जा सकता है, इसका दायरा रेलवे ने तय कर रखा है। बावजूद इसके यात्री कई किलो सामान लेकर सफर कर रहा है। यही नहीं, सीट के नीचे और सीट पर भी पूरा सामान फैला रहता है जिसके कारण विवाद की स्थिति भी बनती है। रेलवे ने स्लीपर कोच के लिए 40 किलो एक यात्री के लिए सामान की सीमा तय कर रखी है, इससे ज्यादा लगेज होने पर जुर्माने का प्रावधान है, इसके बाद भी अगर कोई कार्रवाई करने आता है तो यात्री विवाद करने से भी पीछे नहीं हटते। कई बार ज्यादा लगेज होने पर साथ में यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ती है। रेलवे में वैसे तो नियम यह है कि एसी फर्स्ट में 70 किलो, एसी टू में 50 किलो, एसी थ्री में 40 और स्लीपर कोच में 35 से 40 किलो वजन तक बैग या सूटकेस ले जा सकते हैं। हालांकि इससे थोड़ा बहुत ज्यादा हुआ तो भी कोई परेशानी नहीं होती है लेकिन ट्रेनों में सफर के दौरान कई यात्री अपनी पूरी गृहस्थी लेकर सफर करते हैं, जिससे परेशानी बढ़ती है। रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी भी कोई तौल नहीं करते हैं लेकिन कई यात्री ऐसे भी होते हैं जो यात्रा के दौरान सीट के नीचे पूरा सामान रखते हैं साथ ही सीट के ऊपर आसपास उनका पूरा सामान फैला रहता है, जबकि रेलवे का नियम है कि लगेज ज्यादा होने पर उसे पार्सल में बुक करना होता है या फिर जुर्माना चुकाना होता है।

### फ्लाइट में कोई जोर नहीं

फ्लाइट से यात्रा करने पर फ्लायर्स का कोई जोर नहीं चलता। हवाई यात्रा में तय मानक से ज्यादा लगेज होने पर जुर्माना तो लगता ही है लोग भी जागरूक रहते हैं और कोशिश करते हैं कि तय सीमा का सामान लेकर ही जायें। एयरपोर्ट पर पूरे सामान की चेकिंग होती है और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाता है जिससे यहां लोग हर नियम मानते हैं लेकिन रेलवे में सारे नियम दरकिनार कर दिये जाते हैं।

### होली के कारण बढ़ी थी भीड़

होली का पर्व होने के कारण इस समय हर ट्रेन में यात्रियों की भीड़ रही। यात्रियों के साथ उनका लगेज भी बहुत ज्यादा रहा, यही कारण है कि जहां ट्रेनों में बैठने जगह नहीं है उसमें अगर कोई ज्यादा लगेज लेकर चढ़ेगा तो विवाद की स्थिति रही। रीवा से निकलने व आने वाली कई ट्रेनों में इस समय लगेज को लेकर आए दिन विवाद भी होते हैं, जिनकी शिकायतें भी होती हैं लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जाता है।

# सैनिक स्कूल में हुआ शौर्य का चयन

## नामदेव समाज ने दी शुभकामनाएं



**रीवा।** नामदेव समाज ने शौर्य नामदेव के 92 प्रतिशत अंक के साथ सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर बधाई देते कहा कि यह समाज के लिए गौरव की बात है। समाज के होनहार बच्चों के लिए प्रेरणाप्रद है। शहर के किड्स वर्ल्ड स्कूल के प्रतिभाशाली छात्र शौर्य नामदेव के पिता अमित नामदेव माता आरती नामदेव दादा मोहन नामदेव शौर्य की पढ़ाई में भरपूर सहयोग करते रहे। शौर्य के उज्ज्वल भविष्य की कामना व प्रसन्नता व्यक्त करने वालों में समाज के अध्यक्ष राजेश नामदेव लाला, बैद्यनाथ नामदेव, श्रवण नामदेव, श्रीचंद्र नामदेव, जे पी नामदेव,राजेश नामदेव राजू, राजकुमार नामदेव, रामायण प्रसाद नामदेव, राम सुमिरन नामदेव, बालमुकुंद नामदेव ,डॉक्टर अशोक नामदेव, अयोध्या प्रसाद नामदेव, मोतीलाल नामदेव, विनोद नामदेव, कौशल नामदेव, रामनिवास नामदेव, डॉक्टर रामनरेश नामदेव, बृज किशोर नामदेव पप्पू,लक्ष्मी प्रसाद नामदेव, नत्थू प्रसाद नामदेव, तारेश नामदेव, रमेश नामदेव कुंज बिहारी नामदेव आदि शामिल हैं।

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate
केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल फोन : 8989014648
ई-नीलामी सूचना

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]

चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **27.03.2026** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी-**मेसर्स शौर्य इण्डस्ट्रीज** प्रोपराइटर- श्री विक्रम प्रताप सिंह पुत्र श्री सरयु सिंह (निदेशक- केरला पब्लिक स्कूल), बोदाबाग तहसील - हुजूर, रीवा (म.प्र.)486001 श्री विक्रम प्रताप सिंह पुत्र श्री सरयु सिंह श्रीमती माधुरी सिंह पत्नि श्री विक्रम प्रताप सिंह | रिहायशी मकान स्थित भूमि खसरा नं. 893/3,894/3 मौजा- बोडा, जनरल नं. 458 प.ह. बोडा 24, वार्ड नं. 08, आनंद नगर, बोडा बाग, आर.आई.सर्कल, रीवा (म.प्र.) 486001 चर्तुसीमाएं- पूर्व- 15 फिट चौड़ी रोड, पश्चिम- सरकारी ग्रामीण रोड, उत्तर-वैन्डर की शेष भूमि, दक्षिण-वैन्डर की शेष भूमि भौतिक कब्जा BAANKNET PROPERTY ID: CNRBSHOURYA2 LATITUDE: 24.556139 LONGITUTDE 81.303334 | 22/07/2021 / 16/12/2022 / दि. 05/03/2026 को ₹ 1,10,26,327.13/- + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 23,45,000/- / ₹ 2,34,500/- / ₹ 10,000/- |

धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 26/03/2026 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक
ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 27/03/2026, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)

(1) इच्छुक बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य की 10% अग्रिम राशि (ईएमडी) सीधे मेसर्स पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड (baanknet.com) पोर्टल के ई-वॉलेट में जमा करनी होगी या चालान जनरेट करके बोली जमा करने की उपरोक्त तिथि को उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करनी होगी।
(2) सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) उसके पक्ष में बिक्री होने के तुरंत बाद जमा करना होगा और शेष राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। यदि सफल बोलीदाता उपरोक्त अनुसार बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
(3) सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
(4) यहां संपत्ति का विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।
विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबपोर्टल http://BAANKNET.com देखें अथवा सम्पर्क करें- मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल 8989014648, 8057766078, 9691096410, 9123403299 (भोपाल), 7905027805 (जबलपुर एवं बिलासपुर), 7683068902 (रायपुर), 9140476074 (ग्वालियर), 9830130770 (इंदौर), 8073562754 (BHOPAL)
दिनांक : 05.03.2026, स्थान : भोपाल
प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

Kalyan Singh Super Specialty Cancer Institute
C.G. City, Sultanpur Road, Lucknow-226002
(An Autonomous Institute of the Govt. of Uttar Pradesh)
Website: https://cancerinstitute.edu.in Email: jdmm.sscih@gmail.com

TENDER NOTICE

On-line offers are invited through Custom/Category bids on GeM portal,
1. GEM/2026/B/7304582 & GEM/2026/B/7304105 dated: 05.03.2026 for the item: Hospital Furniture.
2. GEM/2026/B/7302536 dated: 05.03.2026 for the item: Office Furniture
3. GEM/2026/B/7310232 dated: 05.03.2026 & GEM/2026/ B/7310409 dated: 02.03.2026 for the item: Interactive Panel & Video Wall for KSSSCI.
from Original Equipment Manufacturer/Direct Importers / Authorized Distributors (declared by principal firm only) for the supply & installation
The Vendors are required to submit their offers on GeM portal only in two bids system i.e. Technical and Financial bid as per norms of GeM Portal with terms and conditions as mentioned against bidding documents.
For more detailed information you may please visit the Gem portal www.gem.gov.in or our website https://cancerinstitute.edu.in, for reference only. The Director reserves the right to accept or reject any tender in part or full without assigning any reason thereof.
Advt. No. KSSSCI/Tender- 29/2025-26 Joint DIRECTOR (MM)

## संक्षिप्त खबरें

### अधिकार और न्याय की थीम पर होंगे कार्यक्रम

**विसं, भोपाल।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों, सुरक्षा और न्याय तक उनकी सुलभ पहुंच को सुगम बनाने के लिये अधिकार, न्याय, कार्यवाही महिलाओं और बालिकाओं के लिए थीम पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन स्वर्ण जयंती सभागार में शुक्रवार 6 मार्च को किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया करेंगी। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, न्याय प्राप्ति की प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाना तथा समाज में सुरक्षा और सम्मान का वातावरण मजबूत करना है। विभिन्न विषयों पर संवाद सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें घरेलू हिंसा कानून की जानकारी, न्याय चौपाल के माध्यम से कानूनी सहायता के मॉडल, मानसिक स्वास्थ्य और सायबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहेंगे। कार्यक्रम में सामाजिक संस्थाओं द्वारा अपने अनुभव और सफल पहल साझा की जाएंगी, ताकि महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उनके सशक्तिकरण के लिए प्रभावी मॉडल सामने आ सकें। साथ ही घरेलू कामकाजी महिलाओं द्वारा पॉवर वॉक के माध्यम से आत्मविश्वास, स्वाभिमान और महिला शक्ति का संदेश दिया जाएगा।

**स्वर्ण जयंती सभागार में होगा कार्यक्रम**

### आईपीएस एसो. ने मनाया जोशी का 100वां जन्मदिवस



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के पूर्व डीजीपी और देश के पहले 1948 बैच के आईपीएस अफसर रहे हरिवल्लभ मोहनलाल जोशी (एचएम जोशी) का 100वां जन्मदिवस गुरुवार को मनाया गया। मध्यप्रदेश आईपीएस एसोसिएशन द्वारा पुलिस ऑफिसर्स मेस में आयोजित इस समारोह में पुलिस की तीन पीढ़ियों का संगम भी देखने को मिला। इस दौरान 100 वर्षीय जोशी का सम्मान सबसे जूनियर बैच 2024 की प्रोबेशनर आईपीएस काजल सिंह ने किया। कार्यक्रम में जोशी के जीवन पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई, जिसमें चंबल और बुंदेलखंड में डकैतों के खात्मे के लिए उनके द्वारा बनाई गई रणनीतियों को दिखाया गया। इस दौरान प्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाणा समेत कई अन्य रिटायर्ड डीजीपी भी उन्हें बधाई देने पहुंचे। इस अवसर पर जोशी ने सभी अधिकारियों को ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने का मंत्र दिया।

### प्रशिक्षण कार्यशाला आज रविंद्र भवन में

**विसं, भोपाल।** प्रदेश भाजपा द्वारा 6 मार्च को भोपाल के रविंद्र भवन में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत विषय वक्ता कार्यशाला को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव,प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल,प्रदेश के प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह और महाअभियान के प्रभारी के.सी. पटेल द्वारा संबोधित करेंगे। कार्यशाला में 19 जिलों के विषय वक्तागणों को आमंत्रित किया गया है। इनके अलावा महा अभियान की प्रदेश टोली, संभाग प्रभारी, प्रशिक्षक विषय वक्ता, मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष, जिला प्रभारी फ्रदेश संयोजक सोशल मीडिया, आईटी विभाग, जिला अध्यक्ष, संभाग प्रशिक्षण प्रभारी भी मौजूद रहेंगे।

# संघ की तर्ज पर चलेगा भाजपा संगठन पूर्णकालिकों को मिलेगा महामंत्री का पद

## 18 मार्च को हरियाणा में संघ की बैठक के बाद होंगे निर्णय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री की संगठन पर रहेगी नजर




**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश भाजपा संगठन एक बार फिर से संघ की तर्ज पर चलेगा। इसमें जहां प्रदेश संगठन महामंत्री का पद समाप्त कर संभागीय स्तर पर पूर्णकालिकों को महामंत्री पद की जिम्मेदारी दी जा सकती है, तो क्षेत्रीय संगठन महामंत्री की पूरे संगठन पर नजर रहेगी। यह परिवर्तन 18 मार्च को हरियाण के हिसार में संघ के प्रतिनिधि सभा की बैठक के बाद संभावित है। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में पूर्व में संभागीय संगठन मंत्री के पदों पर संघ की पृष्ठभूमि से आए पूर्णकालिक नेताओं को बैठाया जाता था, लेकिन जब लगभग 12 साल पहले मध्यप्रदेश संगठन के महामंत्री पद पर अरविन्द मेनन की नियुक्ति की गई, तब जिला संगठन महामंत्री के पद समाप्त कर दिए गए थे। इसके उपरांत सुहास भगत के कार्यकाल में संभागीय संगठन महामंत्री की व्यवस्था को खत्म किया गया था। लेकिन सूत्रों की मानें तो लगभग चार साल बाद एक बार फिर से भाजपा अपनी पुरानी रणनीति के आधार पर संगठन को और मजबूत बनाने की दिशा में काम कर रही है। उल्लेखनीय है कि संघ भी अब अपने प्रांत प्रचारक के स्थान पर संभागीय मुख्यालयों में अपने पदाधिकारियों को नियुक्त कर सकती है। ऐसा इसलिए किया जा रहा है कि प्रचारक सीमित क्षेत्र में और मजबूत से अपने मिशन को आगे बढ़ा सके। बताया जा रहा है कि संघ प्रदेश स्तर पर प्रदेश प्रचारक के रूप में किसी पूर्णकालिक को जिम्मेदारी देगी। संघ के हिसाब से ही भाजपा भी संगठन की दृष्टि से अपने संभागीय मुख्यालय पूर्णकालिकों को सौंप सकती है। जिससे निचले स्तर पर होने वाले विवाद और अन्य तरह की स्थिति को संभागीय स्तर पर ही समाप्त किया जा सके।

### बैठक से पहले नियुक्तियां

संघ की प्रतिनिधि सभा की बैठक से पहले मप्र भाजपा सभी संगठनात्मक पदों पर नियुक्ति कर देगी। फिलहाल भाजपा को तीन से चार मंडल की टीमों का गठन करना है, तो युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति मोर्चे की टीम का भी गठन करना है। संगठन का यह भी प्रयास है कि निकायों में एल्डरमैन, जनभागेदारी समितियों में नियुक्तियों जैसे काम भी जल्द पूरा कर दिया जाए। इसके लिए प्रदेश संगठन के निर्देश पर जिला ईकाइयों द्वारा निकायों व जनभागेदारी समितियों के पदों के लिए नामों की सूची भेजी जा रही है।

### भाजपा ने मांगे 30 प्रचारक

भाजपा ने संघ से 30 प्रचारकों की मांग की है। उनके द्वारा 18 मार्च को होने वाली संघ की प्रतिनिधि सभा की बैठक में अपनी मांग को फिर से दोहराया जाएगा। इस बैठक में भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन भी मौजूद रहेंगे। कहा जा रहा है कि यदि संघ भाजपा की मांग को पूरा करती है, तो संघ के कई वरिष्ठ नेता भाजपा में अपना योगदान देंगे और फिर भाजपा अपने राष्ट्रीय स्तर से लेकर प्रदेश स्तर पर कई बड़े बदलाव कर सकती है। इस बैठक में मौजूदा सहसंगठन महामंत्री शिवप्रकाश,क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल के भविष्य के बारे में भी निर्णय हो सकता है।

### छोटी टोली ने हितानंद का दायित्व बदला

उल्लेखनीय है कि पिछले महीने इंदौर में संघ की छोटी टोली की बैठक हुई थी। इस बैठक में मध्यप्रदेश में पदस्थ सभी प्रांत प्रचारक व विभाग प्रचारक मौजूद रहे थे। इसी बैठक में हितानंद शर्मा को प्रदेश संगठन मंत्री के पद से मुक्त कर बौद्धिक सह प्रचारक बनाया गया था। बताया गया कि जब देश भर में सभी छोटी टोलियों की बैठक पूरी हो जाएगी,तब संघ की प्रतिनिधि सभा की बैठक होगी। जिसमें छोटी टोली में लिए गए निर्णयों और फीडबैक के आधार पर प्रतिनिधि सभा दूसरे निर्णय ले सकती है।

# मंत्री टेटवाल मामले में नया मोड़ दो जाति प्रमाण पत्र आए सामने

## याचिका पर इंदौर हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई



**विसं, भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार के राज्यमंत्री गौतम टेटवाल की जातिप्रमाण पत्र को लेकर नई बात सामने आई है। उन पर आरोप है कि वे ओबीसी के जीनगर समुदाय से हैं, लेकिन उन्होंने अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सारंगपुर सीट से फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर चुनाव लड़ा। प्रदेश के कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल के खिलाफ यह मामला इंदौर हाईकोर्ट में चल रहा है। मंत्री के एक ही स्कूल से जो अलग-अलग जाति प्रमाण पत्र प्रमाण पत्र सामने आए हैं। इस संबंध में हाईकोर्ट में याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि मंत्री के स्कूली दस्तावेजों में उनकी जाति जीनगर दर्ज है, तो वहीं स्कूल प्राचार्य की ओर से जो प्रमाण पत्र जारी किया गया है, उसमें उनकी जाति मोची बताई गई है। नगर पालिका के दाखिला रिकार्ड में भी उनके दादा की जाति मोची दर्ज होने का दावा किया गया है। बताया गया है कि यह पूरा मामला गुना निवासी कोमल प्रसाद शाक्य की दायर रिट याचिका 21875-2024 से जुड़ा है। इसमें उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्री ने सारंगपुर विधानसभा का चुनाव फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर लड़ा है। शाक्य द्वारा अपने दावों की पुष्टि के लिए टेटवाल के पिता की सर्विस बुक, परिवार वंशावली और आटीआई से प्राप्त स्कॉलर पंजी जैसे कई महत्वपूर्ण दस्तावेज कोर्ट में पेश किए हैं। इस संबंध में याचिकाकर्ता ने कहा है कि वर्ष 2007 और वर्ष 2013 में आरटीआई के माध्यम से जो रिकार्ड प्राप्त हुए हैं, उसमें विधायक की जाति जीनगर और वर्ग पिछड़ा दर्ज है। इसके विपरीत बचाव पक्ष ने जो प्रमाण पत्र वर्ष 2011 की तारीख वाला पेश किया है, उसमें जाति मोची अंकित है। उन्होंने कहा कि इस नए प्रमाण पत्र की सत्यता संदिग्ध है।

### पीएम को लिखा पटवारी ने पत्र, 8 हजार पद भरने का आग्रह

**विसं, भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर राज्य के कृषि विभाग में रिक्त 8 हजार पदों को भरे जाने का आग्रह किया है। उन्होंने पत्र में लिखा कि कृषि कल्याण वर्ष में ही विभाग का 60 प्रतिशत अमला गायब है,जिससे किसान परेशान है। पटवारी ने पत्र में लिखा कि मध्यप्रदेश को कृषि प्रधान राज्य माना जाता है,लेकिन प्रदेश में कृषि तंत्र सरकारी उदासीनता की वजह से कमजोर हो गया है,जिससे राज्य के किसान परेशान और भ्रमित हैं।

# पुनर्वास केंद्रों के कर्मचारियों को नहीं मिल रहा समय पर मानदेय

## सार्थक ऐप से होगी मॉनिटरिंग, समय पर वेतन देने के निर्देश

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के सामाजिक न्याय विभाग के पुनर्वास केंद्रों और वृद्धाश्रमों के कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है। विभाग के पास शिकायतों के बाद अब नए सिरे से निर्देश जारी किए गए हैं। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने इन शिकायतों के सामने आने के बाद प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश जारी किए हैं कि जिला विकलांग पुनर्वास केंद्रों और वरिष्ठ आश्रमों के कर्मचारियों का मासिक मानदेय अब जिला स्तर पर ही समय-सीमा में दे दिया जाए। इससे पहले मानदेय के प्रस्ताव संचालनालय को भेजे जाते थे, जहां से मंजूरी मिलने में देरी होने के कारण कर्मचारियों को कई माह तक मानदेय नहीं मिल पाता था। विभाग में ऐसे लगभग एक हजार कर्मचारी हैं।

### अब सार्थक ऐप से लगेगी अटेंडेंस, 5 तारीख को मिलेगा वेतन

नए निर्देशों के अनुसार, अब इन सभी कर्मचारियों को मानदेय का भुगतान सार्थक ऐप पर दर्ज उनकी हाजिरी के आधार पर ही किया जाएगा। इसके साथ ही इन सभी कर्मचारियों की जानकारी विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन हर माह अपडेट करनी होगी। विभाग ने साफ किया है कि सामाजिक सुरक्षा अधिकारियों को मोबाइल ऐप के माध्यम से इन संस्थाओं का प्रतिमाह अनिवार्य निरीक्षण करना होगा। यदि किसी संस्था को च्सीच या च्डीच ग्रेड प्राप्त होता है और 3 माह तक सुधार नहीं होता है, तो संबंधित कर्मचारियों की वार्षिक वेतन वृद्धि रोकी जा सकती है और आश्रम की मान्यता समाप्त करने का प्रस्ताव भेजा जा सकता है। नए निर्देश के अनुसार मानदेय, भरण-पोषण और संचालन राशि का भुगतान जिला स्तर पर निराश्रित निधि की ब्याज राशि से हर माह की 5 तारीख तक किया जाएगा।

# समय पर दफ्तर आने का क्रम नहीं सुधरा तो 6 दिवसीय व्यवस्था होगी लागू: सीएम

## मुख्यमंत्री ने कहा -बेहतर परफार्मेंस और परिणाम देने वाले ही बनेंगे कलेक्टर




**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अधिकारी कर्मचारियों से कहा कि यदि कार्यालयीन समय के पालन में सुधार नहीं आया तो राज्य में 6 कार्य दिवसीय सप्ताह की व्यवस्था लागू कर दी जाएगी। राजधानी सहित प्रदेश में आकस्मिक निरीक्षण की प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि परिणाम और बेहतर परफार्मेंस करने वाले अधिकारी की जिलों में कलेक्टर रहेंगे। मुख्यमंत्री गुरुवार को मंत्रालय में जिला कलेक्टर्स से वर्चुअल संवाद कर रहे थे। उगेहूं उपार्जन प्रक्रिया में किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। जिला कलेक्टर पंजीकृत किसानों में से चिन्हित किसानों के सत्यापन, उपार्जन केन्द्रों पर बारदानों की उपलब्धता और किसानों को समय पर भुगतान के लिए शत-प्रतिशत व्यवस्था सुनिश्चित करें। उपार्जन कार्य में लगे अमले के उपयुक्त प्रशिक्षण सहित जिला उपार्जन समिति द्वारा नियमित बैठक कर समस्याओं के त्वरित निदान की व्यवस्था की जाए। सभी कलेक्टर खाड़ी देशों में वर्तमान में निर्मित अप्रत्याशित परिस्थितियों को देखते हुए इन देशों में रह रहे जिले के विद्यार्थियों, नागरिकों के परिवारों से सम्पर्क में रहे। उन्होंने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान का अंतिम चरण जारी है। अभियान के अंतर्गत 40 लाख आवेदनों का निराकरण हुआ है। अभियान में किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो कलेक्टर्स जिले की सभी गतिविधियों में परफार्मेंस और परिणाम देंगे वे ही मैदान में रहेंगे, यह सिद्धांत सभी अधिकारी-कर्मचारियों पर भी लागू होगा।

### कर्मचारियों से कार्यालयीन समय का पालन करने की अपेक्षा

डॉ. यादव ने कहा कि अधिकारियों और कर्मचारियों से कार्यालयीन समय का पालन करने की अपेक्षा है। गत दिवस मंत्रालय में कार्यालयीन समय अनुसार उपस्थिति का आकस्मिक निरीक्षण कराया गया था। कलेक्टर्स द्वारा अपने स्तर पर इस प्रकार के निरीक्षण की व्यवस्था की जाए। कार्यालयीन स्टॉफ को दी गई सुविधाएं, उनका अधिकार है, इसके साथ उनसे नियमानुसार कार्य लेना भी सुनिश्चित हो। प्रदेश में वर्ष 2026 किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। जिलों में होने वाले परम्परागत मेलों में कृषि-पशुपालन आदि क्षेत्र में नवाचार करने वालों या विशेष उपलब्धि अर्जित करने वालों की प्रदर्शनी लगाई जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिला स्तर पर होम-स्टे को प्रोत्साहित करने के भी कलेक्टर्स को निर्देश दिए। बैठक में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अशोक बर्णवाल, श्री संजय दुबे, नीरज मंडलोई, श्रीमती दीपाली रस्तोगी, शिवशेखर शुक्ला एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सीएस छुट्टी पर, टल सकती है कलेक्टर सूची

## फेरबदल को लेकर अधिकारियों के नामों की तैयार हो चुकी है सूची

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्य सचिव अनुराग जैन के अवकाश पर जाने की वजह से प्रदेश की संभावित प्रशासनिक सर्जरी कुछ दिनों के लिए टल सकती है। विशेष तौर पर एक दर्जन से ज्यादा कलेक्टर व मैदानी अधिकारियों के स्थानांतरण आदेश अब सीएस के वापस लौटने पर जारी होने की बात कही जा रही है। प्रशासनिक सूत्रों की मानें तो मुख्य सचिव अनुराग जैन ने अचानक अवकाश पर जाने की वजह से जिलों के कलेक्टर व अन्य मैदानी प्रशासनिक अधिकारियों के स्थानांतरण की सूची टल सकती है। कहा जा रहा है कि संभावित फेरबदल को लेकर अधिकारियों के नामों की सूची तैयार हो चुकी है। इस पर मुख्यसचिव जैन की मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से साथ मंत्रणा होनी थी। लेकिन उनके अवकाश में रहने तक यह सूची रुक सकती है।

### पांच दिन राजौरा संभालेंगे जिम्मेदारी





प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन पांच दिन के अवकाश पर रहेंगे। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा प्रभारी मुख्य सचिव का दायित्व संभालेंगे। जानकारी के अनुसार सीएस अनुराग जैन अपने ससुर का निधन होने की वजह से अवकाश पर गए हैं। वे पांच दिनों तक अवकाश पर रहेंगे। उनकी अनुपस्थिति में अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा को मुख्य सचिव का प्रभार सौंपा गया है। गौरतलब है कि मुख्य सचिव जैन को अगस्त 2025 में एक वर्ष का एक्सटेंशन दिया गया है। ऐसे में वे अगस्त 2026 को सेवानिवृत्त होंगे। इस संबंध में गुरुवार को आदेश जारी कर दिया गया। जिसमें सरकार से स्पष्ट किया है कि यह अवकाश अस्थायी है और छुट्टी खत्म होने के बाद अनुराग जैन फिर से मुख्य सचिव पर का कार्यभार संभालेंगे।

ऐसा माना जा रहा है कि सीएस के वापस लौटने के उपरांत ही सूची जारी कर दी जाएगी। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में जल्द ही जनगणना का कार्य प्रारम्भ होना है। जिसमें कलेक्टर की भूमिका अहम रहेगी। ऐसे में राज्य सरकार जनगणना का कार्य शुरु होने से पहले नए सिरे से जिलों में जमावट करना चाहती है। इसमें दूसरे मैदानी अधिकारी भी प्रभावित होंगे।

### कई अधिकारियों की जाएगी कलेक्टरी

सूत्रों की मानें तो लगभग एक दर्जन जिलों के कलेक्टर बदले जा सकते है। उनके स्थान पर कुछ प्रमोटी आईएएस अधिकारी तो कुछ डायरेक्टर आईएएस अधिकारियों को पहली बार कलेक्टर बनने का मौका मिल सकता है।

### आईएएस सिसोनिया का निलंबन बढ़ा

इधर इंदौर के भागीरथपुरा दूषित पानी मामले में निलम्बित किए गए तत्कालीन अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया का निलम्बन राज्य शासन ने एक महीने और बढ़ा दिया है। बताया गया है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सिसोनिया ने नोटिस का जवाब नहीं दिया था।

# प्रदेश में पेट्रोल और डीजल गैस की उपलब्धता पर्याप्त



**बैठक में ऑयल कंपनियों के प्रतिनिधियों ने दी जानकारी**

**विसं, भोपाल।** राज्य शासन ने कहा कि मध्यप्रदेश में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। सरकार ने अधिकारियों से कहा है कि उन्होंने यह सुनिश्चित करना है कि डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी की जमाखोरी एवं कालाबाजारी किसी भी स्थिति में न हो। डीलर स्तर पर प्रतिदिन स्टॉक की समीक्षा की जाए। गुरुवार को अपर मुख्य सचिव खाद्य रश्मि अरुण शमी ऑयल कंपनियों के प्रतिनिधियों से उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मंत्रालय में पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता की समीक्षा के दौरान जानकारी दी। बैठक में ऑयल कंपनियों के प्रतिनिधियों ने बताया कि वर्तमान खपत को देखते हुए पेट्रोलियम पदार्थों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। बैठक में अपर मुख्य सचिव ने ऑयल कंपनियों को जिलावार अपने फील्ड ऑफिसर तथा डिपो प्रभारी को संभागायुक्त एवं कलेक्टर से सम्पर्क करने तथा नियमित रूप से स्टॉक की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। गौरतलब है कि वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य को देखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता की समीक्षा के निर्देश दिये थे।बैठक में कमिश्नर खाद्य कर्मवीर शर्मा, एमडी नागरिक आपूर्ति निगम अनुराग वर्मा और ऑयल कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**युद्ध** — दिल्ली के बाद राजधानी के वल्लभ भवन में भी बनाया कंट्रोल रूम

# विदेश में फंसे एमपी के लोगों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** ईरान एवं इजराइल-अमेरिका युद्ध के चलते पश्चिम एशिया (मिडल ईस्ट) के देशों में फंसे प्रदेश के नागरिकों की सुरक्षा और सहायता के लिए भोपाल के वल्लभ भवन में भी विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है । इस पर वर्तमान में प्रभावित क्षेत्रों में फंसे हुए हैं या वहां रह रहे प्रदेश के नागरिक या उनके परिजन फोन या व्हाट्सएप के जरिए जानकारी दे सकते हैं । प्रदेश सरकार इन नागरिकों को वहां से निकालकर सुरक्षित प्रदेश वापसी के लिए अपने स्तर पर प्रयास करेगी। हालांकि एमपी सरकार के पास फिलहाल एमपी के विदेश में फंसे नागरिकों के बारे में सटीक डाटा नहीं है, लेकिन अनुमान के मुताबिक प्रदेश के अलग-अलग जिलों से लगभग 700 लोग अब भी विदेश में फंसे हुए हैं। एमपी के विदेश में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए गृह विभाग एवं राच्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की सचिव कृष्णावेणी देशावतु को समन्वयक बनाया गया है ।



### ये हेल्पलाइन नंबर जारी

वल्लभ भवन, भोपाल (कंट्रोल रूम)-
फोन- 0755-2708055, 0755-2708059
व्हाट्सएप नंबर- +91 76488 62100
ईमेल- sderf.vbsr@gmail.com

मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली (24×7)-
फोन- 011-26772005
व्हाट्सएप नंबर- 9818963273
ईमेल- mphelpdeskgulf@gmail.com

### दिल्ली के बाद भोपाल में बना कंट्रोल रूम

राज्य सरकार ने दो दिन पहले दिल्ली के एमपी भवन में एक कंट्रोल रूम शुरू कर वहां की हेल्पलाइन जारी की थी । अब भोपाल के वल्लभ भवन में भी कंट्रोल रूम चालू कर दिया गया है जो चौबीसों घंटे काम करेगा । इन कंट्रोल रूम पर आने वाली जानकारी के आधार पर विदेश में फंसे एमपी के नागरिकों को आपात स्थिति, दुर्घटना या आकस्मिक आवश्यकता के दौरान तत्काल मदद पहुँचाने की कोशिश की जाएगी । जानकारी के मुताबिक कंट्रोल रूम को जानकारी मिलते ही भारत सरकार और अन्य संबंधित केंद्रीय एजेंसियों को भी इसकी सूचना दी जाएगी, ताकि प्रभावित नागरिकों की जल्द सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की जा सके । राज्य सरकार ने अपील की है कि किसी भी आपात स्थिति में इन नंबरों का उपयोग करें ।

# केंद्रीय मंत्री चौहान ने जन्मदिन पर लिए संकल्प

## प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को दी जाएगी मुफ्त कोचिंग, स्मार्ट सिटी पार्क में पौधरोपण



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को अपना 66 वां जन्मदिन मनाया। इस मौके पर उन्होंने पांच संकल्प भी लिए। केन्द्रीय मंत्री चौहान ने अपने परिवारजनों के साथ भोपाल के स्मार्ट सिटी पार्क में पौधारोपण भी किया। यहां उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि वे अपने जन्मदिन पर कुछ विशेष कदम संकल्प के तौर पर उठा रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी केन्द्रीय मंत्री चौहान को उनके जन्मदिन पर बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स के जरिए अपना शुभकामना संदेश दिया।

### ये लिए पांच संकल्प

**पर्यावरण संरक्षण :** प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे चौहान ने अपने जन्मदिन पर कहा कि वे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि पेड़ करोड़ो जीवों का घर और हमारे लिए आक्सीजन की फैक्ट्री है। हमें यदि धरती का तापमान कम करना है,तो पड़े लगाना होगा।

**मामा कोचिंग क्लासेस:** चौहान ने कहा कि वे विदिशा,रायसेन और भैरुंदा में गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क कोचिंग प्रारम्भ करेंगे। जिससे प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को कोचिंग दी जाएगी। इससे पैसों की कमी के कारण किसी भी बच्चें का भविष्य खराब नहीं होगा।

**प्रतिभा सम्मान:** पूर्व सीएम ने कहा कि वे अपने माता-पिता की स्मृति में विदिशा संसदीय क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए प्रेम-सुंदर प्रतिभा सम्मान का शुभारंभ करेंगे। साथ ही टॉपर्स को सम्मान राशि भी दी जाएगी।

**मामा चलित अस्पताल:** चौहान ने अपने संसदीय क्षेत्र में आने वाले सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए मामा चलित अस्पताल शुरु करेंगे। जो क्षेत्र के गांवों और मजरे टोलों तक जाएंगे। इन चलित अस्पतालों में आधुनिक जांच और बेहतर चिकित्सकों द्वारा हर गरीब की निःशुल्क जांच की जाएगी।

**मेडिकल मोबाइल बैन होगी शुरू:** संसदीय क्षेत्र की सभी विधानसभा क्षेत्रों में मोबाइल मेडिकल क्लिनिक शुरु करने की योजना बनाई है। जिसमें आवश्यक दवाईयां और प्राथमिक जांच के उपकरण जैसे ईजीसी और ब्लड टेस्ट की सुविधाएं मौजूद रहेगी। इन मोबाइल बैन में डाक्टर और कंपाउंडर भी मौजूद रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

**तमिलनाडु विधानसभा चुनाव**

### डीएमके-कांग्रेस में सीट शेयरिंग तय



**चेन्नई, जेएनएन।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए द्रविड़ मुनेत्र कषगम और कांग्रेस पार्टी में बुधवार को सीट बंटवारे पर मुहर लग गई। डीएमके ने कांग्रेस को 28 सीट दी हैं। इसके अलावा पार्टी को एक राज्यसभा सीट भी दी गई है। पार्टी नेताओं के अनुसार यह फैसला डीएमके अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन और तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के. सेल्वपेरुंथगई के बीच हुई बैठक में लिया गया। राज्य में विधानसभा की 234 सीटें हैं। 2021 के चुनाव में डीएमके ने 133 सीटें जीती थीं, जबकि कांग्रेस को 18 सीटें मिली थीं।

### हैदराबाद में हुआ विजय रश्मिका का रिसेप्शन



**हैदराबाद।** विजय और रश्मिका का रिसेप्शन 4 मार्च को हैदराबाद के होटल ताज कृष्णा में हुआ। कपल ने 26 फरवरी को उदयपुर में इंटिमेट वेडिंग की थी। रश्मिका-विजय के रिसेप्शन में बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के कई सेलेब्स हैदराबाद पहुंचे हैं, जिनमें फिल्ममेकर करण जौहर, कृति सेनन, रिया, कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश, नीना गुप्ता के अलावा कई राजनेता शामिल हुए। बॉलीवुड से करण जौहर, कृति सेनन समेत कई लोग रिसेप्शन में पहुंचें, वहीं साउथ से चिरंजीवी, नागार्जुन, रामचरण जैसे की स्टार्स ने भी शिरकत की। विजय देवरकोंडा बोले-अंडरग्राउंड हो जाऊंगा रिसेप्शन में तस्वीरें क्लिक करवाते हुए विजय देवरकोंडा ने कहा है कि ये उनकी शादी से जुड़ी आखिरी सेरेमनी है, इसके बाद वो अंडरग्राउंड हो जाएंगे।

### सचिन के बेटे अर्जुन ने सानिया के साथ लिए फेरे



**मुंबई, जेएनएन।** सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर की आज सानिया चंडोक के साथ मुंबई में शादी हुई। समारोह में अमिताभ बच्चन, मुकेश अंबानी और जय शाह पहुंचे। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी भी पत्नी साक्षी के साथ आए। वहीं, पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़, अनिल कुंबले क्रिकेटर अजिंक्य रहाणे, सुरेश रैना, हरभजन सिंह भी मौजूद रहे। शादी के फंक्शन 3 मार्च से ही चल रहे हैं। अर्जुन तेंदुलकर और सानिया चंडोक के प्री-वेडिंग फंक्शन 27 फरवरी को गुजरात के जामनगर में अंबानी परिवार के घर में हुए थे। दोनों ने अगस्त 2025 में सगाई की थी। सानिया चंडोक ग्रैविस ग्रुप के चेयरमैन रवि घई की पोती हैं। अर्जुन की बहन सारा की करीबी दोस्त भी हैं। सानिया चंडोक मशहूर बिजनेस परिवार से ताल्लुक रखने के बावजूद सानिया लाइमलाइट से दूर रहती हैं।

# जन्म स्थान मशहद में ही दफनाए जाएंगे खामेनेई, दिन और तारीख अभी तय नहीं

## इजरायल का दावा: 300 ईरानी लॉन्चर नष्ट, 4 दिन में 787 लोगों गई जान



**तेल अवीव/तेहरान, जेएनएन।** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई को मशहद में दफनाया जाएगा। हालांकि दिन-तारीख तय नहीं है। ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी के मुताबिक खामेनेई को इमाम रजा (अलैहिस्सलाम) की दरगाह के पास सुपुर्दे खाक किया जाएगा। खामेनेई का जन्म भी मशहद में ही 1939 में हुआ था। वह मूल रूप से ईरान के दूसरे सबसे बड़े शहर मशहद के रहने वाले थे, जहां उनके पिता इमाम रजा की दरगाह में दफन हैं। रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने बताया कि दफनाने से पहले तेहरान में एक बड़ा विदाई समारोह होगा। हालांकि, दफनाने की तारीख की घोषणा नहीं की गई है।

**क्यों खास है मशहद?:** दफनाने के लिए मशहद को चुनना बहुत बड़ा सिंबॉलिक है। मारे गए लीडर का जन्मस्थान होने के अलावा यह आठवें शिया इमाम की मजार का घर भी है, जो इसे न सिर्फ देश के सबसे पवित्र शहरों में से एक बनाता है।

**खामेनेई को दफनाने के बाद सुप्रीम लीडर का ऐलान:** ईरान के अगले सुप्रीम लीडर का ऐलान खामेनेई को दफनाने के बाद ही किया जाएगा। मंगलवार को खबर आई थी कि कोम में असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स ने सुप्रीम लीडर के चुनाव के लिए वोटिंग की है। असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स में 88 सदस्य होते हैं, जो देश के सुप्रीम लीडर को चुनते हैं। हालांकि ईरानी अपोजिशन से जुड़े ईरान इंटरनेशनल का दावा है कि असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स ने आईआरजीसी के दबाव में खामेनेई के बेटे मोजतबा को अगला सुप्रीम लीडर चुन लिया है।

उधर दूसरी ओर इजराइल की सेना ने दावा किया है शनिवार से लेकर अब तक इजराइली हवाई हमलों में 300 से ज्यादा ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्चर नष्ट कर दिए हैं।

### जंग के बीच नई शुरुआत



मिशा नाम के एक शख्स ने बुधवार को इजराइल के तेल अवीव स्थित एक भूमिगत बम शेल्टर में शादी की। इस दौरान अपनी दुल्हन लियोर के चेहरे पर घूंघट डाला। यह शादी पहले पेटाह टिकवा में होने वाली थी, लेकिन जंग की वजह से इसे बम शेल्टर में शिफ्ट किया गया। मिशा ने कहा- हालात कैसे भी हों नई शुरुआत होनी चाहिए। जिंदगी रुकना नहीं चाहिए।

### ईरान ने श्रीलंका से नौसैनिकों के शव मांगे

अमेरिकी हमले से हिंद महासागर में डूबे ईरानी युद्धपोत के नाविकों के शव वापस भेजने के लिए ईरान ने श्रीलंका से औपचारिक अनुरोध किया है। श्रीलंका के उप स्वास्थ्य मंत्री हंसाका विजेमुनी के अनुसार ईरान ने अपने मृत नौसैनिकों के शव अंतिम संस्कार के लिए वापस भेजने की मांग की है। बताया गया है कि हालिया हमले के बाद समुद्र से कई शव बरामद किए गए थे। हालांकि युद्ध के चलते शवों को तुरंत वापस भेजने की प्रक्रिया में देरी हो सकती है।

**बड़ा सवाल: नीतिश के बाद किसके हाथ होगी कमान?**

# भाजपा का 'सरप्राइज कार्ड' बिहार में राजनीतिक उबाल



**पटना, जेएनएन।** सीएम नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के ऐलान के बाद बिहार की राजनीति में नया दौर शुरू होने की चर्चा तेज हो गई है। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि नीतीश कुमार के बाद राज्य की कमान किसके हाथ में होगी। कई नाम सामने आ रहे हैं, लेकिन भाजपा में चर्चा है कि पार्टी पारंपरिक दावेदारों से हटकर कोई नया प्रयोग कर सकती है। भाजपा इस बार मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर चौंकाने वाला फैसला ले सकती है। पार्टी में सामाजिक समीकरण वाले चेहरे को आगे किया जाए। खासकर अति पिछड़ा वर्ग या गैर-यादव ओबीसी समाज से किसी नेता को सामने लाने की रणनीति पर मंथन चल रहा है।

**जातीय समीकरण साधने की कोशिश:** बिहार की राजनीति लंबे समय से सामाजिक समीकरणों के इर्द-गिर्द घूमती रही है। ऐसे में भाजपा अगर पहली बार राज्य में अपना मुख्यमंत्री बनाती है तो वह ऐसा चेहरा सामने ला सकती है, जो नए वोट बैंक को जोड़ सके। एनडीए में इस पर चर्चाएं चल रही हैं। भाजपा में यह राय मजबूत बताई जा रही है कि राज्य में अब पार्टी को राजनीतिक ताकत के अनुरूप नेतृत्व मिलना चाहिए।

**सम्राट चौधरी मजबूत दावेदार:** डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी का नाम भी सीएम पद की रेस में प्रमुखता से लिया जा रहा है। कोइरी समाज के सम्राट चौधरी को संगठन और सरकार दोनों का अनुभव है। भाजपा अगर ओबीसी समीकरण को साधना चाहे तो उनका नाम स्वाभाविक रूप से मजबूत विकल्प माना जा रहा है।

### कनाडा में पंजाबी यूट्यूबर की हत्या



**नई दिल्ली, जेएनएन।** कनाडा में पंजाबी मूल की यूट्यूबर नैन्सी ग्रेवाल (45) की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। कैनेडियन पुलिस के मुताबिक मंगलवार की रात करीब साढ़े 9 बजे हमलावर उसके घर में घुसे। उसे घर के भीतर ही चाकू मारे गए, जिसके बाद हमलावर उसे लहूलुहान हालत में छोड़कर फरार हो गए। नैन्सी कनाडा के विंडसर इलाके में रहती थी। इसका पता चलने के बाद पुलिस वहां पहुंची। जहां से नैन्सी को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। वहां के डॉक्टरों के मुताबिक उसे काफी गंभीर चोटें लगी हुई थीं। जिस वजह से उसकी मौत हो गई। हालांकि, नैंसी की बहन ने दावा किया है कि नैंसी की हत्या उसके घर में नहीं हुई बल्कि उसके घर से 45 मिनट की दूरी पर एक पेशेंट के घर के बाहर हुई है। नैन्सी का जन्म हरियाणा में हुआ लेकिन बाद में परिवार लुधियाना शिफ्ट हो गया। अब उसकी मां जालंधर में रहती है। नैन्सी अपने यूट्यूब वीडियो को लेकर सुर्खियों में रहती थी, जिसमें वह खुलकर खालिस्तानियों से लेकर अकाल तख्त जत्थेदार और डेरा ब्यास मुखी तक की आलोचना करती थी।

### महाराष्ट्र देश का सबसे धनी राज्य

# 51 लाख करोड़ तक पहुंची स्टेट जीडीपी



देश के सभी राज्यों में महाराष्ट्र सबसे बड़ी राज्य अर्थव्यवस्था है। राज्य का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) वर्ष 2024-25 में लगभग 46.22 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है, जो 2025-26 में बढ़कर करीब 51 लाख करोड़ तक पहुंच सकता है। यह जानकारी इकॉनामिक सर्वे में दी गई।

- **14 फीसदी** का योगदान देता है महाराष्ट्र, भारत की कुल नॉमिनल जीडीपी में। देश के सभी राज्यों में यह सर्वाधिक है।
- **9.4 फीसदी** योगदान के साथ तमिलनाडु है दूसरे स्थान पर
- **9 फीसदी** के लगभग योगदान देता है उत्तर प्रदेश

**देश की शीर्ष 5 राज्य अर्थव्यवस्थाएं**

| महाराष्ट्र | तमिलनाडु | उत्तरप्रदेश | कर्नाटक | गुजरात |
|---|---|---|---|---|
| 51 लाख करोड़ | 31.18 लाख करोड़ | 29.78 लाख करोड़ | 28.83 लाख करोड़ | 27.03 लाख करोड़ |

*पश्चिम बंगाल, राजस्थान, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश शामिल हैं देश के शीर्ष 10 राज्यों में*

# नेपाल में 60 फीसदी वोटिंग शाह-ओली के बीच मुकाबला

**काठमांडू, जेएनएन।** नेपाल में आम चुनाव के लिए सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक वोटिंग हुई। रात 12 बजे से काउंटिंग शुरू होगी। चुनाव आयोग के मुताबिक दोपहर 60 फीसदी वोटिंग हुई। दूरदराज इलाकों में अभी भी वोटिंग हो रही है। अंतिम आंकड़ा जल्द जारी किया जाएगा। इससे पहले प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने काठमांडू के धापासी स्थित मतदान केंद्र पर वोट डाला था। उन्होंने कहा कि अब उनका रोल पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव देश का भविष्य तय करने वाला है।

नेपाल चुनाव पर दुनिया के कई देशों की नजर है, क्योंकि सितंबर 2025 में युवाओं के हिंसक प्रदर्शनों के बाद यह पहला आम चुनाव है। तब तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की सरकार गिर गई थी। ओली के इस्तीफे के बाद नेपाल की पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनी, जो अब चुनाव करा रही है। इस चुनाव में काठमांडू के पूर्व मेयर बालेन शाह, केपी शर्मा ओली और गगन थापा को प्रधानमंत्री पद का प्रमुख दावेदार माना जा रहा है।



वोट डालती प्रधानमंत्री सुशीला कार्की।

### फर्जी अस्पताल, मरीज और नकली डॉक्टरों के जरिये ठगी

**गुरुग्राम, जेएनएन।** हरियाणा के गुरुग्राम में फर्जी अस्पतालों, नकली मरीजों और झूठे मेडिकल दस्तावेजों के जरिए बीमा कंपनियों से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले बड़े रैकेट का खुलासा हुआ है। पुलिस के अनुसार यह घोटाला कम से कम 1 करोड़ रुपये का है और इसमें एक बड़ा नेटवर्क शामिल होने की आशंका है। यह मामला पिछले महीने गैलेक्सी वन हॉस्पिटल पर पुलिस छापे के दौरान सामने आया। जांच के दौरान पुलिस ने अस्पताल चलाने वाले एएस यादव (55), उनके दो बेटों और तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार 18 फरवरी को अस्पताल पर छापा मारा गया था और 25 फरवरी को आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। मामले की जांच कर रहे अभिषेक जोशी (वेस्ट) गुरुग्राम के मुताबिक, आरोपी केवल एक अस्पताल नहीं चला रहा था, बल्कि उसने चार और फर्जी अस्पताल बनाए थे। ये अस्पताल फारुख नगर, द्वारका और अन्य स्थानों पर कागजों में मेडिकल संस्थान के रूप में पंजीकृत थे, लेकिन असल में इनका इस्तेमाल बीमा कंपनियों से धोखाधड़ी के लिए किया जाता था। जांच में पुलिस को लगभग 60 फर्जी इंश्योरेंस क्लेम फाइलें मिली हैं, जो करीब 25 बीमा कंपनियों से जुड़ी बताई जा रही हैं।

## दो दिन पहले घर से लापता युवक युवती की लाश पहाड़ से नीचे मिली



**जागरण, डिंडौरी।** प्रदेश के डिंडौरी में दो दिन से लापता युवक और युवती की लाश पहाड़ से 150 से फीट नीचे मिली है। दोनों रविवार दोपहर घर से लापता थे। दोनों आपस में रिश्तेदार हैं। पुलिस को घटना की जानकारी चरवाहों ने दी। जिला अस्पताल में पीमए के बाद शव परिजन को सौंप दिए गए। घटना विक्रममपुर पुलिस चौकी के छीरपानी और कच्छ टोला के बीच कल्ले मड़ा पहाड़ की है। पुलिस ने प्रेम-प्रसंग में सुसाइड की आशंका जताई है। युवक की पहचान राजेंद्र परस्ते के रूप में हुई है, जबकि मृतक लड़की 11वीं की छात्रा है। परिजन के अनुसार लड़की रविवार दोपहर घर से निकली थी। परिजन को लगा कि वह पास के बाजार गई होगी। शाम तक नहीं लौटने पर तलाश शुरू की गई, लेकिन वह नहीं मिली। पुलिस चौकी पर सोमवार को गुमशुदगी भी दर्ज कराई गई। युवक के परिजन ने बताया कि राजेंद्र भी रविवार को ही घर से निकला था, उसकी शादी पिछले साल हुई थी। वह डिंडोरी में रहकर बिजली फिटिंग का काम करता था। 27 फरवरी को ही गांव आया था। पुलिस के अनुसार दोनों के शरीर में गंभीर चोट के निशान हैं। शव में कीड़े लग चुके थे। ऐसा तब होता है, जब शव दो से तीन दिन पुराना हो जाता है।

### देसी बम फेंका, सात घायल

**जागरण, कटनी।** शहर के माधवनगर थाना क्षेत्र के बंगला लाइन कैंप में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस दौरान हमलावरों ने देसी बम फेंक दिए, जिससे पांच नाबालिगों सहित सात लोग घायल हो गए। सभी घायलों को तुरंत जिला अस्पताल कटनी में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

### जेलेंस्की ने की अरब देशों को मदद की पेशकश

**कीव, जेएनएन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि उन्होंने ईरान के हवाई हमलों से खुद को बचाने के लिए संयुक्त अरब अमीरात को मदद की पेशकश की है। उन्होंने एक्स पर एक लंबे पोस्ट में कहा कि मैंने यूएई के राष्ट्रपति को हर संभव मदद का भरोसा दिया है। जेलेंस्की ने एक्स पर लिखा, हमने यूनाइटेड अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान के साथ मिडिल ईस्ट और गल्फ क्षेत्रों के हालात की खास बातों पर चर्चा की।

### मुझे रोज रेप की धमकियां मिलती हैं: आयशा



बिग बॉस 17 फेम और धुरंधर फिल्म की स्टार आयशा खान ने हाल ही में महिलाओं की सार्वजनिक जीवन में आने वाली चुनौतियों पर खुलकर बात की। आयशा ने ऑनलाइन सेक्शुअलाइजेशन, यौन हिंसा की धमकियों और अपनी जिंदगी में रेप की कोशिश जैसे दर्दनाक अनुभवों को साझा किया। उन्होंने न सिर्फ रोजाना मिलने वाली रेप की धमकियों का खुलासा किया, बल्कि यह भी बताया कि कैसे एक समय उनके साथ रेप की कोशिश की गई थी। अपने करियर की शुरुआत से ही आयशा सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का शिकार रही हैं। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने एक इंटरव्यू में खुलासा किया था कि उन्होंने पीरियड्स के दौरान धुरंधर फिल्म का शरारत गाना शूट किया था, तो उन्हें जमकर ट्रोल किया गया। उन्होंने कहा कि यह घटना तो महज एक उदाहरण है, असल दर्द इससे कहीं गहरा है। आयशा ने कहा कि इंस्टाग्राम पर लगभग रोजाना उनके शरीर को लेकर अश्लील कमेंट्स किए जाते हैं। उन्होंने कहा, मैं सामान्य टॉप पहनूं तो लोगों को प्रॉब्लम है, स्कर्ट पहनूं तो भी प्रॉब्लम है। मुझे यह सोचना पड़ता है कि पोस्ट करने से पहले क्या पहनूं। इस तरह के माहौल में रहना मानसिक रूप से बेहद दुखद है। उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें ऑनलाइन रेप की धमकियां मिलती हैं, तो उनका जवाब चौंकाने वाला था।

### टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जीत का भोपाल में मना जश्न

**जागरण, भोपाल।** टी-20 विश्वकप क्रिकेट के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ भारत की शानदार जीत पर मध्य प्रदेश में क्रिकेट प्रेमियों ने जमकर जश्न मनाया। जैसे ही भारत ने मैच जीता वैसे ही राजधानी भोपाल सहित इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन, गुना समेत कई दूसरे शहरों में क्रिकेट फैंस ने पटाखे फोड़कर जीत का जश्न मनाया। शहरों में बड़ी स्क्रीन पर लोगों ने मैच देखा और भारतीय टीम की जीत का जश्न मनाने के लिए सड़कों पर उतर आए। इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई। भारतीय क्रिकेट टीम ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम के मैदान पर खेले गए टी-20 विश्व कप में दूसरे सेमीफाइनल में भारत ने इंग्लैंड को 7 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई। इस जीत के हीरो रहे संजू सैमसन ने शानदार पारी खली। इस जीत के बाद मध्य प्रदेश के क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

# जनगणना: वरिष्ठ कर्मचारी बनेंगे सुपरवाइजर बाइक-लेपटॉप की दर्ज की जाएगी जानकारी

## तैयारियां शुरू : प्रगणक और पर्यवेक्षक की नियुक्ति के लिए गाइडलाइन तय

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में जनगणना 2027 और एक मई से शुरू होने वाली मकानों की गणना के लिए राच्य शासन ने तैयारी शुरू कर दी है। प्रदेश का गृह विभाग जनगणना के लिए नोडल एजेंसी है। गृह विभाग ने जनगणना और मकान गणना के लिए तैनात किए जाने वाले प्रगणक और पर्यवेक्षक (सुपरवाइजर) की नियुक्ति के संबंध में गाइडलाइन जारी कर दी है। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिलों के कलेक्टर अपने-अपने क्षेत्रों में कर्मचारियों की जनगणना में तैनाती कर सकेंगे। विभाग ने साफ किया है कि जनगणना 2027 का पूरा कार्य निर्धारित कानूनी प्रावधानों और तय समय सीमा के भीतर पूरा करना अनिवार्य होगा। एक मई से मकानों की सूची तैयार करने का काम शुरू होगा, जो वास्तविक जनगणना का पहला चरण माना होगा। इसके तहत कच्चे पक्के मकान, झोपड़े, दुकान, आदि की गिनती की जाएगी।

**पहले चरण में ये होंगे अहम सवाल**



जनगणना के पहले चरण में मकान नंबर, दीवार और छत बनाने में लगी सामग्री, मकान का उपयोग और हालत के साथ ही वहां रहने वालों की कुल संख्या भी ली जाएगी। सवालों में मकान के स्वामित्व कतो लेकर जातिगत जानकारी भी जुटाई जाएगी। इसके अलावा मकान के कमरे, उनमें रहने वाले विवाहित दंपत्तियों की संख्या, पेयजल का स्रोत, शौचालय, स्नानगृह, रसोईघर तक की जानकारी भी ली जाएगी। एक मई से शुरू होने वाले इस पहले चरण में घरों में उपयोग होने वाले ईंधन, एलपीजी कनेक्शन, रेडियो, ट्रांजिस्टर, टेलीविजन, इंटरनेट सुविधा, लैपटॉप, कंप्यूटर, टेलीफोन, मोबाइल फोन, साइकिल, स्कूटर, मोटरसाइकिल, कार, जीप, वैन के साथ ही खाए जाने वाले मुख्य अनाज का ब्यौरा भी दर्ज किया जाएगा। मकानों की डिटेल का काम इस साल सितंबर में खत्म होने के बाद अगले साल नागरिकों की गिनती की जाएगी।

**एसआईआर के बाद दोबारा फील्ड पर जाएंगे टीचर और क्लर्क**

जनगणना कार्य के लिए दो श्रेणियां बनाई गई हैं। इसमें पहली श्रेणी प्रगणक की है, जिसमें शिक्षकों, क्लर्कों और अन्य सरकारी कर्मचारियों को नियुक्त किया जाएगा। जिलों में कलेक्टर सीधे इन्हें आदेश जारी करेंगे। ये कर्मचारी मकानों और नागरिकों की जानकारी जुटाएंगे। इन पर सुपरवाइजर नजर रखेंगे। प्रगणकों की निगरानी के लिए विभाग ने ऐसे सीनियर कर्मचारियों को तैनात करने को कहा है जो सीनियर होंगे। आरआई, नायब तहसीलदार, व्याख्याता आदि को सुपरवाइजर बनाया जा सकेगा। गृह सचिव ने आदेश में साफ किया है कि अधिनियम 1948 और जनगणना नियम 1990 के तहत शक्तियों का उपयोग कर कलेक्टर अपने जिले में संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को जिम्मेदारियां सौंपेंगे।

**संकट** क्रिसिल की चेतावनी, युद्ध के लंबे खिचने से और बढ़ सकता है भार

# जंग से भारतीय कंपनियों पर बढ़ा खर्च का दबाव

**मुंबई, जेएनएन।** अगर ईरान पर चल रहा युद्ध और उसके पड़ोसियों पर उसके जवाबी हमले और उसके नतीजे में अनिश्चितता बनी रहती है या बढ़ती है, तो फर्टिलाइजर, डायमंड पॉलिशिंग, ट्रैवल ऑपरेटर, एयरलाइंस और बासमती चावल एक्सपोर्टर जैसे सेक्टर पर बुरा असर पड़ सकता है, क्योंकि उनका इस इलाके से सीधा जुड़ाव है। अगर होर्मुज स्ट्रेट लंबे समय तक बंद रहा तोएलएनजी, कच्चे तेल पर निर्भर डाउनस्ट्रीम इंडस्ट्रीज के लिए एनर्जी की कीमतों पर असर ज्यादा होगा। क्रिसिल रेटिंग्स ने दो अलग-अलग रिपोर्ट में चेतावनी दी है। युद्ध से प्रभावित देशों में इजराइल, ईरान, यूएई, ओमान, कतर, कुवैत, बहरीन, सऊदी अरब, इराक, लेबनान, सीरिया और जॉर्डन शामिल हैं। इनमें से यूएई, ओमान, कतर, कुवैत, बहरीन और सऊदी अरब पर ईरान के हमले हो रहे हैं, जबकि बाकी इजराइली हमले झेल रहे हैं। इस वित्तीय वर्ष के पहले तीन क्वार्टर में हम



प्रभावित छह मिडिल ईस्ट देशों से 20.1 फीसदी इम्पोर्ट पर निर्भर थे, जो 1,016,951 करोड़ था, इस क्षेत्र में हमारा एक्सपोर्ट वर्ष २०25 में 15 फीसदी था, जो 5,54,705 करोड़ था, इस वित्त वर्ष के ९ महीनों में यह बढ़कर 4,35,381 करोड़ हो गया। क्राइसिसल ने कॉमर्स मिनिस्ट्री के डेटा का हवाला देते हुए कहा। हमारा इंपोर्ट मुख्य रूप से क्रूड, पेट्रोलियम प्रोडक्ट और एलएनजी है, जबकि हमारे एक्सपोर्ट में मुख्य रूप से बासमती चावल, फर्टिलाइजर, और रफ/पॉलिश्ड डायमंड, साथ ही कुछ कैपिटल गुड्स और मसाले शामिल हैं।

**इन सेक्टर्स पर ज्यादा रुकावट**

**बासमती चावल:** गत वर्ष में 6 मिलियन टन बासमती एक्सपोर्ट वॉल्यूम का 70-72 फीसदी हिस्सा मिडिल ईस्ट व दूसरे वेस्ट एशियन देशों को एक्सपोर्ट किया गया। शिपमेंट में देरी से बासमती ट्रेड वॉल्यूम पर असर पड़ सकता है।

**फर्टिलाइजर:** भारत 30 फीसदी फर्टिलाइजर इम्पोर्ट करता है, मिडिल ईस्ट इसकी 40 फीसदी सप्लाई करता है।

**डायमंड पॉलिशर:** मिडिल ईस्ट बड़ा ट्रेडिंग हब है, जिसमें इजराइल, यूएई में इस वित्त वर्ष के पहले 9 महीनों में डायमंड एक्सपोर्ट का 18 फीसदी हिस्सा हैं। भारत के कुल रफ डायमंड इंपोर्ट का 68 फीसदी यूएई और इजराइल से होता है।

**एयरलाइंस:** घरेलू एयरलाइंस की फ्लाइट्स में से 10 फीसदी मिडिल ईस्ट जाती हैं या वहां से होकर जाती हैं। एयरस्पेस बंद होने से हवाई यात्रा ठप है।

**ट्रैवल ऑपरेटर्स:** भारत के आउटबाउंड ट्रैवल मिक्स में यूएई के लिए 25 फीसदी, सऊदी अरब के लिए 10 फीसदी और कतर, कुवैत और ओमान में 10 फीसदी शामिल हैं।

**सिरेमिक मैन्युफैक्चरर:** इसका असर दो तरफ से पड़ने की संभावना है। पहला, एलएनजी और एलपीजी की सप्लाई पर असर पड़ने से, ज्यादातर सिरेमिक प्लांट को कम, या जीरो, यूटिलाइजेशन लेवल पर काम करना पड़ेगा।

**सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूटर:** एलएनजी इंपोर्ट से कुल डिमांड का 40 फीसदी हिस्सा आता है और युद्ध ने पहले ही एलएलजी सप्लाई पर असर डाला है।

**ऑयल रिफाइनर:** तेल की कीमतों में लंबे समय तक बढ़ोतरी से ग्रॉस रिफाइनिंग मार्जिन पर दबाव पड़ेगा। युद्ध लंबा चला तो इस पर संकट बढ़ सकता है।

### प्रोबेशन पीरियड में वेतन कटौती का मामला

# हाईकोर्ट के फैसले को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती देगी सरकार

**मुख्य संवाददाता भोपाल।** मध्य प्रदेश के लगभग एक लाख सरकारी कर्मचारियों के प्रोबेशन पीरियड (परिवीक्षा अवधि) के दौरान हुए वेतन का रिफंड अटक सकता है। इस मामले में जबलपुर हाईकोर्ट द्वारा दिए गए फैसले को प्रदेश सरकार अब सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी कर रही है। यदि सरकार शीर्ष अदालत का रुख करती है तो कर्मचारियों को मिलने वाले करीब 400 करोड़ रुपये के एरियर भुगतान पर फिलहाल रोक लग सकती है। पिछले महीने जबलपुर हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने तत्कालीन कमलनाथ सरकार के साल 2019 के उस नियम को गलत करार दिया था, जिसमें नए कर्मचारियों को चार साल के प्रोबेशन पर रखने और शुरुआती वर्षों में 70, 80 और 90 फीसदी वेतन देने का प्रावधान था। कोर्ट ने कहा था कि जब कर्मचारियों से काम पूरा लिया जा रहा है, तो उन्हें वेतन भी पूरा मिलना चाहिए। साथ ही, कोर्ट ने एमपीपीएससी और कर्मचारी चयन मंडल से भर्ती कर्मचारियों के लिए अलग-अलग नियमों को समानता के अधिकार का उल्लंघन माना था।

**सुप्रीम कोर्ट जाने के पीछे सरकार का तर्क**

सूत्रों के अनुसार सरकार सुप्रीम कोर्ट में यह तर्क दे सकती है कि एमपीपीएससी और कर्मचारी चयन मंडल की भर्ती प्रक्रियाओं में बड़ा अंतर है। सरकार का मानना है कि चयन प्रक्रिया अलग होने के आधार पर सेवा शर्तें भी अलग रखी जा सकती हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में प्रस्ताव वित्त विभाग को भेज दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चुनाव से पहले इस नियम को बदलने का वादा किया था, लेकिन यह कभी लागू नहीं हो सका। अब वर्तमान सरकार द्वारा हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने की तैयारी से कर्मचारियों में निराशा है।

### अपीलीय कोर्ट के आदेश को हाईकोर्ट ने किया निरस्त

जबलपुर। ट्रायल कोर्ट के द्वारा सुनवाई पूरी करने के बाद दी गयी सजा के खिलाफ अपील दायर की गयी थी। अपीलीय कोर्ट ने सुनवाई करते हुए अन्य व्यक्ति के खिलाफ दंड प्रक्रिया संहिता के तहत कार्यवाही के आदेश जारी किए थे। जिसके खिलाफ दायर की गयी याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट जस्टिस ए के सिंह ने अपीलीय कोर्ट के आदेश को निरस्त कर दिया। छिंदवाड़ा निवासी मोहम्मद नासिर कुरैशी की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि ट्रायल कोर्ट ने कोमल सोलंकी को मध्य प्रदेश गोवंश प्रतिषेध अधिनियम, 2004 के सेक्शन 9 और मोटर व्हीकल एक्ट के सेक्शन 66 के साथ सेक्शन 192 के तहत 9 अप्रैल 2019 के तहत दोषी करार दिया था। जिसके खिलाफ कोमल सोलंकी ने अपील दायर की थी।

# श्रीलंका के पास ईरानी युद्धपोत पर अमेरिकी हमला, 87 लोग मारे गए

## भारत से लौट रहा था आईआरईएस युद्धपोत, 32 सैनिकों का रेस्क्यू

**ईरान पर हमला**



**छठवां दिन**

**सैन्य कार्रवाई:** अमेरिका,इजराइल की सेनाओं ने ईरान पर हमले जारी रखे हैं। कुछ घंटों में सैकड़ों मिसाइल हमले हुए हैं।

**ईरानी पलटवार:** ईरान ने भी इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं, जिससे यरुशलम सहित कई इलाकों में हमले के सायरन बजते रहे।

**मिसाइल परीक्षण:** तनाव के बीच, अमेरिकी स्पेस फोर्स ने अपनी एलजीएम-30जी मिनटमैन थर्ड आईसीबीएम का रूटीन परीक्षण किया है।

**तेल संकट:** इस युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमतें 150 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई हैं। होर्मुज स्ट्रेट मार्ग प्रभावित होने की खबरें हैं।

**तेल अवीव/तेहरान, जेएनएन।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का गुरुवार को पांचवां दिन है। अमेरिका ने भारत से लौट रहे एक ईरानी युद्धपोत आईआरईएस देना को श्रीलंका के पास हमला कर डुबा दिया है। हमले में अब तक 87 ईरानी नौसैनिक मारे गए हैं। यह जानकारी श्रीलंकाई सरकार ने दी है।

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने बताया कि हिंद महासागर में अमेरिकी पनडुब्बी ने ईरानी जहाज को टॉरपीडो से निशाना बनाकर डुबा दिया। श्रीलंका की नेवी ने 32 घायल नौसैनिकों का रेस्क्यू कर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया है। जहाज पर लगभग 180 नौसैनिक सवार थे। लापता लोगों की तलाश के लिए सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

ईरान ने सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के लिए होने वाले शोक समारोह को फिलहाल टाल दिया है। एक अधिकारी ने सरकारी टेलीविजन को बताया कि ये कार्यक्रम बुधवार से शुरू होने वाले थे और तीन दिन तक चलने वाले थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, समारोह को टालने का कारण बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना और उसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करना बताया गया है। नई तारीख बाद में घोषित की जाएगी। पहले योजना थी कि तेहरान के इमाम खोमेनी मसल्ला (प्रेयर हॉल) में तीन दिनों तक लोगों को खामेनेई के पार्थिव शरीर के दर्शन के लिए अनुमति दी जाएगी। इंटरनेट मॉनिटरिंग संगठन नेटब्लॉक्स के अनुसार ईरान लगभग 100 घंटे से इंटरनेट कनेक्टिविटी से लगभग पूरी तरह कट गया है।

### ईरान के अगले सुप्रीम लीडर के चयन में मेरी भूमिका जरूरी: ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान को उनके बिना नया सुप्रीम लीडर नहीं चुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि नए नेता के चयन में अमेरिका की भूमिका जरूरी है और बिना अमेरिका की भागीदारी के ऐसा करना वक्त की बर्बादी होगी। एक्सिओस को दिए इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि ईरान अगर अमेरिका को शामिल किए बिना नया सुप्रीम लीडर चुनता है तो इसका कोई मतलब नहीं होगा।



### सुबह 6 बजे हमला

यह ईरानी युद्धपोत पिछले महीने विशाखापट्टनम में आयोजित 2026 इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू में हिस्सा लेकर लौट रहा था। श्रीलंकाई अधिकारियों ने अल जजीरा को बताया कि बुधवार सुबह करीब 6 से 7 बजे के बीच (भारतीय समय के मुताबिक) मदद के लिए मैसेज भेजा।

### यूएई का दावा: ईरान ने 189 बैलिस्टिक मिसाइलें दागी

यूएई यूएई ने कहा है कि ईरानी आक्रामकता शुरू होने के बाद से अब तक यूएई की ओर दागी गई 189 बैलिस्टिक मिसाइलों का पता लगाया गया है। यूएई के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इनमें से 175 मिसाइलों को मार गिराया गया, 13 समुद्र में गिरीं और एक मिसाइल देश के अंदर गिरी।

### सीनेट में सैन्य अभियान सीमिति करने का प्रस्ताव विफल

अमेरिकी सीनेट राष्ट्रपति ट्रंप के ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियान को सीमित करने वाले प्रस्ताव को पारित करने में विफल रही। यह वार पावर्स प्रस्ताव प्रक्रियात्मक मतदान में 47 के मुकाबले 52 मतों से आगे नहीं बढ़ सका। इसका उद्देश्य कांग्रेस की बिना अनुमति आगे सैन्य कार्रवाई से रोकना था।

### जंग जल्द खत्म हो, सैन्य संघर्ष समस्या का समाधान नहीं: मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली में मिडिल ईस्ट और यूक्रेन में जारी जंग को जल्दी खत्म करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सैन्य संघर्ष से कोई भी मसला हल नहीं हो सकता। भारत सभी विवादों के शांतिपूर्ण समाधान और शांति स्थापित करने की कोशिशों का समर्थन करता रहेगा। पीएम ने यह बात फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद कही।

## डायल 112 के ठेके को लेकर कंपनी ने वापस ली याचिका

**जबलपुर।** तेलंगाना की कंपनी ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज ने राज्य में डायल 112 के ठेके को लेकर हाई कोर्ट में दायर याचिका वापस ले ली है। याचिका में पुलिस टेलीकम्युनिकेशन मुख्यालय द्वारा आटोमैटिक कंप्यूटर एडेड डिस्पैच सिस्टम की सप्लाई, इंस्टालेशन, इंटीग्रेशन और मेंटेनेंस के सम्बन्ध में जारी किए गए छह करो? रुपए के नए ठेके को चुनौती दी गई थी। कंपनी ने हाई कोर्ट में इसकी कोई वजह नहीं बताई। वहीं, राज्य शासन की ओर से उप महाधिवक्ता अभिजीत अवस्थी ने दावा किया कि उनके द्वारा पेश किये गए 18 हजार पन्नों के जवाब के चलते तेलंगाना की कंपनी ने अपनी याचिका वापस ली है। सरकार के जवाब में डायल 112 सेवाओं में तेलंगाना की कंपनी की कमियों को गिनाया गया था। याचिका में कहा गया था कि पुलिस टेलीकम्युनिकेशन मुख्यालय द्वारा 31 दिसंबर, 2025 को ऑटोमैटिक कंप्यूटर एडेड डिस्पैच सिस्टम की सप्लाई, इंस्टालेशन, इंटीग्रेशन और मेंटेनेंस के लिए नया टेंडर जारी किया गया।

# एचपीवी टीकाकरण अभियान सुस्त अब सोशल मीडिया का सहारा

### एनएचएम में इंफ्लूएंसर के साथ की गई मीटिंग

**नगर संवाददाता, भोपाल।** राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान प्रदेश में धीमी रफ्तार से चल रहा है। इसे गति देने सोशल मीडिया का सहारा लिया जाएगा। एनएचएम कार्यालय में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मीट आयोजित की गई, ताकि जागरूकता बढ़ाकर किशोरियों तक वैक्सीन पहुंचाई जा सके। बैठक के दौरान अधिकारियों ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन की वैज्ञानिक जानकारी भारत के नियामक प्राधिकरण के माध्यम से सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराई गई है। जिसमें साफ लिखा है कि एचपीवी वैक्सीन में मुख्य रूप से वायरस लाइक पार्टिकल्स, जो की एचपीवी वायरस के बाहरी प्रोटीन की संरचना है। जिसमें कोई जीवित या संक्रामक वायरस नहीं होता है। इसके अलावा एल्यूमिनियम सॉल्ट और स्टेबलाइजर और बफर साल्ट भी मौजूद है। अल्युमिनियम साल्ट मुख्य रूप से शरीर की प्रतिरक्षा प्रक्रिया को मजबूत बनाने के लिए उपयोग किया जाता है। इसका उपयोग कई अन्य वैक्सीन में भी नियमित रूप से किया जाता है। वहीं, स्टेबलाइजर और बफर साल्ट वैक्सीन की स्थिरता बनाए रखने के लिए उपयोग किया जाता है।

### प्रदेश में अब तक 9 हजार का हुआ वैक्सीनेशन

एनएचएम की संचालक डॉ. सलोनी सिडाना के अनुसार मध्य प्रदेश में अब तक 9263 बच्चों को यह वैक्सीन लगाई जा चुकी है। उन्होंने कभी वैक्सीन बिलकुल सेफ है इसे बच्चियों पीरियड्स के दौरान भी लगवा सकती हैं। यदि कोई बच्ची एनीमिक है तो वह वीडियो भी वैक्सीन लगवा सकती है। लेकिन बेहतर होगा कि साथ में वह एनीमिया का इलाज भी कराएं। यह वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाने का काम करती है। हालांकि इसका कोई सीधा प्रभाव एनीमिया पर नहीं पड़ता है।

### वैक्सीन से नहीं होता कैंसर

गांधी मेडिकल कॉलेज की स्त्री रोग विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉक्टर शबाना सुल्तान ने कहा कि अधिकतर महिलाओं में यह भ्रम रहता है कि यह वैक्सीन में वायरस मौजूद है और अगर वह यह वैक्सीन लगवाएंगी तो उनके बच्चे को भी कैंसर हो जाएगा। जबकि, यह बात पूरी तरह से गलत है। इसकी वजह यह है कि वैक्सीन में मौजूद वायरस मृत होता है। जो शरीर में यूनिटी डेवलप करने का काम करता है ना कि संक्रमण फैलने का कारण बनता है। इसलिए, हर माता तक यह बात पहुंचाने की जरूरत है कि वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित और भविष्य में उनकी बच्ची को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचने का काम करेगा।

**भागीरथपुरा कांड: आयोग ने पेश की प्रारंभिक रिपोर्ट**

# ननि 10 दिन में आयोग को दस्तावेज दें: हाईकोर्ट

### मामले की अगली सुनवाई 6 अप्रैल को होगी



**जागरण, इंदौर।** प्रदेश में इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हो रही मौतों के मामले में गुरुवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जांच आयोग ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट पेश की है जबकि विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के लिए कोर्ट ने एक माह का समय दिया है। अगली सुनवाई 6 अप्रैल को होगी। सुनवाई में गठित एक सदस्यीय जांच आयोग की ओर से एक प्रारंभिक रिपोर्ट पेश की गई है। इस पर बहस के लिए तारीख 6 अप्रैल तय की गई है। इसमें कोर्ट ने आयोग को एक कर्मचारी को नियुक्त करने को कहा है। मामले में भागीरथपुरा से जुड़े लोगों, रहवासियों जो की शिकायतें, समस्याएं, आवेदन, साक्ष्य, सबूत, आवेदन आदि जो वे भी देते हैं वह समन्वय बनाकर आयोग को देगा।

### निगम 10 दिनों में रिकॉर्ड कराए उपलब्ध

खास बात यह कि मामले नगर निगम से रिकॉर्ड मांगे गए थे वह निगम ने कमेटी को पेश नहीं किए हैं। मामले में निगम ने कोर्ट को निर्देश दिए हैं कि वह 10 दिनों में कमेटी को प्राथमिकता से रिकॉर्ड पेश करें। कोर्ट ने आयोग को एक माह का समय दिया है कि वह रिपोर्ट पेश करें। अगली सुनवाई 6 अप्रैल को होगी। इस मामले में अलग-अलग जनहित याचिकाएं लगी हैं। इसमें सीनियर एडवोकेट अजय बागडिया, रितेश इनानी, नीरज सोनी, ऋषि कुमार चौकसे आदि उपस्थित हुए। इसके पूर्व पिछली सुनवाई में कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए शासन और नगर निगम की रिपोर्ट को 'आई-वॉश' करार दिया था। कोर्ट ने माना कि यह मामला गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति से जुड़ा है और स्वच्छ पेयजल का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार का हिस्सा है। गंभीरता को देखते हुए हाईकोर्ट ने स्वतंत्र जांच आयोग के गठन का आदेश दिया था।

**शहडोल ऑनलाइन गेम मामला**

# बेटी-पिता की मौत के बाद मां ने भी तोड़ा दम

### गेमिंग की लत में उजड़ा परिवार, 15 साल का बेटा बचा



**जागरण, शहडोल।** ऑनलाइन गेमिंग की लत ने शहडोल में एक हंसते-खेलते परिवार को हमेशा के लिए उजाड़ दिया। कोतवाली थाना क्षेत्र की पुरानी बस्ती स्थित सत्यम वीडियो के पास 24 फरवरी की दरमियानी रात हुई इस दर्दनाक घटना में अब तीसरी मौत भी हो गई है। मेडिकल कॉलेज शहडोल में आठ दिनों तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद मां राजकुमारी ने भी दम तोड़ दिया। इससे पहले 25 फरवरी को पिता शंकर लाल गुप्ता और बेटी स्वाति गुप्ता की मौत हो चुकी थी। अब परिवार में एक 15 साल का बेटा अनिकेत ही बचा है। पुलिस के अनुसार पुरानी बस्ती निवासी शंकर लाल गुप्ता को ऑनलाइन बीडीजी और एविएटर गेम की लत लग गई थी। बताया जा रहा है कि इस गेम में वह लगातार पैसे हारते गए और लाखों रुपये के कर्ज में डूब गए। आर्थिक दबाव और मानसिक तनाव के चलते शंकरलाल ने 24 फरवरी की रात कोल्डड्रिंक में जहर मिलाकर पहले अपनी पत्नी राजकुमारी और बेटी स्वाति को पिला दिया, इसके बाद खुद भी वही जहरीला पेय पी लिया। कुछ ही देर में तीनों की हालत बिगड़ने लगी। परिजनों और पड़ोसियों की मदद से उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान 25 फरवरी को शंकर लाल गुप्ता और उनकी बेटी स्वाति गुप्ता ने दम तोड़ दिया था, जबकि राजकुमारी का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा था।

### दो नाबालिग लापता, अपहरण की आशंका

**जागरण, सिवनी।** जिले के ग्राम भाटा से गुरुवार सुबह दो नाबालिग बच्चे संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। ग्रामीणों ने बच्चों के अपहरण की आशंका जताई है। दोनों बालक सुबह करीब 7 बजे घर से साइकिल पर सवार होकर निकले थे, जिसके बाद से उनका कोई सुराग नहीं लगा है। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। लापता हुए दोनों बच्चों की उम्र 11 वर्ष है।

### मासूम के दुष्कर्मी को 20 साल की सजा

**जागरण, इंदौर।** पांच वर्षीय बालक के साथ दुष्कर्म करने वाले दुष्कर्मी को विशेष न्यायालय ने 20 साल कारावास की सजा सुनाई। पीड़ित बालक को हुई मानसिक और शारीरिक क्षति को देखते हुए कोर्ट ने पीड़ित प्रतिकर योजनांतर्गत उसे चार लाख रुपये दिए जाने की अनुशंसा भी की। प्रभारी उपनिदेशक अभियोजन राजेंद्रसिंह भदौरिया ने बताया कि 16 अप्रैल 2024 को बालक की मां ने बाणगंगा पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने कहा था कि 15 अप्रैल की रात करीब नौ बजे उसका पांच वर्षीय बेटा बाहर खेलते-खेलते गायब हो गया। बालक के बारे में आसपास के लोगों से पूछा तो उन्होंने बताया कि उन्होंने बालक को शिवम उर्फ मेंटोला के साथ जाते हुए देखा था, जब वे लोग शिवम के घर की तीसरी मंजिल पर बालक को तलाशते हुए पहुंचे तो देखा कि बाथरूम से शिवम, बालक को लेकर निकला।

**संकट** 120 से तीन हजार रुपए किलो बिक रहे खजूर, 90 प्रतिशत आपूर्ति खाड़ी देशों से

# ईरान-इजरायल जंग के कारण अटकी ड्रायफ्रूट्स और खजूर की सप्लाई, कीमतों में आया उछाल



**जागरण, बुरहानपुर।** ईरान और अमेरिका व इजरायल के बीच चल रही जंग का असर ड्रायफ्रूट्स और खजूर की कीमतों पर भी दिखने लगा है। युद्ध के कारण इनकी खेप रुकने के कारण दामों में उछाल आया है। बाजार में 120 से तीन हजार रुपए तक की कीमत वाले खजूर उपलब्ध हैं। बीते कुछ दिन में 200 रुपये किलो वाले खजूर 300 तक पहुंच गए हैं। इसी तरह ड्रायफ्रूट्स की कीमतों में भी उछाल आया है। अभी रमजान का महीना चल रहा है। मुस्लिम समाज के लोग रोजा इफ्तार और सेहरी में खजूर का ज्यादा उपयोग करते हैं। बुरहानपुर जिले में रमजान माह में ही करीब 50 टन से ज्यादा खजूर की खपत होती है। व्यापारियों को चिंता है कि यदि युद्ध नहीं थमा तो दाम और बढ़ सकते हैं। ड्रायफ्रूट्स के व्यापारियों के पास कुछ ही दिनों का स्टॉक बचा है।

**खजूर की 70 वैरायटियां:** व्यापारियों ने बताया कि भारत में 90 प्रतिशत खजूर और ड्रायफ्रूट्स की आपूर्ति खाड़ी देशों से होती है। इनमें ईरान, इराक, दुबई, सऊदी अरब सहित अन्य देश शामिल हैं। इस साल रमजान में खजूर की करीब 70 वैरायटियां उपलब्ध कराई गई हैं। रोजेदारों की पहली पसंद कीमिया खजूर होता है। इसका स्वाद सबसे अलग होता है।


क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ई–टेंडरिंग/406/1586
कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल
ई मेल– mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in
फोन– 0755–2553402 फैक्स–0755–2552406

// निविदा आमंत्रण सूचना //

निविदा सूचना क्रमांक– 624/2715001/ई.डी.पी./2021–22/प्र.अ./ई–टेंडरिंग भोपाल, दिनांक 27/02/2026

निम्न कार्यो हेतु निविदा वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर दिनांक 23-03-2026 को 17:30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते है।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स.क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | राशि रू. लाख में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_WRD_458271 | उटावद ताबाल योजना की दांयी तट मुख्य नहर आर.डी. 888 मी. से 1211 मी. तक नहर लाईनिंग का विशेष मरम्मत कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | खरगौन | 4.21 |
| 2 | 2025_WRD_458272 | डेहरी नं. 02 तालाब की नहर लाईनिंग का विशेष मरम्मत कार्य। (तृतीय आमंत्रण) | खरगौन | 4.24 |
| 3 | 2025_WRD_458275 | भीकारखेडी तालाब की मुख्य नहर का मिटटी, पक्के कार्य एवं लाईनिंग का विशेष मरम्मत कार्य। (तृतीय आमंत्रण) | खरगौन | 4.22 |
| 4 | 2025_WRD_460510 | देजला देवाड़ा कॉलोनी बिस्टान रोड़ खरगोन के परिसर की नवीन बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य। | खरगौन | 10.83 |
| 5 | 2025_WRD_461177 | रानीपुर जलाशय की एक्वाडाक्ट आर. डी. 5150 मी. (हिरावाडी) का मरम्मत कार्य। | बैतुल | 6.23 |
| 6 | 2025_WRD_461965 | लक्कडजाम जलाशय के अंतर्गत सी.डी. का मरम्मत कार्य। | बैतुल | 4.77 |
| 7 | 2025_WRD_461972 | चिखली जलाशय के अंतर्गत आर.डी. 80 मी पर व्ही.आर.बी. का मरम्मत कार्य। | बैतुल | 4.81 |
| 8 | 2025_WRD_461976 | गोधना जलाशय का एक्वाडक्ट का मरम्मत कार्य। | बैतुल | 4.87 |
| 9 | 2025_WRD_463739 | भगतनढाना, डोंडी एवं बाकाखोदरी बैराज के गेट खोलना एवं बंद करने का कार्य। | बैतुल | 1.60 |
| 10 | 2025_WRD_463742 | पालंगा, डोडरा, नहरपुर, बटकीमहपुर (उपसंभाग भीमपुर) एवं निवारी बैराज (उपसंभाग चिचोली) के गेट खोलना एवं बंद करने का कार्य। | बैतुल | 2.91 |
| 11 | 2025_WRD_463762 | झारेगांव, अपरजावरा एवं कोसमी जलाशय की नहर का साधारण मरम्मत कार्य। | बैतुल | 4.77 |
| 12 | 2025_WRD_466695 | बाणसागर मुख्य बॉध के बाह्य प्रकाश व्यवस्था एवं आंतरिक विद्युतीकरण से संबंधित मरम्मत एवं सुधार कार्य। | शहडोल | 12.23 |
| 13 | 2025_WRD_466696 | बाणसागर परियोजना के मंडल कार्यालय एवं संभागीय कार्यालयों बाह्य प्रकाश व्यवस्था का कार्य। | शहडोल | 5.27 |
| 14 | 2025_WRD_466697 | बाणसागर परियोजना पक्का बांध, मंडल कार्यालय पक्का बांध संभाग एवं इसके उपसंभागो का आंतरिक विघुतीकरण कार्य। | शहडोल | 5.93 |
| 15 | 2025_WRD_466698 | बाणसागर परियोजना बॉए तट हाई मास्ट के पावर केबल प्रदाय एवं स्थापना का कार्य, साथ ही हाई मास्ट कंट्रोल पैनल के मरम्त का कार्य। | शहडोल | 5.20 |
| 16 | 2025_WRD_466699 | बाणसागर मुख्य बांध के दांये तट के 33/11 के.व्ही. सबस्टेशन के 3.15 एम.व्ही.ए. पावर ट्रांसफार्मर की सेफ्टी एवं प्रोटेक्शन यूनिट की सी.टी. एवं व्ही.सी.बी. प्रदाय एवं स्थापना कार्य। | शहडोल | 3.75 |
| 17 | 2025_WRD_466700 | बाणसागर परियोजना अतिविशिष्ठ अतिथि विश्रामगृह की आंतरिक विघुतीकरण व्यवस्था एवं वातानुकूलक यंत्र का मरम्मत कार्य। | शहडोल | 0.69 |
| 18 | 2025_WRD_466701 | बाणसागर मुख्य बांध की रेडियल गेटों के संचालन, बाह्य प्रकाश व्यवस्था एवं गेन्ट्री क्रेन हेतु स्थापित विभिन्न साईज की पावर केबलों के टेस्टिंग का कार्य। | शहडोल | 3.73 |
| 19 | 2025_WRD_466702 | बाणसागर कालोनी देवलोंद क्र.1 ,2, एवं 3 के रिहायसी एवं गैर रिहायसी भवनों में जल प्रदाय व्यवस्था हेतु जी.आई. पाईप लाईन एवं सबमर्सिबल पंप का मरम्मत कार्य। | शहडोल | 3.84 |
| 20 | 2025_WRD_466703 | बाणसागर मुख्य बांध के दांये तट पर वैकल्पिक पॉवर सप्लाई हेतु स्थापित 03 नग 180 के.व्ही.ए. के डीजल जनरेटर सेटों के मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | शहडोल | 1.18 |
| 21 | 2025_WRD_466704 | महान परियोजना की खड्डी उद्वहन सिंचाई योजना में स्थापित वर्टिकल टर्बाइन पंप एवं कंट्रोल चैनलों के रेनोवेशन, मरम्मत एवं सुधार कार्य। | शहडोल | 12.65 |
| 22 | 2025_WRD_466706 | बाणसागर परियोजना के मुख्य बांध के दांये तट पर बने 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र के 33 के.व्ही. व्ही.सी.बी. एवं सी.टी. प्रदाय एवं स्थापन का कार्य। | शहडोल | 3.75 |
| 23 | 2025_WRD_466707 | बाणसागर बहुउद्देशीय परियोजना के मुख्य बांध के बांये तट के 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र का सुधार एवं अनुरक्षण कार्य। | शहडोल | 3.62 |
| 24 | 2025_WRD_471725 | सीप नदी पर निर्मित 14 बैराजों के गेट खोलने एवं बंद करने का कार्य। | सीहोर | 16.94 |
| 25 | 2025_WRD_471731 | अजनाल, दगडिया एवं ककेड़ी नदी पर निर्मित 22 बैराजों के गेट खोलने एवं बंद करने का कार्य। | सीहोर | 16.95 |
| 26 | 2025_WRD_471735 | अम्बर, बब्बर एवं कोलार नदी पर निर्मित 27 बैराजों के गेट खोलने एवं बंद करने का कार्य। | सीहोर | 16.94 |
| 27 | 2025_WRD_471741 | घोघरा परियोजना उपसंभाग, सीहोर के 09 बैराजों के गेट खोलने एवं बंद करने का कार्य। | सीहोर | 11.97 |
| 28 | 2025_WRD_471746 | घोघरा परियोजना उपसंभाग, सीहोर के 28 बैराजों के गेट खोलने एवं बंद करने का कार्य। | सीहोर | 12.21 |
| 29 | 2025_WRD_471748 | घोघरा परियोजना उपसंभाग, सीहोर के 15 बैराजों के गेट खोलने एवं बंद करने का कार्य। | सीहोर | 10.98 |
| 30 | 2025_WRD_471753 | उपसंभाग इछावर के निर्मित 29 बैराजों के गेट खोलने एवं बंद करने का कार्य। | सीहोर | 6.42 |
| 31 | 2025_WRD_471755 | उपसंभाग आष्टा के निर्मित 25 बैराजों के गेट खोलने एवं बंद करने का कार्य। | सीहोर | 16.05 |
| 32 | 2025_WRD_471756 | उपसंभाग आष्टा के निर्मित 10 बैराजों के गेट खोलने एवं बंद करने का कार्य। | सीहोर | 15.12 |
| 33 | 2025_WRD_471760 | उपसंभाग बुदनी के निर्मित 17 बैराजों के गेट खोलने एवं बंद करने का कार्य। | सीहोर | 4.91 |
| 34 | 2026_WRD_473690 | चिल्कापुर जलाशय साधारण मरम्मत कार्य। | बैतुल | 1.36 |
| 35 | 2026_WRD_473714 | गुनघाटी जलाशय की नहर स्ट्रक्चर्स का साधारण मरम्मत कार्य। | बैतुल | 3.80 |
| 36 | 2026_WRD_477099 | धोबाटिया उपसंभाग एफ 01 एवं चौकीदार क्वार्टर का मरम्मत कार्य। | मंडला | 4.25 |
| 37 | 2026_WRD_477105 | क्षतिग्रस्त नहरों का मरम्मत कार्य। जल उपभोक्ता संथा अंतर्गत धुंआधार वि.ख. नैनपुर एवं जंतीपुर वि.ख. मण्डला। | मंडला | 2.58 |
| 38 | 2026_WRD_477106 | क्षतिग्रस्त नहरों का मरम्मत कार्य। जल उपभोक्ता संथा अंतर्गत नारायणगढ़ मालीमोहगांव वि.ख. मंडला एवं सिमरिया वि.ख. नैनपुर। | मंडला | 2.53 |
| 39 | 2026_WRD_477108 | बरबसपुर जलाशय के स्पिल चैनल में व्ही.आर.बी. का मरम्मत कार्य। | मंडला | 4.22 |
| 40 | 2026_WRD_479904 | लाईट मशीनरी एवं विद्युत यांत्रिकी संभाग रीवा में शौचालय मरम्मत का कार्य। | रीवा | 1.85 |
| 41 | 2026_WRD_479905 | कुरी जलाशय के जलद्वार की मरम्मत कार्य। | रीवा | 1.57 |
| 42 | 2026_WRD_479906 | शंकरपुर जलाशय के जलद्वार का मरम्मत कार्य। | रीवा | 1.44 |
| 43 | 2026_WRD_479907 | माढ़ी मध्यम जलाशय के फुट ब्रिज के मरम्मत कार्य। | रीवा | 1.10 |
| 44 | 2026_WRD_479909 | देवरी जलाशय के जलद्वार का मरम्मत कार्य। | रीवा | 1.45 |
| 45 | 2026_WRD_479910 | केवई उद्वहन सिंचाई योजना के विद्युत यांत्रिक उपकरणों का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | रीवा | 1.42 |
| 46 | 2026_WRD_479911 | जोहिला जलाशय के एल.बी.सी. स्लूस में स्थापित जलद्वार का मरम्म्त कार्य। | रीवा | 1.53 |
| 47 | 2026_WRD_479912 | नईगढ़ी सूक्ष्म दबाव सिंचाई परियोजना उपसंभाग क्र. 01 के भंडार में रखी क्षयशील एवं अनुपयोगी स्टोक एवं टी. एण्ड़ पी. सामग्री की नीलामी भाग 01। | रीवा | 1.01 |
| 48 | 2026_WRD_479924 | नईगढ़ी सूक्ष्म दबाव सिंचाई परियोजना उपसंभाग क्र.01 के भंडार में रखी क्षयशील एवं अनुपयोगी स्टोक एवं टी. एण्ड़ पी.सामग्री की नीलामी भाग 02। | रीवा | 2.81 |
| 49 | 2026_WRD_479926 | क्योटी नहर के भवन एवं भंडार उपसंभाग के भंडार में रखी क्षयशील एवं अनुपयोगी स्टोक एवं टी. एण्ड़ पी. सामग्री की नीलामी। | रीवा | 0.77 |
| 50 | 2026_WRD_480430 | परवरिया मध्यम परियोजना एवं सिरोंज बांध मध्यम परियोजना का सर्वेक्षण कार्य। | विदिशा | 15.89 |
| 51 | 2026_WRD_480436 | पथेरा चंदू मध्यम परियोजना एवं विश्रामपुर माइक्रो परियोजना का सर्वेक्षण कार्य। | विदिशा | 15.89 |
| 52 | 2026_WRD_481734 | आसान बैराज से विस्थापितो को पुनर्वसाहट हेतु छोंदा कालोनी विघुतीकरण कार्य। | ग्वालियर | 18.98 |
| 53 | 2026_WRD_482068 | ढूंटी एल.बी.सी. उपसंभाग क्र. 13 हट्टा की नहर के (सी.आर./एच. आर.) स्लूस गेटों का मरम्मत कार्य। | नरसिंहपुर | 3.73 |
| | | | कुल योग | 331.98 |

G-26896/25

मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

# रंगों से सराबोर होकर दिया सामाजिक सौहार्दता का संदेश, चाक चौबंद सुरक्षा में मना त्योहार

## होली पर्व में हनुमना नगर में श्री राधे कृष्ण की निकाली भव्य शोभायात्रा



### जगह-जगह पर भगवान की आरती और प्रसाद वितरण का हुआ आयोजन

**हनुमना, नि.प्र.।** मऊगंज जिले के हनुमना नगर में 4 मार्च को प्रथम होली में लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर से प्रस्थान करते हुए समस्त नगर में भगवान की शोभायात्रा और होली महोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ एवं जगह-जगह प्रसाद वितरण और भगवान की आरती और भक्तों द्वारा भोग भी लगाया गया। लक्ष्मी नारायण कमेटी के द्वारा भजन कीर्तन के साथ शोभायात्रा में उपस्थित भक्त झूमते हुए भगवान के भजन में एकदम मदमस्त हुए और भक्ति रस में शराबोर हो गए। सीधी रोड, गांधी पार्क ,धर्मशाला प्रांगण, राम जानकी मंदिर, स्थल पर भक्तों द्वारा प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी। इस शोभायात्रा में व्यवस्थापक एवं सहयोग के रूप में प्रमुख मे लोकतंत्र सेनानी एवं जन संघ सरयू प्रसाद वैद्य, नगर परिषद अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता वैश्य, समाज जिला अध्यक्ष अखिलेश गुप्ता, काजू आलू वाले, नगर पूर्व उपाध्यक्ष मोहनलाल कचेर, मुरारी सेठ बर्तन वाले, राजेश किताब वाले, रेवती रमन गुप्ता, आनंद साइकिल वाले विकास डाकघर एजेंट, वीरेंद्र मोबाइल सेंटर सनी सब्जी वाले, राम जी शिक्षक, एजेंट एवं इंजीनियर लक्ष्मण दास गुप्ता, बैकुंठ नाथ गुप्ता बंसी लाल किराना वाले, लालजी हार्डवेयर, हजारी पान वाले, गुड्डू समोसे वाले कमलेश गुप्ता, पिंटू पिता राधेश्याम गुप्ता, सीताराम कपड़ा वाले, संतोष गुप्ता पिगो वाले, वासुदेव बर्तन वाले, विट्ठल दास गुप्ता, नारायण दास किराना वाले, मनोज मेडिकल, मुन्नीलाल कचेर, अर्जुन किराना वाले, मुन्ना किराना वाले, ओपी गुप्ता, किशुन गल्ला वाले, अनूप गुप्ता, पतंजलि संचालक लव कुश गुप्ता किराना वाले, लालचंद गुप्ता, तारकेश्वर गुप्ता, गुड्डा संतोष गुप्ता, किशन गुप्ता, ओपी चश्मा वाले, शुभवंत किशोर गुप्ता, रामलाल बहेलिया, वाहन कर्मचारी संघ, सुरेश कुमार गुप्ता, पत्रकार संपत दास गुप्ता, टिंकल गुप्ता, श्याम बाबू गुप्ता, सरोज गुप्ता आदि नगर हजारों भक्त सम्मिलित रहे।

## हनुमना नगर में शांति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाया होली का त्योहार

### पुलिस पेट्रोलिंग ने तंदुरुस्त रखी शांति व्यवस्थाएं

**हनुमना, नि.प्र.।** मऊगंज जिले के हनुमना नगर में 4 मार्च एवं 5 मार्च को 2 दिन की होली में पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की गई और आने जाने वालों पर गहन निगरानी भी की गई, व्यवस्था को दुरुस्त रखने बैरियर भी लगाए गए थे और तेज चलने वाले वाहनों पर संयम रखा गया था। जिससे नगर परिषद के अंतराल किसी प्रकार की कोई दुर्घटना या अव्यवस्था न होने पाए। जिला कलेक्टर के आदेश अनुसार एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी हनुमना अनिल काकडे द्वारा 2 मार्च से लगातार पेट्रोलिंग की जा रही थी जिससे होली त्यौहार नगर में खुशी के साथ मनाया जा सके। इसी तारतम्य में नगर परिषद के अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता, सुमित गुप्ता, विशाल गुप्ता के साथ पत्रकार सरोज गुप्ता, टिंकल गुप्ता के द्वारा प्रत्येक वार्ड में होली त्योहार का भ्रमण किया गया। जगह-जगह नगर में शांति व्यवस्था के साथ होली मनाने की अपील भी की गई। हनुमना नगर में शांति और सौहार्द के साथ होली का पर्व मनाया गय॥ सबसे अच्छी बात देखने को यह को मिली कि हनुमना नगर के वार्ड क्रमांक 9 के निवासी क्रमशः संजय पिता सुरेश कुमार गुप्ता, अरजेंद्र गुप्ता, प्रयाग दास गुप्ता, रितेश केसरी, रोहित शिवम गुप्ता संजू, ज्योति गुप्ता, बल्लू भाई राजू बॉस डीके डीजे विनोद गुप्ता, कर्मचारी संघ सुरेश कुमार गुप्ता बिहारी होटल वाले इन सब की व्यवस्था के अनुसार धर्मशाला प्रांगण में होलिका दहन से लेकर होली त्योहार मनाने के लिए मुख्य तौर पर पानी, डीजे संगीत में ठुमकने के लिए व्यवस्था बनाए थे, जिस कारण से नगर के सभी लोग सड़क पर होली न खेल कर धर्मशाला प्रांगण में होली का आनंद उठाएं और जिला कलेक्टर अधिकारी मऊगंज पुलिस अधीक्षक अनुविभागीय अधिकारी हनुमना मऊगंज थाना प्रभारी हनुमना हनुमना नगर के सभी लोगों की तरफ से नगर में व्यवस्था बनाने के लिए आभार प्रेषित किया गया है।



## होली का यह पर्व प्रेम, एकता और सामाजिक समरसता का देता है संदेश



### होली पर छत्रपति शिवाजी महाराज सेना संगठन की बैठक संपन्न

**डभौरा नि.प्र.।** जवा तहसील स्थित दुअरानाथ हनुमान मंदिर में छत्रपति शिवाजी महाराज सेना संघ जवा द्वारा 5 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें आमजन, सामाजिक कार्यकर्ता संगठन कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। दुअरानाथ हनुमानजी महाराज के दर्शन पूजन उपरांत पारंपरिक गीत-संगीत और गुलाल के बीच सभी ने आपसी भाईचारे के साथ होली का उत्सव मनाया। मंदिर प्रांगण में आए अतिथियों का संगठन अध्यक्ष प्रभाकर सिंह ने गुलाल लगाकर सम्मान करते हुए क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं। प्रभाकर सिंह ने कहा कि होली का यह पर्व प्रेम, एकता और सामाजिक समरसता का संदेश देता है, जिसे सभी को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। इस अवसर पर क्षेत्र की समस्याओं और भ्रष्टाचार को रोकने के लिए एक साथ लड़ने की बात कही गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में सचिव शिवम सिंह, उपाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह, उपसचिव प्रमोद सिंह, निर्देशक अर्जुन सिंह, सहसंयोजक अमर सिंह, कार्यकर्तागण समाजसेवी प्रवीण सिंह बघेल, गौरव सिंह, रावेन्द्र सिंह, धीरज सिंह, कुलदीप सिंह, महेंद्र सिंह, श्रीराम चौधरी, सुन्दरम सिंह, राजू सिंह, अभिनय सिंह, शुभम सिंह परिहार, गौरव विश्वकर्मा, रितेश विश्वकर्मा, संजू सिंह अध्यापक, रोहित सिंह, रवि सिंह, अंश पाल, दीपक सिंह, छोटू सिंह , मोहित त्रिपाठी आदि शामिल थे।

## हनुमना को खुशहाल रखने मां विंध्यवासिनी से नगर परिषद अध्यक्ष ने की प्रार्थना



**हनुमना, नि.प्र.।** मऊगंज जिले के साथ-साथ देश और प्रदेश में होली महोत्सव कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इसी दरमियान हनुमना से 70 किलोमीटर दूर उत्तर प्रदेश गंगा नदी के किनारे विराजमान मां विंध्यवासिनी के दरबार में नगर परिषद अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता अपने विचार और मां की कृपा से नगर की खुशहाली के लिए 4 मार्च प्रथम दिवस होली के दिन मां विंध्यवासिनी के दर्शन और कृपा प्राप्त किये और हनुमना नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सुख समृद्धि और खुशहाली निरंतर बढ़ती रहे।

## चाकघाट में भी रही होली की धूम



**चाकघाट, नि.प्र.।** रंग पर्व होली का सतरंगी त्योहार पूरे भारतवर्ष एवं प्रदेश, जिला तथा गांव-गांव की तर्ज पर चाकघाट नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी वार्ड एवं गांव में अत्यंत ही उल्लास, सौहार्द पूर्वक मनाया गया, लोगों ने एक दूसरे को रंग, गुलाल, इत्र लगाकर अपनी खुशी का इजहार किया। विगत 2 मार्च को होलिका दहन एवं 3 मार्च को चंद्र ग्रहण होने के कारण रंग नहीं खेला गया। अपितु 4 एवं 5 मार्च को नगर व क्षेत्र के सभी बच्चे, बूढ़े, युवाओं ने जमकर होली खेली, होली के कारण सभी व्यापारिक संस्थान पूरी तरह बंद रहे, सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा, वही राष्ट्रीय राजमार्ग 30 भी सूनी ही दिखी। चाकघाट नगर की महिलाओं ने ग्रहण काल में प्रयागराज जाकर गंगा स्नान एवं शक्तिपीठ अलोपी माताजी का दर्शन व पूजन कर एक दूसरे को गुलाल लगाकर आपसी सौहार्द का परिचय देते हुए, माता रानी से प्रार्थना किया है, कि संपूर्ण हमारा अखंड भारत व हम सबके परिवार जनों में सदैव सुख, शांति, अमन, चैन बना रहे, दो दिन के इस होली उत्सव में पुलिस प्रशासन की व्यवस्था भी मुस्तैद रही, साथ ही कहीं कोई अपनी घटना की खबर प्रकाश में नहीं आई ।

# अभिलेखों से छेड़छाड़ : एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

**मऊगंज ब्यूरो।** संयुक्त कलेक्टर ने एसडीएम मऊगंज को निर्देश दिये हैं कि तत्कालीन हल्का पटवारी ऊधौपुर्वा हीरालाल कोल एवं आवेदक मुद्रिका प्रसाद त्रिपाठी के विरुद्ध अभिलेखों से छेड़छाड़ कर फर्जी रूप से राजस्व अभिलेख संशोधन करने पर पुलिस में एफआईआर दर्ज कराकर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

उल्लेखनीय है कि तहसीलदार मऊगंज के प्रतिवेदन अनुसार वादित भूमियों के खसरा में दर्ज प्रविष्ठि अविधिक होने से प्रकरण में पुर्नअवलोकन की अनुमति चाही गई थी। जिसका परीक्षण कर नियमानुसार कार्यवाही की गई। आवेदक मुन्द्रिका प्रसाद त्रिपाठी वगैरह निवासी ग्राम उधौपुर्वा द्वारा तहसीलदार, मऊगंज के न्यायालय में मौजा ग्राम उधौपुर्वा, पटवारी हल्का उधौपुर्वा की आराजी कुल 10 किता आराजियों का वारिसाना नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया था, जिसमें तहसीलदार, तहसील मऊगंज ने सरोज व सरोजनी में भिन्नता होने से वारिसाना नामान्तरण आवेदन पत्र खारिज कर दिया था। किन्तु मुन्द्रिका प्रसाद त्रिपाठी द्वारा तत्कालीन हल्का पटवारी, हीरालाल कोल से सांठगांठ / मिलीभगत कर उक्त प्रकरण क्रमांक का हवाला देकर खसरे में धनंजय त्रिपाठी व उनके भाई तथा उनके पिता मुन्द्रिका प्रसाद त्रिपाठी के नाम खसरे में अविधिक प्रविष्टि अंकित कर दी गई तथा मृतक सरोज की पुत्रियां हेमा, रेखा व विंध्या का नाम खसरे में दर्ज नहीं किया। साथ ही मृतक रामाधार पिता द्वारिका प्रसाद की पत्नी पार्वती वेवा रामाधार का नाम विलोपित कर दिया, जबकि पार्वती वर्तमान में जीवित है। वारिसान नामान्तरण का प्रकरण खारिज होने के बाद भी तत्कालीन हल्का पटवारी, हीरालाल कोल द्वारा उसी प्रकरण क्रमांक के आधार पर अभिलेख अद्यतन किये जाने से अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनुविभाग मऊगंज द्वारा निलंबित किया गया है।

## माह के प्रथम कार्य दिवस पर हुआ राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन



**मऊगंज ब्यूरो।** मऊगंज के कलेक्ट्रेट में माह के प्रथम कार्यदिवस पर सामूहिक राष्ट्रगीत का गायन हुआ। सामूहिक राष्ट्रगीत गायन में कलेक्टर संजय कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, अपर कलेक्टर पी.के. पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर एपी द्विवेदी सहित कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वैज्ञानिक सोच को अपना कर हम अपने जीवन को बना सकते हैं सरल और सुगम

### नवोदय विद्यालय में हर्ष-उल्लास के साथ मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस



**सिरमौर, नि.प्र.।** जिले का गौरव नवोदय विद्यालय सिरमौर में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया। लगभग 96 साल पहले 28 फरवरी 1928 के दिन डॉक्टर सी वी रमन ने रमन इफेक्ट नाम से प्रसिद्ध सिद्धांत जो भौतिक विज्ञान में प्रकाश किरणों के बदलाव से संबंधित है उसे पूरी दुनिया के समक्ष पेश किया था । इसके परिणाम स्वरूप सन 1930 में उन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। महान वैज्ञानिक डॉक्टर सी वी रमन के प्रति सम्मान व्यक्त करने हेतु इस दिवस को भारत में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है । डॉ रमन विज्ञान के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार पाने वाले एशिया महाद्वीप के पहले व्यक्ति थे । जिले का गौरव नवोदय विद्यालय सिरमौर में भी 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रार्थना सभा के बाद प्राचार्य मनीष कुमार तिवारी ने डॉक्टर सीवी रमन की फोटो पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम का सफल संचालन रसायन विज्ञान शिक्षक संदीप तिवारी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान दिवस क्यों मनाते हैं, इसके क्या उद्देश्य हैं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विद्यालय की कुमारी वर्तिका ने अपने भाषण में बताया कि वैज्ञानिक सोच को अपना कर हम अपने जीवन को सरल और सुगम बना सकते हैं। मास्टर युवराज मिश्रा ने डॉ सीवी रमन के जीवन दर्शन एवं उनके द्वारा की गई खोज पर प्रकाश डाला । रसायन विज्ञान शिक्षक संदीप तिवारी ने बताया कि इस वर्ष विज्ञान दिवस की थीम वूमेन इन साइंस है । इस वर्ष की यह थीम विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं को और अधिक अवसर एवं प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए रखी गई है जिससे कि वह भी अपना योगदान विकसित भारत को बनाने में दें । उन्होंने छात्र-छात्राओं से आवाहन किया कि वे भी बड़े होकर वैज्ञानिक बने और विकसित भारत के लिए भारतीय स्वदेशी प्रौद्योगिकी के निर्माण में अपना योगदान दें । विज्ञान दिवस के अवसर पर बच्चों की विज्ञान में रुचि को बढ़ावा देने के लिए भौतिकि विज्ञान शिक्षक पीपी मिश्रा, रसायन विज्ञान शिक्षक संदीप तिवारी एवं विज्ञान शिक्षिका कविता गोहलानी ने निबंध लेखन, स्लोगन्स लेखन तथा ड्राइंग कंपटीशन भी आयोजित करवाया। अंत में विद्यालय प्राचार्य मनीष कुमार तिवारी ने कहा कि विज्ञान वरदान और अभिशाप दोनों है । जरूरत इस बात की है कि हम बच्चों में वह समझ पैदा करने का प्रयास करें कि वे इन शोधों का अपने जीवन में सकारात्मक इस्तेमाल कर सकें जिससे मानव जाति का कल्याण हो और विश्व में शांति स्थापित हो सके। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्राचार्य अजय कुमार सिंह शिक्षक आरके द्विवेदी, शिव शंकर, जेके प्रजापति, चंदन लाल, संजय यादव, सुधीर यादव अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत खटखरी सचिव योजनाओं की राशि का लगा रहे पलीता

### स्थानीय सहायक सचिव धर्मेंद्र गुप्ता के स्थानांतरण की मांग

**हनुमना, नि.प्र.।** मऊगंज जिले के जनपद पंचायत के अधीनस्थ ग्राम पंचायत खटखरी निवासी अशोक गुप्ता सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा यह आरोप लगाया गया है कि ग्राम पंचायत खटखरी में नाम मात्र की सरपंच श्वेता शर्मा है और ग्राम पंचायत के विभिन्न पूर्व में किए गए कार्य को नवीन एवं मरम्मत दिखाकर और आधे अधूरे कार्य करा कर कई लाखों का भ्रष्टाचार किया गया है। खटखरी ग्राम पंचायत का संचालन एवं शासकीय कार्यों में मध्यस्थता ही भ्रष्टाचार का मूल कारण हो चुका है जिस कारण से ग्राम पंचायत खटखरी का क्रियान्वयन सुचारु रूप से नहीं हो पा रहा है। संवाददाता से बात करते हुए आरोप अशोक गुप्ता द्वारा लगाया गया है कि पुलिया निर्माण, सड़क निर्माण ,चबूतरा निर्माण, पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य अन्य कई कार्यों में कई लाख रुपए का शासकीय राशि का दोहन किया गया है। अशोक गुप्ता ने यह भी बताया कि ग्राम पंचायत खटखरी का ही निवासी वर्तमान समय में धर्मेंद्र गुप्ता रोजगार सहायक के पद पर पदस्थ होते हुए शासन की योजनाओं की राशि का सचिव रामलोचन शर्मा सरपंच श्वेता शर्मा के साथ शासन के पैसे का दुरुपयोग किया जा रहा है। अशोक गुप्ता ने यह भी बताया कि खटखरी रोजगार सहायक धर्मेंद्र गुप्ता अपने सगे भाई की हार्डवेयर की दुकान संजीव ट्रेडर्स के खाते में कई लाखों रूपए का ट्रांजैक्शन किया गया है। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा गौवंशों हेतु अनेक योजनाएं उपलब्ध करा रही है परंतु खटखरी ग्राम पंचायत स्वयं सहायता समूह के द्वारा संचालित गौशालाओं में गायों की हालत निंदनीय बनी हुई है तथा सरपंच सहित सचिव एवं रोजगार सहायक द्वारा राशि की बंदरबांट करने के आरोप लगे हैं। श्री गुप्ता ने आगे कहा कि गौवंशों के चारा भूसा अन्य व्यवस्थाओं में भी अब यह लोग बंदरबाट करने लगे हैं जिस पर खटखरी ग्रामीणों द्वारा चारा भूसा इत्यादि गौशालाओं में अपना योगदान करते हैं। श्री गुप्ता ने यह भी आरोप लगाया कि खटखरी गौशाला के सरपंच सचिव द्वारा गायों की संख्या से अधिक मात्रा में अपने रजिस्टर में अंकित कर पैसे का बंदरबाट कर कई वर्षों से किया जा रहा है जिस पर जानकारी होने के पश्चात खटखरी के ग्रामीण एवं खटखरी के सामाजिक लोग के साथ अशोक गुप्ता एवं अन्य समाजसेवियों द्वारा हनुमना अनुविभागीय कार्यपालन हनुमना जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ब्लॉक पशु चिकित्सा अधिकारी अन्य अधिकारियों से लिखित रूप से दी गई शिकायत के बाद हनुमना अनुविभागीय अधिकारी द्वारा कार्यवाही के नाम पर नोटिस भेजा गया, उसके पश्चात कार्यवाही शून्य हो गई। श्री गुप्ता ने आगे कहा कि आखिर खटखरी ग्राम पंचायत में कई लाखों का भ्रष्टाचार के बावजूद भी संतोषजनक एवं पारदर्शितापूर्ण कार्यवाही न होने से ग्राम वासियों ने आक्रोश व्यक्त किया है। ग्रामीणों की यह मांग है कि स्थानीय रोजगार सहायक धर्मेंद्र गुप्ता का स्थानांतरण किया जाए और खटखरी ग्राम पंचायत में हो रहे भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, श्री गुप्ता ने आगे कहा कि कार्यवाही न होने पर अब जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर के पास लिखीत शिकायत देने को मजबूर हो रहे हैं।

# उमरिया प्लॉट आदिवासी बस्ती में आगजनी, नहीं पहुंची फायर ब्रिगेड



### लौर थाना क्षेत्र की घटना

**नईगढ़ी, नि.प्र.।** नईगढ़ी तहसील के उमरिया व्यौहरियान के उमरिया प्लॉट स्थित हरिजन-आदिवासी बस्ती में मंगलवार को अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग शिवकुमार उर्फ दारा कोल के घर से शुरू हुई, जिसमें घर ग्रहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। यह बस्ती लगभग 500 घरों की घनी आबादी वाली है। स्थानीय लोगों की सतर्कता से आग को फैलने से रोका गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों ने बाल्टियों और हैंडपंप के पानी से आग बुझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद फायर ब्रिगेड मौके पर नहीं पहुंची। रास्ता न होने का हवाला देकर फायर ब्रिगेड ने आने से इनकार कर दिया। फिलहाल आग लगने के कारण स्पष्ट नहीं हैं। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से तत्काल सहायता और मुआवजे की मांग की है।

## तराई आंचल के पुलिस थानों में आधे से ज्यादा खाली पदों पर नियुक्ति की मांग

**जवा ब्यूरो।** रीवा जिले के तराई आंचल यूपी सीमा से लगा पुलिस अनुभाग डभौरा पुलिस बल की भारी कमी से जूझ रहा है। संवाददाता को क्षेत्र के समाजसेवियों ने बताया कि पुलिस अनुभाग डभौरा अंतर्गत आने वाले पुलिस थाना जवा, पुलिस थाना पनवार, पुलिस थाना अतरैला, पुलिस थाना डभौरा मे पुलिस बल की भारी कमी है। शासन द्वारा स्वीकृति आरक्षक प्रधान आरक्षक सहायक उपनिरीक्षक वाहन चालक कंम्पयूटर ऑपरेटर के आधा से ज्यादा पद खाली पड़े हुए हैं, एक ओर थानों में पुलिस बल की कमी के चलते जहां विभागीय कार्य प्रभावित होता है, वही बढ़ते अपराध नशाखोरी चोरी लूट सहित अन्य अपराधिक घटनाओं का खुलासा तक नहीं हो पाता है, जिसका खामियाजा आम जनमानस को भुगतना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि पुलिस अनुभाग डभौरा अंतर्गत आने वाले पुलिस थाना जवा में स्वीकृत 20 पदों में सहायक उपनिरीक्षक के 2पद, प्रधान आरक्षक के 3पद, आरक्षक के 6पद, खाली पड़े हुए हैं, पुलिस थाना अतरैला में सहायक उपनिरीक्षक के 1, प्रधान आरक्षक के 3पद, आरक्षक के 5पद खाली पड़े हुए हैं, पुलिस थाना पनवार में सहायक उपनिरीक्षक के 2पद, प्रधान आरक्षक 3पद, आरक्षक के 7 पद खाली पड़े हुए हैं, पुलिस थाना डभौरा में सहायक उपनिरीक्षक 1, प्रधान आरक्षक 3,आरक्षक 5पद खाली पड़े हैं, पनवार थाना अंतर्गत पुलिस चौकी बीरपुर में सहायक उपनिरीक्षक 1पद, प्रधान आरक्षक 1 पद, आरक्षक के 6 पद खाली होने से पुलिस चौकी बीरपुर में ताला लटका हुआ है जिसके चलते चौकी बीरपुर एवं डभौरा थाना अंतर्गत हड़हाई चौकी में भी पुलिस बल की भारी कमी के चलते चौकी में ताला लगा हुआ है। पुलिस बल की कमी के चलते गश्त सहित समस्त विभागीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इस संबंध में विभागीय सूत्रों का कहना है कि पहुंच वाले थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस बल अपने राजनीतिक ऊंची पकड़ एवं पैसे के दम पर मनचाहे रीवा शहर एवं नेशनल हाईवे के थानों में अपनी पदस्थापना करवा लेते हैं जिसका खामियाजा ग्रामीण में स्थित थाना प्रभारियों को भुगतना पड़ता है।

## टी-20 विश्व कप इतिहास के सबसे अधिक रन वाले मैच में बुमराह की गेंदबाजी ने दिलाई जीत

# इतिहास रचने से एक जीत दूर भारत

जेएनएन, मुंबई

संजू सैमसन के तूफानी अर्धशतक से गत चैंपियन भारत ने टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में गुरुवार को जैकब बेथेल के आक्रामक शतक के बावजूद इंग्लैंड को सात रन से हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बनाई। भारत रिकॉर्ड चौथी बार टी-20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचा है। भारत के 254 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम बेथेल (105 रन) के शतक और विल जैक्स (35) के साथ उनकी पांचवें विकेट की 77 तथा सैम कुरेन (18) के साथ छठे विकेट की 50 रन की साझेदारी के बावजूद सात विकेट पर 246 रन ही बना सकी। भारत की ओर से हार्दिक पंड्या ने 38 रन देकर दो विकेट चटकाए। बुमराह ने चार ओवर में सिर्फ 33 रन देकर एक विकेट हासिल किया, जो निर्णायक साबित हुआ। वरुण चक्रवर्ती ने 64 रन लुटाकर एक विकेट चटकाया, जो इस प्रारूप में भारत की ओर से सबसे महंगे स्पैल है। सैमसन ने इससे पहले 15 रन के स्कोर पर मिले जीवनदान का फायदा उठाते हुए 42 गेंद में 89 रन की पारी खेलने के अलावा इशान किशन (39 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 45 गेंद में 97 और शिवम दुबे (43 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 22 गेंद में 43 रन की साझेदारी की, जिससे भारत ने सात विकेट पर 253 रन बनाए, जो टूर्नामेंट के इतिहास में नॉकआउट मुकाबलों का सर्वोच्च स्कोर है। भारत की पारी में 19 छक्के लगे, जो टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

- भारत ने इस तरह चौथी बार टी20 विश्व कप के खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया है। भारतीय टीम इससे पहले 2007, 2014 और 2024 में फाइनल में जगह बना चुकी है। वहीं इंग्लैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका तीन-तीन बार फाइनल में पहुंचा है।
- भारत ने टी-20 में छठी बार 250+ रनों का आंकड़ा पार किया है, जो सर्वाधिक है। भारत ने इस मामले में सनराइजर्स हैदराबाद को पीछे छोड़ा। सनराइजर्स ने टी-20 में पांच बार 250 रनों का आंकड़ा पार किया है। वहीं, वेस्टइंडीज, जिम्बाब्वे और सरे ने टी-20 में तीन-तीन बार 250+ रन बनाए हैं।
- भारत ने मैच में 19 छक्के लगाए हैं। टीम टी-20 विश्व कप की एक पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने वाली टीमों में शामिल हो गई है। भारत के साथ ही नीदरलैंड और वेस्टइंडीज ने भी टी-20 विश्व कप की एक पारी में 19 छक्के लगाए हैं। भारत ने इससे पहले जिम्बाब्वे के खिलाफ मौजूदा टूर्नामेंट में 17 छक्के लगाए थे।



### सैमसन की तूफानी पारी

प्लेयर ऑफ द मैच सैमसन को 15 के निजी स्कोर पर ही जीवनदान मिला था, जब मिडऑन पर ब्रूक ने उनका आसान कैच गिराया था। इसके बाद उन्होंने 42 गेंदों में 89 रनों की जोरदार पारी खेल डाली। भारत ने अभिषेक शर्मा के रूप में पहला विकेट केवल 20 के स्कोर पर ही गंवा दिया था। इशान किशन ने 18 गेंदों में 39 रन बनाते हुए सैमसन के साथ दूसरे विकेट के लिए केवल 45 गेंदों में 97 रनों की साझेदारी कर डाली। पहले 10 ओवर के बाद भारत ने दो विकेट के नुकसान पर 119 रन बना लिए थे। दुबे को प्रमोट किया गया और उन्होंने इसका पूरा लाभ लेते हुए केवल 25 गेंदों में 43 रनों की शानदार पारी खेली। हार्दिक पंड्या ने 12 गेंदों में 27 और तिलक वर्मा ने केवल सात गेंदों में 21 रन बनाते हुए भारत की पारी को मजबूत अंत दिया।

### टी-20 विश्व कप में सबसे बड़े स्कोर

| टीम | स्कोर | विरुद्ध | स्थान | साल |
|---|---|---|---|---|
| श्रीलंका | 260/6 | केन्या | जोहनिस्बर्ग | 2007 |
| भारत | 256/6 | जिम्बाब्वे | चेन्नई | 2026 |
| वेस्टइंडीज | 254/6 | जिम्बाब्वे | मुंबई | 2026 |
| भारत | 253/7 | इंग्लैंड | मुंबई | 2026 |
| आयरलैंड | 235/5 | ओमान | कोलंबो | 2026 |

### इंग्लैंड ने पावरप्ले में गंवाए तीन विकेट

इंग्लैंड ने पावरप्ले में ही सॉल्ट, ब्रूक और बटलर के बड़े विकेट गंवा दिए थे। हालांकि, बेथेल ने बुमराह की गेंद पर छक्का लगाकर अपना खाता खोला था और अपने इरादे भी साफ कर दिए थे। बेथेल ने फिर पावरप्ले के आखिरी ओवर में वरुण को लगातार तीन छक्के जड़े। पावरप्ले में इंग्लैंड ने 68 रन बनाए, जो भारत के पावरप्ले स्कोर से एक रन अधिक थे। 10 ओवर के बाद इंग्लैंड स्कोर 119 था, जो भारत के उस समय के स्कोर के बराबर ही था, लेकिन उन्होंने दो विकेट अधिक गंवाए थे। बेथेल ने 19 गेंदों में पचासा पूरा किया, जो विश्व कप में इंग्लैंड के लिए तेज पचासा था। पांचवें विकेट के लिए जैक्स और बेथेल के बीच 39 गेंदों में 77 रनों की साझेदारी हुई। जैक्स ने पहली 13 गेंदों में केवल 16 रन बनाए थे, लेकिन इसके बाद उन्होंने गियर बदले और कुछ बड़े शॉट्स लगाए।

### स्कोर बोर्ड

**भारतः 253/7 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सैमसन का. सॉल्ट बो. जैक्स | 89 | 42 | 8 | 7 |
| अभिषेक का. सॉल्ट बो. जैक्स | 9 | 7 | 2 | 0 |
| किशन का. जैक्स बो. रशीद | 39 | 18 | 4 | 2 |
| शिवम दुबे रनआउट | 43 | 25 | 1 | 4 |
| सूर्यकुमार का. बटलर बो. राशिद | 11 | 6 | 0 | 1 |
| हार्दिक पंड्या रनआउट | 27 | 12 | 3 | 2 |
| तिलक वर्मा बो. आर्चर | 21 | 7 | 0 | 3 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 2 | 2 | 0 | 0 |
| वरुण चक्रवर्ती नाबाद | 0 | 1 | 0 | 0 |


**अतिरिक्तः** 12, **कुलः** 20 ओवर में सात विकेट पर 253 रन, **विकेट पतनः** 1-20, 2-117, 3-160, 4-190, 5-212, 6-236, 7-251, **गेंदबाजीः** आर्चर 4-0-61-1, विल जैक्स 4-0-40-2, जेमी ओवर्टन 3-0-36-0, सैम कुरेन 4-0-53-0, आदिल राशिद 4-0-41-2, डॉसन 1-0-19-0.

**इंग्लैंडः 246/7 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सॉल्ट का. अक्षर बो. हार्दिक | 5 | 3 | 1 | 0 |
| जॉस बटलर बो. वरुण | 25 | 17 | 4 | 1 |
| ब्रूक का. अक्षर बो. बुमराह | 7 | 6 | 1 | 0 |
| जैकब बेथेल रनआउट | 105 | 48 | 8 | 7 |
| टॉम बैंटन बो. अक्षर | 17 | 5 | 1 | 2 |
| जैक्स का. शिवम बो. अर्शदीप | 35 | 20 | 4 | 2 |
| कुरेन का. वर्मा बो. हार्दिक | 18 | 14 | 2 | 0 |
| जेमी ओवर्टन नाबाद | 2 | 3 | 0 | 0 |
| जोफ्रा आर्चर नाबाद | 19 | 4 | 0 | 3 |

**अतिरिक्तः** 13, **कुलः** 20 ओवर में सात विकेट पर 246 रन, **विकेट पतनः** 1-13, 2-38, 3-64, 4-95, 5-172, 6-222, 7-225, **गेंदबाजीः** अर्शदीप 4-0-51-1, हार्दिक पंड्या 4-0-38-2, बुमराह 4-0-33-1, वरुण चक्रवर्ती 4-0-64-1, अक्षर पटेल 3-0-35-1, शिवम दुबे 1-0-22-0.




● विल जैक्स भारत की शानदार फील्डिंग का शिकार बने। उन्होंने अर्शदीप की फुलटॉस पर बड़ा शॉट खेला और बाउंड्री पर अक्षर ने कैच लपक लिया, लेकिन बाउंड्री से बाहर जाने लगे तो गेंद दुबे की ओर बढ़ा दी, जिन्होंने इसे लपक लिया और यादगार कैच बना दिया। यह कैच न सिर्फ जैक्स (जिन्होंने 28 रन बनाए) को आउट करने में सफल रहा, बल्कि इंग्लैंड की पारी को झटका भी दिया।

## खेल एक नजर

### एशियाई कपः ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद ईरान की राह हुई मुश्किल

**गोल्ड कोस्ट ( ऑस्ट्रेलिया ), जेएनएन।** युद्ध ग्रस्त ईरान को एएफसी महिला एशियाई कप के मैच में मेजबान ऑस्ट्रेलिया से 0-4 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले सोमवार को दक्षिण कोरिया से 0-3 की हार से पहले ईरान की खिलाड़ियों और प्रबंधन ने राष्ट्रगान के दौरान चुप्पी साधी थी, जिसने सुर्खियां बटोरी थीं। लगातार दो हार के बाद ईरान को क्वार्टरफाइनल में पहुंचने और अगले साल ब्राजील में होने वाले फीफा महिला विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने की उम्मीद बनाए रखने के लिए रविवार को फिलीपींस के खिलाफ बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी। ऑस्ट्रेलिया के लिए एमी सेयर, मैरी फाउलर ने 27वें के एक-एक गोल के बाद अलाना केन्नेडी ने 35वें और 58वें मिनट में ने दो गोल दाग टीम की जीत सुनिश्चित कर दी।

### हेनरी को दोहरी खुशी, पत्नी ने दिया बेटे को जन्म, न्यूजीलैंड फाइनल में

**कोलकाता, जेएनएन।** घर पर अपने बेटे के जन्म का जश्न मनाने से लेकर टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में निर्णायक अंतिम ओवर फेंकने तक न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने भावनाओं से भरे सप्ताह का समापन किया। न्यूजीलैंड ने टी-20 विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया। हेनरी 27 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ न्यूजीलैंड के मैच के बाद अपने बच्चे के जन्म के लिए घर लौट गए थे। वह बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल से कुछ घंटे पहले कोलकाता में टीम में फिर से शामिल हो गए थे। थका देने वाली यात्रा के बावजूद इस तेज गेंदबाज ने सबसे अहम समय पर शानदार प्रदर्शन किया और 34 रन देकर दो विकेट लिए। हेनरी ने मैच के बाद कहा कि बच्चे के जन्म के समय घर पर होना वाकई बहुत खास था। हॉली और जैक दोनों अच्छे हैं। एनाबेल बड़ी बहन बनकर बहुत खुश है। सब ठीक है। अपनी थका देने वाली यात्रा के बारे में उन्होंने कहा कि सच कहूं तो जब मैं वापस लौट रहा था, तो मैंने रास्ते में खूब नींद ली जो मेरे लिए बहुत जरूरी था। मैं बेटे के जन्म के लिए घर जाना चाहता था, लेकिन सेमीफाइनल के लिए वापस लौटकर अच्छा लग रहा है।



### भारत ने स्वीडिश क्लब अल्व्सजो एआईके के खिलाफ किए पांच गोल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत की अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को स्वीडन के लिडिंगो स्थित बोसन नेशनल स्पोर्ट्स सेंटर में खेले गए मैत्री मैच में स्वीडिश क्लब अल्व्सजो एआईके को 5-2 से हराया। भारत की तरफ से लिहिंगदेइकिम ने हैट्रिक बनाई। उन्होंने पहले मिनट, 20वें मिनट (पेनल्टी) और 59वें मिनट में गोल दागे। सिंडी कोल्ली (34वें मिनट) और सुलांजना राउल (90वें मिनट) ने एक-एक गोल किया। भारतीय टीम के मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडर्सन ने दो बदलाव करके गोलकीपर मोनालिशा देवी और विंगर भूमिका देवी को अपनी शुरुआती एकादश में शामिल किया था।

## एकमात्र टेस्ट मैच आज सुबह 10:50 बजे से, प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डे नाइट टेस्ट आज से, भारत की निगाह लगातार चौथी जीत पर

जेएनएन, पर्थ

वनडे सीरीज में करारी हार के बाद भारतीय महिला टीम पिछले लगभग पांच साल में पहली बार जब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाले एकमात्र डे नाइट टेस्ट क्रिकेट मैच में उतरेगी तो जीत हासिल करने के लिए उसकी सीनियर खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। इस मैच के साथ ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बहु प्रारूप वाली सीरीज का भी समापन होगा, जिसमें भारत ने टी-20 सीरीज 2-1 से, जबकि आस्ट्रेलिया ने वनडे सीरीज 3-0 से जीती थी। पिछले पांच टेस्ट मैचों में अजेय रहने के बाद भारत का आत्मविश्वास चरम पर होगा। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम ने दिसंबर 2023 से जुलाई 2024 के बीच लगातार तीन टेस्ट मैच जीते, जिनमें इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका को घरेलू मैदान पर हराना शामिल है। भारत ने इससे पहले विदेश में खेले गए पिछले दो टेस्ट मैच 2021 में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ड्रॉ कराए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसने उस साल सितंबर-अक्टूबर में डे नाइट टेस्ट खेला था, जिसमें स्मृति मंधाना ने शतक जमाया था। इस बहु प्रारूप वाली सीरीज में ऑस्ट्रेलिया अभी 8-4 से आगे है। भारत अगर जीत हासिल करता है, तो वह कम से कम इस सीरीज को ड्रॉ करा सकता है। भारतीय टीम ने दिसंबर 2023 में वानखेड़े स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच आठ विकेट से जीतकर इतिहास रचा था।



### पिच और परिस्थितियां

इस सीजन शेफील्ड शील्ड के मैच थोड़ा गेंदबाजों के पक्ष में झुके रहे हैं। मैच से एक दिन पहले पिच पर घास की अच्छी परत दिखाई दी। पहले दिन बल्लेबाजी मुश्किल हो सकती है, लेकिन बाद में पिच सपाट हो सकती है और मैच के आगे बढ़ने पर स्पिन भी असर डाल सकता है। शनिवार को तापमान लगभग 40 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है।



- सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर सकती हैं। रावल भारतीय टीम में शामिल उन सात भारतीय खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्होंने अभी तक टेस्ट मैच नहीं खेला है। अभी तक टेस्ट मैच नहीं खेलने वाली भारतीय खिलाड़ियों में बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी, क्रांति, सतघरे और काशवी शामिल हैं। भारतीय टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण है। भारत की वनडे विश्व कप विजेता टीम की सदस्य रही क्रांति और अमनजोत टेस्ट में पदार्पण कर सकती हैं। ऑस्ट्रेलिया अपनी कप्तान एलिसा हीली को शानदार विदाई देने के लिए प्रतिबद्ध होगा, जो अपना 299वां और अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेंगी।

### संभावित एकादश

**भारतः** स्मृति मांधना, प्रतिका रावल, शेफाली वर्मा, जेमिमाह रॉड्रिग्स, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), दीप्ति शर्मा, रिचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर/सायली सातघरे, काश्वी गौतम, स्नेह राणा, क्रांति गौड़।

**ऑस्ट्रेलियाः** फीबी लिचफील्ड, जॉर्जिया वॉल, एलिस पेरी, अलिसा हीली (कप्तान), एनाबेल सदरलैंड, बेथ मूनी (विकेटकीपर), ऐश गार्डनर, तालिया मक्ग्रा, अलाना किंग, लूसी हैमिल्टन, डार्सी ब्राउन।

## ऑल इंग्लैंड : लोंग एंगस को हराकर सेन क्वार्टर फाइनल में

**बर्मिंघम, जेएनएन।** भारतीय शटलर लक्ष्य सेन ने प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस को कड़े मुकाबले में हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर काबिज लक्ष्य ने रैंकिंग में शीर्ष-10 खिलाड़ी रह चुके लोंग को तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में 21-19, 21-23, 21-10 से पराजित किया। इस टूर्नामेंट के 2022 सत्र के उपविजेता रह चुके लक्ष्य अब क्वार्टर फाइनल में चीन के छठी वरीयता प्राप्त ली शी फेंग या आयरलैंड के न्हात गुयेन में से किसी एक से भिड़ेंगे। विश्व चैंपियनशिप (2021) के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य इससे पहले लोंग के खिलाफ खेले तीनों मैचों में हार का सामना कर चुके थे। वह पहले गेम की शुरुआत में 4-6 से पीछे चल रहे थे। उन्होंने हालांकि शानदार वापसी करते हुए 15-11 की बढ़त बना ली और आक्रामक रिटर्न तथा सटीक प्लेसमेंट से दबाव बनाए रखा। लक्ष्य ने सटीक ओवरहेड शॉट से स्कोर 17-13 कर दिया, लेकिन लोंग ने जोरदार जवाब देते हुए अंतर कम कर लिया। 19-19 की बराबरी के बाद लक्ष्य ने एक और दमदार स्मैश से गेम प्वाइंट हासिल किया और प्रतिद्वंद्वी का शॉट बाहर जाने पर पहला गेम अपने नाम कर लिया।



## माघसूदलू ने गुकेश को ड्रॉ पर रोका

**प्राग ( चेक गणराज्य ) जेएनएन।** विश्व चैंपियन डी गुकेश की जीत की तलाश जारी रही जब ईरान के परहम माघसूदलू ने प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के मास्टर्स वर्ग के सातवें दौर में भारतीय खिलाड़ी को ड्रॉ पर रोक दिया। प्रतियोगिता में अब सिर्फ दो दौर बाकी हैं और गुकेश दो अंक के साथ आखिरी स्थान पर हैं। गुकेश और माघसूदलू 49 चाल के बाद बाजी को ड्रॉ कराने पर सहमत हो गए। सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन गुकेश ने चार बाजी ड्रॉ खेली, जबकि तीन बाजियों में उन्हें शिकस्त का सामना करना पड़ा। अन्य भारतीयों में गत चैंपियन अरविंद चिदंबरम ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकूबोव के साथ ड्रॉ खेला और सात बाजियों बाद उनके 3.5 अंक हैं। सातवें दौर में जीत दर्ज करने वाले एकमात्र खिलाड़ी जर्मनी के विन्सेंट केमर थे।

## जिम्बाब्वे के खिलाड़ियों का पहला जत्था भारत से रवाना

**नई दिल्ली, जेएनएन।** खाड़ी क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र पर लगाए गए प्रतिबंधों के कारण टी-20 विश्व कप से बाहर होने के बाद भी भारत में फंसी जिम्बाब्वे की क्रिकेट टीम आईसीसी के हस्तक्षेप के बाद आखिरकार स्वदेश रवाना हो गई। जिम्बाब्वे के लिए यह टी-20 विश्व कप यादगार रहा। उसने ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका को हराकर सुपर आठ में जगह बनाई, लेकिन उससे आगे नहीं बढ़ पाया। जिम्बाब्वे की टीम को दो मार्च को स्वदेश रवाना होना था, लेकिन एक मार्च को नई दिल्ली में दक्षिण अफ्रीका से पांच विकेट से हारने के बाद उसकी टीम यहीं फंस गई थी।

### वेस्टइंडीज टीम के लिए चार्टर्ड उड़ान का इंतजाम


**कोलकाता, जेएनएन।** वेस्टइंडीज टीम के घर लौटने के लिए चार्टर्ड उड़ान का इंतजाम किया गया है। वेस्टइंडीज के कोच डेरेन सैमी ने पोस्ट किया, एक अपडेट मिला। वेस्टइंडीज बस यही चाहता था। इससे कुछ घंटे पहले सैमी ने सोशल मीडिया पर अपनी निराशा जाहिर की थी। सैमी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मैं बस घर जाना चाहता हूं। चार घंटे बाद वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान ने अपनी यात्रा योजनाओं पर स्पष्टता मांगते हुए एक और पोस्ट किया। सैमी ने लिखा, कम से कम एक अपडेट तो दो, हमें कुछ तो बताओ। आज कल, अगले हफ्ते। पांच दिन हो गए हैं।

## श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड में किए जाएंगे बदलाव

**कोलंबो, जेएनएन।** श्रीलंका के टी-20 विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अब देश के क्रिकेट बोर्ड में आमूलचूल बदलाव हो सकता है, क्योंकि देश के खेल मंत्री सुनील कुमार गामागे ने गुरुवार को कहा कि खेल को नया स्वरूप देने के लिए एक अंतरिम समिति के गठन पर विचार किया जा रहा है। श्रीलंका सुपर आठ में अपने सभी मैच हार गया था और इस तरह से सेमीफाइनल में जगह नहीं बना पाया था। गामागे ने कहा, खेल ढांचे को नए सिरे से तैयार करने के लिए श्रीलंका क्रिकेट का प्रशासन एक अंतरिम समिति को सौंपने के लिए आईसीसी के साथ बातचीत चल रही है। एसएलसी के वर्तमान अध्यक्ष शम्मी सिल्वा का कार्यकाल मई 2027 तक है।

## साका के गोल से आर्सेनल ने ब्राइटन को हराया, खिताब का दावा मजबूत

**लंदन, जेएनएन।** आर्सेनल ने ब्राइटन को 1-0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में खिताब जीतने की अपनी संभावना मजबूत कर दी है। शीर्ष पर काबिज आर्सेनल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी मैनचेस्टर सिटी पर सात अंक की बढ़त बना ली है, जिसने एक अन्य मैच में नॉटिंघम फॉरेस्ट के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर 2-2 से ड्रॉ खेला। बुधवार को खेले गए मैच के स्टॉपेज टाइम के आठ मिनट बाद मैनचेस्टर सिटी को जीत हासिल करने का सुनहरा मौका मिला था, लेकिन स्थानापन्न खिलाड़ी साविन्हो के शॉट को गोल लाइन के पास से क्लियर कर दिया गया। एर्लिंग हालैंड इस मैच में नहीं चल पाए, जिससे मैनचेस्टर सिटी को नुकसान हुआ। राइट विंगर बुकायो साका का नौवें मिनट में किया गया गोल आर्सेनल को जीत के लिए काफी था। इस जीत से आर्सेनल के 30 मैच में 67 अंक हो गए हैं, जबकि मैनचेस्टर सिटी के 29 मैच में 60 अंक हैं। इस बीच नए कोच माइकल कैरिक के नेतृत्व में मैनचेस्टर यूनाइटेड का लगातार सात मैचों का अजेय क्रम न्यूकैसल के हाथों 2-1 की हार के साथ समाप्त हो गया।



प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग की बैठक 12 मार्च को

**रीवा।** मध्यप्रदेश प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग भोपाल की अध्यक्षता में संभागीय बैठक 12 मार्च को आयोजित की जाएगी। बैठक कमिश्नर कार्यालय सभागार में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक होगी। बैठक में आईजी, डीआईजी, संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, एसपी और संभागीय अधिकारियों से उपस्थिति का अनुरोध किया गया है।



**गेहूं खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 7 मार्च तक**

**रीवा।** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीद की जाती है। समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 7 फरवरी से शुरू है। पंजीयन 7 मार्च तक होगा। किसान एमपी किसान एप, ई-उपार्जन पोर्टल तथा ई-उपार्जन मोबाइल ऐप पर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

## लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**रीवा।** लेखा प्रशिक्षण सत्र 2026 के लिए लिपिक वर्गीय कर्मचारियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। आवेदन पत्र 16 मार्च तक लेखा प्रशिक्षण शाला में दो प्रतियों में स्वीकार किये जायेंगे। प्राचार्य विश्वम्भर प्रसाद चतुर्वेदी ने बताया कि एक अप्रैल से 30 जून तक लेखा प्रशिक्षण का नियमित सत्र आयोजित होगा। प्रशिक्षण के लिए शाला में प्रवेश पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिया जायेगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी प्राचार्य लेखा प्रशिक्षण शाला शिल्पी प्लाजा ए-ब्लॉक द्वितीय तल से प्राप्त की जा सकती है।

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
Kamta
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311

## किराना दुकान में भीषण आगजनी लाखों की सामग्री जलकर खाक

### गढ़ कस्बे में समाने आई घटना



**जागरण, रीवा।** गढ़ थाना क्षेत्र के एनएच 27 में स्थित किराना दुकान में भीषण आगजनी का मामला सामने आया है। आगजनी में दुकान संचालक का लाखों की किराना सामग्री जलकर नष्ट हो गई। फिलहाल आगजनी के कारण स्पष्ट नहीं हो सके है। मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार की अलसुबह संदीप किराना स्टोर में भीषण आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना गढ़ पुलिस और दमकल को दी जिसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। बताया गया कि स्थानीय ग्रामीण सुशील गुप्ता ने गढ़ थाना प्रभारी अवनीश पाण्डेय को आगजनी की सूचना दी थी, जिसके बाद मनगवां और सोहागी से दमकल वाहन पहुंचे और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया गया। परिवार के बड़े भाई सुजीत गुप्ता द्वारा जानकारी दी गई की दुकान का सामान मिलाया जा रहा है, मिलान के बाद ही वास्तविक नुकसान का आकलन किया जाएगा, क्योंकि दुकान काफी पुरानी और बड़ी थी। बहरहाल आग किन कारणों से लगी यह स्पष्ट नहीं हो सका है। थाना प्रभारी अवनीश पांण्डेय ने बताया गया कि नुकसान की रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुई है, रिपोर्ट के बाद ही वास्तविक स्थिति की जानकारी पता लग सके गी। आगजनी के कारणों का पता लगााया जा रहा है।

### मऊगंज जिले में एक बार फिर गड़रा कांड की पुनरावृत्ति?

# होली के दिन दलित बस्ती के लोगों ने पटेल के घर में बोला धावा, एक की मौत, कई घायल





### प्रेम प्रसंग की पुरानी रंजिश को लेकर घटना को दिया अंजाम

### हनुमना थाना क्षेत्र के ढाबा गौतमान गांव की घटना, मारपीट के बाद मौत पर रहा तनाव,





जागरण, रीवा

ठीक एक साल बाद मऊगंज जिले में एक बार फिर गड़रा कांड की पुनरावृत्ति हुई। हनुमना थाना क्षेत्र के ढाबा गौतमान में समूह बना कर दलित बस्ती के लोगों ने दूसरी जाति के एक परिवार के घर पर धवा बोल दिया। इस दौरान दोनों पक्षों में हुई मारपीट में पटेल परिवार के एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह घटना भी ठीक होली के दिन हुई। घटना प्रेम प्रसंग की पुरानी रंजिश को लेकर बतायी जा रही है। घटना के बाद गांव में भारी तनाव की स्थिति रही और गांव को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया था। आहत पक्ष के लोगों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर शव सड़क में रखकर प्रदर्शन भी किया। हालांकि समझाइश के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक स्थिति शांतिपूर्ण बतायी जा रही है।

दरअसल ढाबा गौतमान गांव में फगुआ के दिन दो पक्षों में पुरानी रंजिश को लेकर खूनी संघर्ष हुआ। बताया जा रहा है कि प्रेम प्रसंग का पुराने मामले को लेकर दोनों पक्षों के लोगों के साथ पहले वाद विवाद शुरू हुआ जिसके बाद साकेत परिवार के दर्जनभर से अधिक लोग लाठी डंडा और पत्थर से हमला कर दिए। मारपीट की इस घटना में रघुवीर पटेल की मौत हो गई। जबकि मृतक का बेटा पूरन लाल पटेल उसकी माँ फगुनी पटेल घायल हुए थे। अधेड़ की मौत के बाद गुरुवार को पीएम के बाद उसका शव परिजनों को सुपुर्द किया गया लेकिन परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। आरोपियों पर कार्रवाई व उनका घर गिराने की मांग को लेकर परिजनों ने जमकर बवाल किया। इस दौरान मऊगंज का भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। काफी समझाइश के बाद परिजन मानने को तैयार हुए जिसके बाद मृतक के शव का अंतिम संस्कार किया गया। बताया गया कि दो साल पुरानी रंजिश को लेकर जमकर बवाल हो गया। इस दौरान दोनों पक्षों से आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए वहीं गंभीर रूप से घायल 55 वर्षीय रघुवीर पटेल की इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत के बाद स्थिति तनाव पूर्ण हो गई और दोनों पक्षों से भारी भीड़ एकत्रित हो गई। घटना की सूचना पर तत्काल हनुमना शाहपुर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास की। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश और कार्रवाई के आश्वासन के बाद नाराज लोग मानने को तैयार हुए और शव का अंतिम संस्कार कराया गया। फिलहाल अब स्थित शांतिपूर्ण बताई जा रही है।

### यह है मामला

मिली जानकारी अनुसार दो साल पूर्व मृतक रघुवीर पटेल का बेटा पूरन लाल दलित बस्ती की लड़की को प्रेम प्रसंग में भगा ले गया था। बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बताया जा रहा है कि आरोपी पूरन लाल मामले में बरी हो कर जेल से छूट गया और वह घर आ गया। इस बात से दलित साकेत परिवार के लोग खुन्नस रखने लगे और गड़रा कांड की तरह ही होली का दिन चुना और दर्जनों की संख्या में रघुवीर के घर में धावा बोल दिया जिसमें दोनों पक्षों में मारपीट हुई और रघुवीर की जान चली गई। बताया जाता है लाठी डंडे से मारपीट के बाद आरोपियों ने रघुवीर के सिर पर पत्थर भी पटक दिया था। घातक चोट होने के कारण रघुवीर की उपचार दौरान सांसे थम गईं।

### दलित बस्ती के 14 आरोपियों पर दर्ज हुई एफआईआर, 6 संदेही हिरासत में

हनुमना पुलिस ने घटना में शामिल 15 आरोपियों के खिलाफ नामजद प्रकरण दर्ज किया है, जिनमें 6 संदेहियों को हिरसात में लिया गया है। बताया गया कि घटना के बाद से पुलिस आरोपियों की तलाश में लगी हुई है। पुलिस ने मामले में आरोपी बुद्धसेन साकेत, राजेश साकेत, मकरी उर्फ अगनू साकेत, सुमारे साकेत, राममिलन साकेत, लल्लू साकेत, मनोज साकेत, श्रीकांत साकेत, पवन साकेत, विमलेश साकेत, संदीप साकेत, संदीप साकेत, राजू साकेत, बुटनी साकेत, कंचना साकेत व निवसिया साकेत सभी निवासी ढाबा गौतमान हनुमना मऊगंज के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

> ढाबा गौतमान गांव में साकेत परिवार के लोगों ने पटेल परिवार पर जानलेवा हमला किया, जिसमें घायल एक की मौत हो गई। संदेहियों को हिरासत में लिया गया है, स्थिति अब पूरी तरह नियंत्रण में है।
>
> **अनिल काकड़े**
> **थाना प्रभारी हनुमना**

## एक्सीडेंट नहीं, युवक की हुई थी हत्याः 4 गिरफ्तार

### मछली खाने को लेकर हुए विवाद के बाद मारपीट में गई थी जान

### पीएम रिपोर्ट के बाद अतरैला पुलिस ने की कार्रवाई



**जागरण, रीवा।** अतरैला थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक की मौत का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। युवक की एक्सीडेंट से मौत होने की सूचना पुलिस को मिली थी, जिसके बाद पुलिस ने शव का पीएम करवाया। पीएम रिपोर्ट में सामने आया कि युवक की मौत मारपीट से हुई है, जिसके बाद पुलिस ने हत्या का मामला पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना शुरू की। पुलिस ने घटना में शामिल 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरी घटना का खुलासा किया है। बताया गया कि पुलिस ने मृतक के माता-पिता एवं परिजनों के कथन एवं घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित कर पी. एम रिपोर्ट प्राप्त होने पर मृतक दुर्गेश कोल की मृत्यु मारपीट से होना पायी, जिसके बाद प्रकरण में धारा 103(1), 238,3 (5) बीएनएस एवं 3 (2)1 एससी एसटी एक्ट का प्रकरण कायम किया गया। बताया गया कि उक्त घटना का सूचनाकर्ता जो मामले का आरोपी था, उसी ने अपने साथियों के साथ मारपीट कर मृतक की हत्या की और घटना को एक्सीडेन्ट का स्वरूप बनाकर पुलिस को सूचना देकर गुमराह करने की कोशिश की गई। परिजनों के कथन एवं सन्देहियों से पूछताछ करने पर पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा, जिन्होंने बताया कि मछली खाने के विवाद को लेकर मृतक के साथ मारपीट उनके द्वारा की गई जिससे उसकी मौत हो गई। मृत्यु हो जाने के बाद आरोपी घटना को छुपाने के उद्देश्य से मृतक के शव को जेसीबी मशीन के बकेट में लादकर दूसरी जगह ले जाकर जेसीबी मशीन से मृतक के शव को चोट पहुंचकर एक्सीडेन्ट की घटना हो जाना बाताया गया था। पुलिस ने मामले में आरोपी कल्किदेव दुबे पिता कृष्णदेव द्विवेदी, कृष्ण देव द्विवेदी उर्फ के.डी. पिता गंगादास द्विवेदी, आशीष माझी पिता मल्लू माझी, दिलीप माझी पिता गुलाब माझी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

## 5 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ दो पकड़ाए



**रीवा।** नईगढ़ी पुलिस ने शराब तस्करी कर रहे दो आरोपियों को पकड़ा जिनके कब्जे से अवैध महुआ शराब जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। बताया गया कि शराब तस्कर तस्करी का नया-नया तरीका अपना रहे हैं। होली के त्योहार पर पुलिस द्वारा जगह-जगह नाकेबंदी कर चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान संदेह के आधार पर नईगढ़ी पुलिस ने बाइक चालक अजय कोल उम्र 25 वर्ष निवासी करह थाना शाहपुर जिला मऊगंज को रोक कर तलाशी ली तो झोले में सब्जी भरी थी और सब्जी के अंदर महुआ शराब मिली। पुलिस द्वारा 5 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब के साथ तस्कर को अभिरक्षा में लेकर अवैध शराब तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त कर आरोपी के खिलाफ मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। इसी तरह एक अन्य महुआ शराब तस्कर कुलदीप कोल उम्र 50 वर्ष निवासी खैरा थाना शाहपुर को पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान 5 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार कर विधि संगत वैधानिक कार्यवाही की गई।

## सोलर प्लेट साफ कर रहे युवक की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत

### चोरहटा थाना क्षेत्र की घटना



**जागरण, रीवा।** शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत होली के दिन सोलर पैनल साफ कर रहा युवक हाइटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। घटना में युवक की मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक युवक शहर के एक प्रतिष्ठित व्यापारी के आवास में लगे सोलर पैनल प्लेट का पैनल साफ करने गया था जहां वह अनहोनी का शिकार हो गया। बताया गया कि सोलर प्लेट की सफाई करने गए युवक आशीष गौतम अचानक बिजली के करंट के चपेट में आ गया और इसी दौरान वो छत से गिर गया। आनन फानन में घायल को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने घटना को लेकर गंभीर आरोप लगाए है। पूरे मामले में चोरहटा पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में लगी हुई है। परिजनों के मुताबिक मृतक आशीष खुद की एक छोटी सोलर कंपनी चलाता था। होली के त्योहार की छुट्टी होने के बावजूद उसे काम पर बुलाया गया था, सफाई के दौरान आशीष छत के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। करंट लगने से वह बुरी तरह झुलस गया और अनियंत्रित होकर छत से नीचे गिर पड़ा, जिससे उसका सिर फट गया। परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि हादसे के बाद काफी समय तक युवक को अस्पताल नहीं पहुंचाया गया। कंपनी के कर्मचारियों ने आशीष के छोटे भाई को फोन किया, जिसके बाद भाई ने उसे संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## होली मिलन कार्यक्रम में विवादः हाइवे में हुई मारपीट का वीडियो वायरल



**रीवा।** शहर के समान थाना क्षेत्र अंतर्गत एक होटल में होली मिलन समारोह के दौरान हुए विवाद के बीच सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया। पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल है। समान थाना पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक शहर के समान थाना क्षेत्र अंतर्गत एक नामी होटल में होली के दिन होली मिलन पार्टी का आयोजन किया गया था। बताया गया है कि पार्टी में शामिल होने कटनी से व्यापारियों के परिवार आए हुए थे। यहां चल रही पार्टी के दौरान किसी बात को लेकर होटल प्रबंधन और पार्टी में शामिल लोगों के बीच कहासुनी हो गई, जिसके बाद देखते ही देखते विवाद की स्थित निर्मत हो गई। बताया गया कि पार्टी में शामिल होने आए कटनी के व्यापारियों को दौड़ा-दौड़ा कर नेशनल हाइवे में डंडे और बेल्ट से पीटा गया। वीडियो में युवक अपनी जान बचाकर भागते नजर आ रहे हैं। घटना की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची सामान पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए मामले को शांत कराया और पीड़ित परिवार की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
समय-प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
परामर्शः- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेषः- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
परामर्श क्लीनिक : शॉप नं. 86 तानसेन कॉप्लेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

माधव पब्लिक स्कूल
कक्षाएं Nursery to 8th
माध्यम English/Hindi Medium
प्रवेश प्रारंभ 2026-27
विशेषताएं
• योग्य अनुभवी एवं प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा अध्यापन।
• स्पोकन इंग्लिश की विशेष कक्षाएँ।
• म्यूजिक, डान्स, गायन की विशेष कला सिखाई जाती है।
• सुविधा युक्त खेल परिसर।
• सर्वसुविधा युक्त कम्प्यूटर लैब।
वाहन सुविधा
पता : कुसुम वाटिका, पोखरी टोला-रीवा (म.प्र.) मो. :9229986302

TAKSHILA INTERNATIONAL HIGH SCHOOL
Chorgadi Rewa
Vacancy
Invites applications from qualified and experience candidates for the post of-

| S.No. | Subject | Post | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | English | 01 | Graduate/ Post Graduate; B.Ed./D.Ed is Mandatory. |
| 2. | Maths | 01 | |
| 3. | Science | 01 | |
| 4. | Social Science | 01 | |
| 5. | Nursery Teacher | 02 | |
| 6. | Sanskrit | 01 | |
| 7. | Music | 01 | |

Last Date For Resume Submission is 10.03.2026
Interview will be held on 14.03.2026
Salary will be decided on the basis of Qualification, Experience and work efficiency.
Principal
9203102430, 9685673776

Minerva The Medicity A MULTI SUPERSPECIALITY HOSPITAL
मिनर्वा द मेडिसिटी
मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रीवा
जन्मजात बाल्य हृदय रोग एवं बाईपास सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क इलाज
फोर्टिस हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा
विशेष सूचना
कार्डियक सर्जरी
पुनः निःशुल्क उपलब्ध
असुविधा से बचने के लिए पूर्व में ही रजिस्ट्रेशन करवाएं
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैंड, रीवा (म.प्र.)
9893516364, 8770288324 | टोल-फ्री नंबरः- 18008892250

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
* IUI, IVF, ICSI
* फ्रोजन एंब्रिया ट्रांसफर साइकिल (FET)
* एग फ्रीजिंग
* एंब्रियो फ्रीजिंग
* स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com